3 | बस्तर संभाग
प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को...

6 | अभिमत
आतंकवाद का बढ़ता खतरा

10 | संस्कारधानी
डीसीए की टीम में बाहरी खिलाड़ियों को मौका दिए...

11 | छत्तीसगढ़
संसदीय सचिव मिंज ने किया 9 करोड़ 18 लाख के...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 31 मई 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 277 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### डॉ. आलोक शुक्ला की संविदा अवधि बढाई गई



**रायपुर।** रिटायर्ड आईएएस डॉ आलोक शुक्ला की संविदा अवधि को राज्य सरकार ने एक वर्ष के लिए बढा दिया है। डॉ शुक्ला को राज्य में कांग्रेस सरकार की बनते ही संविदा नियुक्ति दी गई थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1986 बैच के अफसर डॉ आलोक शुक्ला को रिटायर होने के बाद 3 साल की संविदा दी गई थी। जिसकी संविदा अवधि 31 मई को समाप्त हो रही थी। आलोक शुक्ला वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के साथ-साथ व्यापम के चेयरमेन का भी दायित्व संभाल रहे हैं।

### देश में कोरोना के 404 नए मामले

**नयी दिल्ली।** देश में पिछ्ले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 404 नए मामले आए हैं और इसी अवधि में एक मरीज की मौत हो गयी। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और पिछ्ले 24 घंटों में 1,695 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,67,09,286 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में सक्रिय मामलों की 206 संख्या घटकर 4,503 रह गयी है।

### मिश्र ने मसीह को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की दिलाई शपथ

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। मिश्र ने न्यायमूर्ति मसीह को राजभवन में शपथ दिलाई। उन्होंने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। वह राजस्थान उच्च न्यायालय के 41वें मुख्य न्यायाधीश बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह के प्रारम्भ में राज्य की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने जस्टिस मसीह को शपथ दिलवाने का राज्यपाल से आग्रह किया।

# सत्ता की चाबी खोजने बस्तर निकले माथुर, 12 की 12 सीटें जीतने का किया दावा

## चेहरे पर नहीं बल्कि कमल फूल पर चुनाव लड़ने की कही बात, भ्रष्टाचार होगा अहम मुद्दा

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर बस्तर में सत्ता की चाबी खोजने निकली है। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर चार दिनों के बस्तर प्रवास पर हैं। हालांकि इससे पहले प्रभारी रहीं डी पुरंदेश्वरी ने भी बस्तर में विशेष फोकस किया था। अब एक बार फिर माथुर लगातार बस्तर का दौरा कर रहे हैं। माथुर की निगाहें बस्तर की उन 12 सीटों पर है जहां पर वर्तमान में कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा यह भली-भांति जानती है कि बस्तर से ही सत्ता की राह आसान होगी। इसलिए भाजपा के तमाम नेताओं का फोकस बस्तर पर है। इसी कड़ी में प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश माथुर एक महीने के अंतराल में दूसरी बार बस्तर प्रवास पर पहुँचे हैं। चार दिवसीय बस्तर प्रवास पर आये माथुर पहली बार बीजापुर पहुंचे। बीजापुर जिला कार्यकारिणी की बैठक में वह शामिल हुये। साथ ही बीजापुर विधानसभा कोर कमेटी की बैठक भी उन्होंने ली। माथुर ने कहा कि आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का संकल्प लेकर एकजुटता से कार्य करें। माथुर ने दो टूक कहा कि जिसको जो दायित्व सौंपा गया है, उस पर शत प्रतिशत फोकस कर उस काम को सिद्ध करें। भाजपा की विजय सुनिश्चित है। कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुये ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि संगठन से आये सभी कार्यक्रमों को निचले स्तर तक क्रियान्वित करते हुये सतत जनसंपर्क भी बनाये रखना है। जनता से सीधा संवाद व जीवंत संपर्क सबसे आवश्यक है। ओम प्रकाश माथुर ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुये कहा कि एक महीने में मेरा यह दूसरा बस्तर प्रवास है और संपूर्ण बस्तर का दौरा चार दिनों में पूरा करने का लक्ष्य है। भाजपा के कार्यकर्ता भी इसी तीव्रता व ऊर्जा से संगठन के कार्यों को गति दें। उन्होंने कहा बस्तर की 12 की 12 सीटों में जीत का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना है। माथुर ने किसी चेहरे पर नहीं बल्कि कमल फूल के नाम पर चुनाव लड़ने की बात दोहराई। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास गरीबों को मिलने से वंचित कर रही है राज्य सरकार, गरीबों के हित में सरकार गंभीर नहीं हैं। माथुर ने कहा आगामी चुनाव में भ्रष्टाचार अहम मुद्दा रहेगा।

### प्रत्याशी कौन होगा ये जनता के ऊपर : माथुर

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा हम बस्तर की सभी 12 सीटें जितने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जिसके लिए हमने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को तैयार कर लिया है। जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर भाजपा को जिताने का प्रयास कर रहे हैं जिसके लिए मैं स्वयं सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ के मंडल और बूथ के कार्यकर्ताओं से मिल कर स्थानीय मुद्दों की जानकारी लेकर स्थिति परिस्थिति समझ रहा हूं। उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार ने जो निष्क्रियता दिखाई हैं वह सबके सामने हैं, जनता ने ऐसी निष्क्रिय सरकार को हटाने का फैसला कर लिया है। प्रत्याशियों के विषय मे उन्होंने कहा कि, प्रत्याशी कौन होगा ये जनता के ऊपर हैं और अभी इन सब बातों के लिए समय हैं समय आते ही सभी को पता चल जाएगा।

### ओम माथुर बस्तर के आदिवासियों से माफी मांगे : मोहन मरकाम



पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा ओम माथुर भाजपा सरकार के द्वारा किये गये अत्याचार और शोषण के लिये बस्तर के लोगो से माफी मांगे। मरकाम ने कहा कि भाजपा कल भी आदिवासी विरोधी थी, आज भी आदिवासी विरोधी है। 15 साल के भाजपा के शासन काल में बस्तर के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार को भाजपा ने बंधक बनाकर रखा था। 15 सालों तक बस्तर के आदिवासी सुरक्षा बलों और नक्सलवाद के दो पाटों में पिस रहे थे। छोटी-छोटी धाराओं में मासूम आदिवासियों को वर्षो तक जेल की सलाखों में बंद रखा गया था। उनकी जमीनों को कोडियों के दाम लूटने का षडयंत्र रचा गया। जल, जंगल, जमीन, पर आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकारों का हनन किया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा हमेशा से आदिवासियों की शोषक रही है। लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की अधिग्रहित जमीनों को रमन सरकार ने लैंड बनाकर जप्त किया था, कांग्रेस सरकार ने उसे वापस किया। 15 सालों तक साढ़े पांच लाख से अधिक वन अधिकार पट्टों को लंबित रखा था? बस्तर में हजारों आदिवासियों को नक्सली बताकर भाजपा की सरकार ने वर्षो से जेलों में बंद रखा था, कांग्रेस की सरकार ने उनकी रिहाई शुरू करवाया। बस्तर में 300 से अधिक स्कूल भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था। बस्तर में लोग डायरिया, मलेरिया से मरते रहे, भाजपा कभी आदिवासियों के स्वास्थ्य का ख्याल नहीं आया।

## गंगा में पदक विसर्जित करेंगे पहलवान



एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और राष्ट्रमंडल खेल मेडलिस्ट विनेश फोगाट ने आत्म-सम्मान के बिना जीवन को व्यर्थ बताते हुए मंगलवार को कहा कि वे अपने-अपने पदक गंगा में विसर्जित कर देंगे। पहलवानों ने ट्वीट किया, इन पदकों को जीतने के लिये हमारी कड़ी मेहनत भी उतनी ही गंभीर थी। ये राष्ट्र के लिये अमूल्य हैं और इन पदकों के लिये सबसे अच्छी जगह इस अशुद्ध व्यवस्था के बजाय शुद्ध गंगा में है। यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवानों यहां जंतर-मंतर पर करीब एक महीने से प्रदर्शन कर रहे थे। पहलवानों ने रविवार को नवनिर्मित संसद तक मार्च करने और वहां महिला महापंचायत करने की योजना बनायी, लेकिन पहलवानों के प्रदर्शन स्थल से निकलते ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और जंतर-मंतर से उनके तंबू उखाड़ दिये। पहलवानों ने संयुक्त बयान में कहा, आपने देखा कि 28 मई को क्या हुआ।

## शराब घोटाला मामला : निरंजन दास ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला, मनी लांड्रिग मामले में आबकारी आयुक्त निरंजन दास और मामले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर ने उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिका वापस ले ली है। तकनीति त्रृटि का हवाला देते हुए याचिका को वापस लेने का आग्रह किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा और बेला त्रिवेदी की पीठ में आबकारी सचिव निरंजन दास और ढेबर की याचिकाओं पर सुनावाई होनी थी। दोनों याचिकाकर्ताओं की तरफ से उनके अधिवक्ता सिंघवी ने तकनीति त्रुटियों की वजह से याचिका को वापस लेने का आग्रह किया था, जिस पर न्यायालय ने सहमति दे दी। जानकारी अनुसार निरंजन दास ने पीएमएलए के प्रावधानों को चुनौती दी थी। दास ने अपनी याचिका में ईडी पर भयादोहन का आरोप लगाया था। उन्होनें कहा था 52 अफसरों ने ईडी के प्रताडना के खिलाफ मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन दिया है।



### दिल्ली हाई कोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति-2021-22 (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज प्राथमिकी मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की एकल पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता की याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता प्रभावशाली व्यक्ति हैं और जमानत मिलने के बाद वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इस वजह से उन्हें जमानत नहीं दी सकती।

**महिलाओं की भूमिका के महत्व को भी दोहराया**

## मणिपुर के नागरिक समाज शांति का आश्वासन दे रहे हैं : शाह


वार्ता ◄ इंफाल
www.dailypioneer.com




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया मणिपुर के नागरिक समाज समेत विभिन्न गुट शांति के पक्ष में हैं तथा शांति का आश्वासन दे रहे हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने मणिपुर में महिला नेताओं (मीरा पैबी) के एक समूह के साथ बैठक की और मणिपुर के समाज में महिलाओं की भूमिका के महत्व को भी दोहराया। एक सोशल नेटवर्क प्लेटफॉर्म पर उन्होंने कहा, मणिपुर में महिला नेताओं (मीरा पैबी) के एक समूह के साथ बैठक की। मणिपुर के समाज में महिलाओं की भूमिका के महत्व को दोहराया। साथ में, हम राज्य में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंफाल में विभिन्न सिविल सोसाइटी संगठनों के सदस्यों के साथ एक उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि हम साथ मिलकर मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करने में योगदान देंगे। मणिपुर में पिछले तीन मई से जारी संघर्ष के समाधान के लिए सोमवार को यहां पहुंचने के बाद से शाह ने सिलसिलेवार बातचीत की। आगमन के बाद उन्होंने राज्यपाल अनुसुइया उइके और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, कैबिनेट मंत्रियों और अधिकारियों के साथ स्थिति पर चर्चा की। राज्य के अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल ने विभिन्न महिला संगठनों, नागरिक समाजों और प्रतिष्ठित हस्तियों के नेताओं सहित समाज के सभी वर्गों से मुलाकात की। केंद्रीय और राज्य के नेताओं और अधिकारियों के बीच संयुक्त बैठकों का निर्णय सामान्य स्थिति बहाल करने और जल्द से जल्द राज्य में शांति लाने के लिए था। राज्य सूचना कार्यालय ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार और जनता के बीच विश्वास पैदा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। राहत उपायों में तेजी लाने और पेट्रोल, एलपीजी गैस, चावल जैसी आवश्यक वस्तुओं को आम लोगों के लिए उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया।

### मणिपुर के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिले कांग्रेस नेता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मणिपुर की स्थित से अवगत कराया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने आज मणिपुर के हालात को लेकर राष्ट्रपति से मुलाकात की और राज्य में जारी हिंसा को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि 22 साल पहले भी मणिपुर जल रहा था। तब प्रधानमंत्री अटल जी थे। आज फिर से मणिपुर जल रहा है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। इसका कारण भजपा की विभाजनकारी तथा ध्रुवीकरण की राजनीति है। मणिपुर जल रहा था लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इस दौरान कर्नाटक चुनाव में व्यस्त थे। खड़गे ने कहा, हमारे लोगों की सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होनी चाहिए।





# अब शहरों से ही नहीं, गांव से भी तैयार हो रहे उद्यमी

## रूरल इंडस्ट्रियल पार्क पुहपुटरा में महिला उद्यमी चला रहीं बेकरी यूनिट, टसर रेशम धागाकरण का काम भी जारी

### रूरल इंडस्ट्रियल पार्क पुहपुटरा में महिला उद्यमी चला रहीं बेकरी यूनिट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार द्वारा रोजगार के नए अवसर सृजन और लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में रीपा यानी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की शुरुआत की गई है। गांव में ही महिलाओं और युवाओं को रोजगार मिलने से लोगों के पलायन में कमी आ रही है। सरगुजा जिले में प्रत्येक विकासखंड में 2-2 रीपा की स्थापना की गई है जहां लघु उद्यम के रूप में गतिविधियां शुरू की गई हैं।

**रूरल इंडस्ट्रियल पार्क पुहपुटरा में महिला उद्यमी चला रहीं बेकरी यूनिट**

इसी क्रम में सरगुजा जिले के विकासखंड लखनपुर अंतर्गत पुहपुटरा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में जया महिला समूह बेकरी यूनिट का संचालन कर रहा है। यहां महिलाएं ब्रेड, टोस्ट और क्रीम रोल बना रही है, जिनकी आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों तक की जा रही है। इस योजना से ग्रामीण महिला समूह आर्थिक लाभ कमा रहे हैं। जया महिला स्व सहायता समूह की सदस्य सुमित्रा राजवाड़े ने बताया कि इस समूह में 10 महिलाएं काम कर रही हैं। हमने रीपा में बेकरी यूनिट के संचालन की शुरुआत की है जिसमें जिला प्रशासन का सहयोग मिला है।

उन्होंने बताया कि काम शुरू करने से पहले उन्हें जिला प्रशासन द्वारा गुणवत्तापूर्ण ब्रेड निर्माण की विशेष ट्रेनिंग दी गई थी। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद औद्योगिक पार्क में ब्रेड बनाने की मशीन लगाई गई है जहां उत्पादन जारी है। आपूर्ति और विक्रय की चैन को समझ रहे हैं जिससे बेहतर तरीके उद्यम चला सकें। शासन ने हम ग्रामीण महिलाओं पर भरोसा जताया है और रोजगार देने का नवाचार शुरू किया।

सभी महिलाएं पूरी मेहनत से काम कर रही हैं जिससे इस उद्यम को सफल बनाया जाए। सुमित्रा ने छत्तीसगढ़ शासन की योजना की सराहना करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शिता ही है जो महिलाओं को उद्यमी बनाने का काम किया जा रहा है। सुमित्रा ने काम मिलने पर अपनी खुशी जाहिर की।

**रूरल इंडस्ट्रियल पार्क पुहपुटरा में महिला उद्यमी चला रहीं बेकरी यूनिट**

रीपा के अंतर्गत महिलाएं कर रही टसर धागाकरण का काम, महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत पुहपुटरा में रेशम विभाग के सहयोग से टसर धागाकरण की गतिविधि भी शुरू की गई है। जिसमें 20 महिलाओं के द्वारा बुनियाद मशीन से टसर धागाकरण कार्य किया जा रहा है जिसके प्रथम चरण में 10 महिलाओं का समूह तैयार कर प्रशिक्षण शुरु किया गया है।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में ही इन महिलाओं द्वारा गुणवत्तायुक्त धागा तैयार किया जा रहा है। रेशम धागाकरण से वर्षभर लाभ लिया जा सकता है। रेशम धागाकरण के काम में न्यूनतम 2-2.5 किलोग्राम का धागा उत्पादन करने पर प्रति हितग्राही 5000-6500 रुपये की आमदनी हो सकती है। रीपा के माध्यम से धागाकरण की गतिविधि से स्थायी रोजगार सृजन करने की दिशा में सशक्त कदम लिया गया है।

# संवेदनशील होकर आमजन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करें : राज्यपाल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में महानिदेशक, छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी रेणु पिल्ले के नेतृत्व में वर्ष 2022 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 3 परीवीक्षाधीन अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल हरिचंदन ने परीवीक्षाधीन अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान जगन्नाथ आपको सुखी रखें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपना कर्त्तव्य भली भांति निभाते हुए देश और समाज की सेवा करें। अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करें ताकि उन्हे खुद पर गर्व हो कि वे जनता के लिए अपनी पूरी दक्षता से कार्य कर रहें हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आमजनों तक पंहुचाने तथा समाज के शोषित और वंचित वर्ग के लोगो से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने कहा। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है, यहां आपको जनजातीय समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल, संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी टी. सी. महावर और प्रशिक्षण संचालक सीमा सिंह भी मौजूद थे। प्रशिक्षु अधिकारियों में नम्रता चौबे, प्रखर चंद्राकर, युवराज मरमट शामिल थे।

# घासी घसिया समाज के द्वारा सामाजिक मिलन समारोह आयोजित संपंन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 60, शहिद चंद्रशेखर आजाद वार्ड, मठपुरैना में सिमरन सिटी में घासी घसिया समाज के द्वारा सामाजिक मिलन समारोह आयोजित किया किया गया था।

बैठक सुशील सन्नी अग्रवाल जी विशेष आमंत्रित थे। समाज के लोगों के द्वारा अग्रवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समाज समूह को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने मुख्यमंत्री की श्रम और जन हितैषी योजनाओं की जानकारी समाज के लोगों को दिए। जिससे वहां उपस्थित जन समूह के द्वारा योजनाओं की सराहना करते हुए कहा की इन योजनाओं का लाभ उठाकर हम महतारी, युवक युवतियों एवं सियानो को लाभ मिला है।

जिसके लिए हम सब सरकार को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमारे और हमारे परिवार की हित के लिए ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई है। वहां उपस्थित समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं से अग्रवाल को अगवत कराया जिसका त्वरित निराकरण का आश्वासन अग्रवाल के द्वारा दिया गया। इस दौरान बाबू सोनी, पंकज सोनी, सुरेश सोनी, अम्बिका भारती, नथिला माँझी जी समेत सभी सम्मानित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# बम्हनी (जुनाडीह) : अष्टप्रहरी हरिनाम संकिर्तन नामयज्ञ पूर्णाहुति

### भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने पूजन कर क्षेत्र की विकास व खुशहाली की कामना की

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बम्हनी (जुनाडीह) में सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी हरिनाम संकिर्तन नामयज्ञ का आयोजन रखा गया है। यहाँ आयोजित कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पूर्णाहुति बैठकी में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल जी शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर गाँव एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम, हरे हरे का जप करने से उत्पन्न भगवान के नाम की ध्वनि आपको सभी व्यक्तिगत चिंताओं से मुक्त करती है और एक बहुत ही सुखद माहौल बना कर रखती है। हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे का जाप करने से स्वास्थ सही रहता है और इसके साथ ही शारीरिक शक्ति में भी बढ़ौतरी होती है। भगवान के नाम के निरंतर स्मरण से याददाश्त बहुत तेज और स्पष्ट हो जाती है। शास्त्रों में कहा गया है की हरे कृष्ण का जाप करने से मनुष्य की आयु बढ़ती है। उन्होंने आगे नीलांचल सेवा समिति के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा,स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। और अधिक से अधिक नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता लेकर सेवा का लाभ लेने एवं अपने ग्रामों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाराज सुधांशु होता जी, यजमान जयप्रकाश प्रधान, ज्योति प्रधान, ग्राम प्रमुख रुपानंद प्रधान, वकील नाग, भुतपूर्व शिक्षक युएल प्रधान, जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमलाल सिदार, सरपंच उमेश प्रधान, किसान मोर्चा अध्यक्ष नीलमणी बारीक, धनुर्जय प्रधान, नरेश नाग, सह प्रभारी अजय प्रधान, कोषाध्यक्ष गोपाल गडतिया, जोन प्रभारी मनोज प्रधान, बसंत साहू, पुनीत बरिहा, मकरध्वज बारीक, संत कुमार भोई, पीताम्बर प्रधान, तुलाराम प्रधान, कांता पटेल, रत्थू बरिहा, रवि भोई, सुदामा पुरी सहित ग्रामीणजनों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# वेलफेयर 6 फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

थैलेसीमिया बच्चो के लिए nited India insurance company limited ,रायपुर वेलफेयर 6 फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया जिसमें 31 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ, काश फाउंडेशन की फाउंडर काजल सचदेव सुरेश सचदेव का कहना है ,इन दिनों गर्मी की वजह से थैलेसीमिया बच्चों को ब्लड नहीं मिल पा रहा था इनके जीवन का आधार ही ब्लड चढ़ाना है इन बच्चों को हर 15 दिन में ब्लड लगाना पड़ता है ब्लड नहीं मिलने पर यह बच्चे कमजोर हो जाते हैं काश फाउंडेशन हर महीने इन बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगाता है ताकि इन बच्चों को ब्लड की कमी ना हो ऐसे बच्चे रोज ही सेंटर में निःशुल्क ब्लड लगाने आते हैं और उनकी बाकी समस्याओं का भी निवारण काश फाउंडेशन करता आ रहा है,इस नेक कार्य में रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन के सभी सदस्य रमेश अग्रवाल, सुरेश सचदेव, जय प्रकाश अग्रवाल ,संदीप कुकरेजा सुभाष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल मुकेश बंसल, अरुण गोयनका, हरि सचदेव, संजय बंसल, विवेक साहू विवेक साहू जयदीप ब्लड बैंक का काफी सहयोग रहा।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में कैमरा में पाया गया दुर्लभ माउस डियर हिरण प्रजाति में सबसे छोटा होता है माउस डियर

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा लगातार वन्यजीवों के संरक्षण के दिशा में कार्य करने से दुर्लभ प्रजातियों का रहवास सुरक्षित हुआ है। हाल ही में राष्ट्रीय उद्यान में दुर्लभ प्रजाती माउस डियर की तस्वीर कैमरा ट्रेप में कैद हुई है। राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा स्थानीय युवाओं को पेट्रोलिंग गार्ड के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया गया है जिससे लगातार पेट्रोलिंग और मॉनिटरिंग कर वन्यजीवों के रहवास का संरक्षण किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय उद्यान से लगे ग्रामीणों की संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित होने से वन्य प्राणियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारत में पाए जाने वाले हिरणों की 12 प्रजातियों में से माउस डियर विश्व में सबसे छोटे हिरण समूह में से एक है। भारतीय माउस डियर (डवेमबीपवसं पदकपबं) रहवास विषेश रूप से घने झाड़ियों वालो नमी वाले जंगलों में होता है। माउस डियर में चूहे- सुअर और हिरण के रूप और आकार का मिश्रण दिखाई देता है और बिना सींग वाले हिरण का एकमात्र समूह है। माउस डियर के शर्मीले व्यवहार और रात्रिकालीन गतिविधि के कारण इनमें विशेष रिसर्च नहीं हुआ है। मुख्य रूप से दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती वनों में माउस डियर की उपस्थिति दर्ज हुई है।वनों में लगने वाली आग, बढ़ते हुए अतिक्रमण और शिकार के दबाव से भारतीय माउस डियर की आबादी को शायद गंभीर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में इन प्रजातियों को बचाने के प्रयास की आवश्यक्ता है।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में ऐसे वन्यजीव के लिए उपयुक्त रहवास होने से और राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण हेतु लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के प्रयास एवं स्थानीय लोगो के सहभागिता से माउस डियर जैसे दुर्लभ प्रजातियों की वापसी देखी जाने से राज्य शासन की वन्यजीव संरक्षण का उद्देश साकार हो रहा है।

# 21कुण्डीय विश्व कल्याण महायज्ञ एवं गुरुकुल आश्रम का किया शिलान्यास

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड के ग्राम किसड़ी में 21 कुण्डीय विश्वकल्याण महायज्ञ एवं गुरुकुल का शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ, इस महा यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य बृहस्पति गुरुकुल प्रभात आश्रम जिला बरगढ़ उड़ीसा थे। उन्होंने कहा कि इस अंचल में इस 'देव दयानंद अंतर्राष्ट्रीय गुरुकुल' के बनने से समस्त अंचल वासियों का कल्याण एवं भावी पीढ़ी का उपकार बताया गया। आचार्य प्रेम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि गुरुकुलीय शिक्षा से ही मानव कल्याण संभव है, इसलिए यह एक पवित्र प्रकल्प हैद्य पाणिनि कन्या महाविद्यालय की स्नातिका बहन अहल्या ने शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। द्रोणस्थली की स्नातिका प्रतिमा आर्य ने सु मधुर भजन प्रस्तुत कियाद्य इस अनुष्ठान के सूत्रधार ओम प्रकाश शास्त्री ने गुरुकुल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति के आधार वेद, वेदांगों के अध्ययन के साथ साथ व्यावसायिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान प्रदान करके जीवन मूल्यों का प्रासंगिक अध्ययन कराया जाएगा द्य अन्वि शास्त्री एवं भूमिका नायक ने नैतिक शिक्षा पर प्रकाश डाला द्य गांव के प्रवक्ता के के रथ ने भारतीय संस्कृति तथा यज्ञ से प्राप्त लाभ के बारे में प्रकाश डाला, इस गांव के गोटिया गौरीशंकर साहू एवं उनकी पत्नी मुख्य यजमान के रूप में थे, इसके अलावा गांव के अनेक श्रद्धालु भक्तों ने इस 21 कुंडीय यज्ञ में सहर्ष भाग लिया, महर्षि दयानन्द क्लब बरिहापाली जिला बरगढ़ उड़ीसा की वैदिक कीर्तन मंडली ने बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किए, समस्त ग्राम वासियों तथा अंचल के लोगों ने इस अनुष्ठान को भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया शांति पाठ और वैदिक जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में संबलपुरी हथकरघा परंपरा की साड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा संबलपुरी हथकरघा परंपरा की साड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने छात्र कल्याण विभाग की डीन डॉ. जैस्मीन जोशी और कलिंगा विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों की उपस्थिति में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

समलाई हथकरघा के श्री एम प्रसाद मेहर और श्रीमती सारिका मेहर ने पश्चिमी उड़ीसा के संबलपुर बरगढ़ क्षेत्र के बुनाई समुदाय के 75 गरीब सदस्यों का समर्थन करने की पहल की है । पारंपरिक बुनाई प्रक्रिया और संबलपुर की कला को बढ़ावा देकर, संबलपुरी हथकरघा की विरासत माने जाने वाली समलाई ब्रांड के तहत ओड़िशा की हाथ से बुनी गई श्रेष्ठ कृतियों को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों व कर्मचारियों ने साड़ियो का निरिक्षण किया और उनकी सराहना की। इस प्रदर्शनी में खंडुआ, सोनपुरी, पसापल्ली, डोंगरिया, टसर फैब्रिक, गीतागोबिंद पाटा बस्त्र, सिमनोई, बोम्काई, पितलकॉटन, हबसपुरी, कोटपाड़, धलापहाड़ परदा, बेरहामपुरी पाटा जोड़ा सहित और अन्य कई साड़ियां प्रदर्शित की गईं। प्रदर्शनी स्थल पर प्रोजेक्टर का उपयोग करते हुए ऑडियो-विजुअल के माध्यम से हाथ से बुनाई की प्रक्रिया प्रदर्शित की गयी। संकाय सदस्यों ने प्रदर्शनी के दौरान प्रस्तुत सुन्दर रंगों और जटिल पैटर्न की सराहना की। उनमें से कई संकाय सदस्यों ने बड़ी संख्या में हथकरघा साड़ियां खरीदकर बुनकरों का समर्थन किया। पारंपरिक कला और बुनकर समुदाय के लिए इस तरह की सराहना देखना अद्भुत अनुभव रहा।

# मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 एवं सहायिका के 18 पदों पर भर्ती हेतु 15 जून तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सोनाखान एकीकृत बाल विकास परियोजना में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 18 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 पद सैहाभाठा आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सहायिका के 18 पदों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र चरौदा-1, कौहाकुड़ा, बरपानी-2, कुम्हारीडीपा, खैरा(ब), मढ़ीपार, परसदा, नवापारा (टेमरी), बया-1, बया-2, बया-3, रंगोरा-1, गिधपुरी, अवराई -1, नवागांव, छाता, पुटपुरा, गबौद शामिल है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए 01 जून को छत्तीसगढ़ में पांच लाख लोग लेंगे शपथ

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 01 जून को पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ का कार्यक्रम रखा गया है। इसके तहत शपथ हिन्दी या अंग्रेजी में समूह या व्यक्तिगत रूप से लेकर उसका वीडियो व फोटो वॉट्सएप नम्बर 7415781776, 9109028361, 7415796619 पर 01 जून को प्रातः 8 बजे से भेजी जा सकेगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 01 जून को एक दिन में पांच लाख लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेंगे। प्रदेश में मिशन लाईफ कार्यक्रम के अंतर्गत लाईफ स्टाईल फॉर इन्वायरमेंट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। लाईफ प्लेज के अंतर्गत पूरे राज्य में एक साथ पांच लाख लोगों द्वारा प्लेज लिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे कि व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता लायी जा सके। एक ही दिन में पांच लाख लोग शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दर्शायेंगे। पूरे प्रदेश में यदि पॉच लाख लोग एक साथ शपथ लेंगे या रायपुर जिले से शपथ की संख्या डेढ़ लाख से पार होगी, तो यह एक विश्व रिकार्ड होगा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सभी लोगों से यह आग्रह किया गया है कि वे 01 जून 2023 को पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ लेकर इस महाअभियान में भागीदार बनें। शपथ इस प्रकार है-मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि पर्यावरण को बचाने के लिये अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाऊगा।

# आपदा पीड़ित 10 परिवारों को 40 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 10 लोगों के निकट परिजनों के लिए 40 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 26 मई 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में सीमा बाई पति स्व. हरीश दास, निवासी ग्राम कसडोल, तहसील कसडोल, मनमोहन पिता छोटूराम, निवासी ग्राम कसडोल, तहसील कसडोल, सुनील राजपूत पिता स्व. दिनेश्वर निवासी ग्राम दर्रा गिरौदपुरी, तहसील टुण्डरा, रतीराम साहू पिता स्व. फिरतराम, निवासी ग्राम हसुवा, तहसील टुण्डरा,सर्जुन बरिहा पिता कमलसिंग, निवासी ग्राम गांजरडीह वनग्राम, तहसील सोनाखान, उषा बाई पति स्व. बाबूलाल,निवासी ग्राम चेचरापाली, तहसील सोनाखान, ना.बा. हिमेश कुमार, मनीष कुमार, उमेश कुमार पिता स्व. कांशीराम वली नाना राजू नवरंगे पिता लेढ़वा, निवासी ग्राम मोहरा, तहसील सुहेला, पदमनी पति भागवत प्रसाद, निवासी ग्राम खपरी, तहसील सुहेला, मोहन ध्रुव पिता अधिन ध्रुव, निवासी नवापारा वार्ड डबरापारा भाटापारा तहसील भाटापारा, भरत प्रसाद पिता स्व.केजू वर्मा, निवासी ग्राम चौरेंगा, तहसील सिमगा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, आग में जलने, तालाब, जोंक नदी के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला में प्रतिभागिता



**महासमुंद।** राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला में प्रतिभागिता ललित कला अकादमी नई दिल्ली द्वारा पोरबंदर गुजरात में दिनांक 22 मई से 28 मई तक सात दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला एवं मूर्तिकला कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए हुए 20 कलाकारों के द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ से श्री जी के निर्मलकर कला शिक्षक केंद्रीय विद्यालय महासमुंद ने बस्तर के चित्रकोट को चित्रित कर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश

## निर्माण कार्यों को तेजी के साथ संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ᐸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को तेजी के साथ संचालित कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री और आवश्यक उपकरणों-मशीनों की उपलब्धता सहित श्रमिकों की पर्याप्त व्यवस्था कर योजनाबद्ध ढंग से निर्माण कार्यों को संचालित किए जाने को कहा। वहीं निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर अद्यतन प्रगति लाने सहित नियत समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सोनी ने जिले में आयोजित किए जा रहे प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अधिकाधिक बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित कर व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्लेसमेंट कैम्प के बारे में अवगत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवाओं की सुलभता की समीक्षा के दौरान राजस्व प्रकरणों को नियत समयावधि में निराकृत नहीं करने के कारण तहसीलदार माकड़ी को शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणाओं के क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा करते हुए घोषणाओं के कार्यान्वयन हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पहल किए जाने को कहा। उन्होंने घोषणाओं के तहत सम्मिलित निर्माण कार्यों में अद्यतन प्रगति लाने के लिए द्रुत गति से कार्य जारी रखकर निरन्तर मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर सोनी गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौठानों में नियमित तौर पर गोबर की खरीदी करने सहित वर्मी कम्पोस्ट खाद रूपांतरण पर ध्यान केंद्रित किए जाने को कहा हैं। वहीं गौठान मित्रों को सक्रिय रखकर गौठानों में पशुओं की देखभाल और अन्य कार्यों में सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने कहा। वहीं इन स्कूलों में कक्ष निर्माण सहित प्रयोगशाला, कम्प्यूटर कक्ष, शौचालय निर्माण इत्यादि कार्य को तेजी के संचालित कर अतिशीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनान्तर्गत स्कूल भवनों के मरम्मत कार्यों को 15 जून के पहले पूर्ण करने को कहा हैं। कलेक्टर ने कृषि अवसंरचना निधि के तहत कृषक उत्पादक संगठन, महिला स्व सहायता समूहों, सहकारी समितियों सहित किसानों को उनकी जरूरत के अनुरूप भंडार गृह और अन्य संसाधनों के लिए सहायता उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में कृषि व सम्बद्ध विभागों को आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफ्ओ कोंडागांव आरके जांगड़े, डीएफ्ओ केशकाल इन गुरुनाथन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और जिले में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत और नगरीय निकायों के सीएमओ मौजूद रहें।

# कांग्रेस सरकार की नीति से नाराज 16 कांग्रेस समेत 37 ने थामा भाजपा का दामन

## छत्तीसगढ़ प्रभारी माथुर ने नव प्रवेशित कार्यकर्ताओं का किया स्वागत

**जोगी कांग्रेस के जिला महासचिव ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ थामा भाजपा का दामन**

पायनियर संवाददाता ᐸ बीजापुर
www.dailypioneer.com



वर्तमान कांग्रेस सरकार की रीति-नीति से त्रस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत जोगी कांग्रेस एवं अन्य युवक-युवतियों ने भाजपा का रुक करते हुए छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रभारी ओम प्रकाश माथुर के समक्ष भाजपा पर भरोसा जताते हुए दमन थामा। जोगी कांग्रेस के जिला महासचिव केजी सुधाकर अपने 14 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा पर विश्वास जताया और कमल को अपनाते हुए विधिवत भाजपा प्रवेश किया। वही प्रदेश में कांग्रेस के सरकार होने के बावजूद 16 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपने ही सरकार से नाराज होकर भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया और कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश किया। साथ ही 07 अन्य युवक युवतियों ने भाजपा को जन हितेषी पार्टी बताते हुए क्षेत्र के नेता महेश गागड़ा के द्वारा किए गए पूर्व के विकास कार्यों पर भरोसा जताते हुए भाजपा में शामिल हुए। तमाम 37 कार्यकर्ताओं का छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर ने गमछा और माला पहनाकर पार्टी में प्रवेश करवाया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, केदार कश्यप, संतोष पांडे और छत्तीसगढ़ संगठन के महामंत्री पवन साय समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी नव प्रवेशित युवक-युवतियों का जोशीला स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत बैंक ऋण हेतु आवेदन

पायनियर संवाददाता ᐸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कार्यालय व्यापार और उद्योग केन्द्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु कोंडागांव जिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसके अंतर्गत विनिर्माण और सेवा के अतिरिक्त व्यवसाय व क्रियाकलाप करने वाले भी पात्र हैं। इसके लिए पहले आओ पहले पाओ और बैंक के समव्यवहार पर आवेदन अनुशंसित किए जाएंगे। इस हेतु आवेदन कार्यालय जिला व्यापार व उद्योग केन्द्र में जमा किए जाएंगे। जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड या वोटर आईडी, पासपोर्ट साइज फ़ेटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट (परियोजना प्रतिवेदन), नगर पालिका या नगर पंचायत या ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र, आरक्षित वर्ग के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अधिकतम तीन लाख तक हो), निवास प्रमाण पत्र, न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण, निर्धारित प्रारूप शपथ पत्र की प्रतिलिपि जमा करानी होगी। सामान्य वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई हैं। जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग हेतु यह सीमा 40 वर्ष होगी। उपरोक्त योजना हेतु आवेदक स्वयं अथवा उसका परिवार किसी भी बैंक का चूककर्ता ना होना और किसी अन्य शासकीय योजनाओं का पूर्व में लाभ ना लिया जाना अनिवार्य किया गया हैं, आवेदन पत्र बैंकों के कार्यक्षेत्र के आधार पर ही लिए जाएंगे। अतः आवेदकों को बैंकों से संपर्क कर कार्यक्षेत्र का पहले से ही पता कर लेना जरूरी होगा। इस संबंध में अधिकतम जानकारी महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग केंद्र सुमति काम्प्लेक्स डीएनके कॉलोनी कोंडागांव से प्रत्यक्ष संपर्क कर प्राप्त की जा सकती हैं। योजना अंतर्गत सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख, विनिर्माण उद्योग हेतु अधिकतम 25 लाख तथा व्यवसाय क्षेत्र हेतु अधिकतम 2 लाख परियोजना अंतर्गत लागत निर्धारित की गई हैं। ध्यान रखें शासन या विभाग की ओर से कोई एजेंट अधिकृत नहीं हैं। सीधे कार्यालयीन समय पर आकर संपर्क किया जाए।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संकुल संगठनों में भर्ती हेतु 9 जून तक आवेदन

पायनियर संवाददाता ᐸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के जनपद पंचायत कोंडागांव द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संकुल संगठनों में भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आगामी 9 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। जिसके तहत कलस्टर प्रबंधक के 2 पद हेतु स्नातक डिग्री, लेखपाल के एक पद के लिए 12 वीं उत्तीर्ण या स्नातक डिग्री, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 4 पद हेतु 12वीं उत्तीर्ण और कम्प्यूटर डिप्लोमाधारी व कार्यालय सहायक के 4 पद के लिए 10वीं उत्तीर्ण युवाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक स्व सहायता समूह सदस्य और संबंधित परिवार से होना चाहिए। आवेदक किसी भी प्रकार से समूह व बैंक का कर्ज चूककर्ता नहीं होना चाहिए। आवेदक के समूह का ग्रेड ए होना चाहिए। उक्त भर्ती सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत कोंडागांव और कार्यालय जनपद पंचायत कोंडागांव के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं।

# पार्षद ने निभाया अपना वादा वार्ड में बिटिया की शादी पर 11 हजार रुपये का किया कन्यादान

## वार्ड पार्षद चुनाव में की घोषणा का लगातार कर रहे है पालन

**समस्त वार्डवासी पार्षद के कार्यो की कर रहे हैं सराहना**

पायनियर संवाददाता ᐸ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद रोशन गोलछा द्वारा वार्ड में कन्या विवाह पर पार्षद कन्यादान योजना के तहत् 11000 की राशि कन्या को उनके द्वारा दिया जाता है वार्ड पार्षद रोशन गोलछा ने वार्ड पार्षद चुनाव के दौरान वार्ड वासियों से वादा किया था कि वार्ड में बेटियों की शादी पर उनके द्वारा पार्षद कन्यादान योजना के तहत् 11000 नगद दिया जाएगा जिसका परिपालन रोशन गोलछा द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अपने वार्ड के पटेल पारा निवासी स्व. मुन्ना लाल ठाकुर की पुत्री देवंतीन ठाकुर के विवाह पर उनके घर जाकर 11000 नगद देते हुए वधु के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया वहीं परिजनों और वार्ड वासियों ने पार्षद रोशन गोलछा के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड पार्षद द्वारा नगर पालिका के चुनाव के दौरान विजयी होने पर वार्ड में बेटियों की शादी पर 11 हजार रुपये नगद देने का वादा किया था जिसे वे पूरा कर रहे है और वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण करते है। वही वार्ड पार्षद रोशन गोलछा ने कहा कि वार्ड में बेटियों के विवाह पर 11 हजार रुपये बेटी को देकर मेरे द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देना उद्देश्य है।

# कांग्रेस सरकार की विफलता छुपाने के लिए पंच सरपंच पर दोश मढ़ रहे हैं : देवचंद मातलम

पायनियर संवाददाता ᐸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कुकुरमुत्ते की तरह भाजपाई नही बल्कि कांग्रेस के नेता और उनके मनोनीत व्यक्ति गोठान जा रहे हैं। ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा के पंच गणेश मानिकपुरी ने जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलम के द्वारा मीडिया के समक्ष पंचायत प्रतिनिधियों पर लगाए गए सारे आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि, जब से जाबो गोठान खोलबो पोल कार्यक्रम भाजपा द्वारा किया जा रहा तब से कांग्रेस नेताओं की बेचैनी बढ़ गई हैं। गोठानो की पोल खुल रही हैं, कही जनता के सामने भाजपा पोल खोल न दे इस बौखलाहट में उलूल जुलूल बातें कर रहे हैं, जबकि गोठान फ्लाप होने के लिए एक तरफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिम्मेदार हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार द्वारा मनोनीत गोठान की समिति जिम्मेदार हैं, कांग्रेस सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य अध्यक्ष कुकुरमुत्ते की तरह उसी दिन गोठान में कदम रखते हैं, जिस दिन जिले या प्रदेश से कोई बड़े नेता आते हैं या अधिकारी आते हैं। जब नेताओं का या अधिकारियों का दौरा नही रहता तब कोई कांग्रेसी या गोठान का कोई भी कांग्रेस द्वारा मनोनीत सदस्य नजर नही आते और गोठान को सुचारू रूप से संचालन करने का न तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास कोई नीति हैं और नही कांग्रेस द्वारा मनोनीत अध्यक्ष व सदस्यों के गोठान संचालन की नियत हैं। गणेश मानिकपुरी ने कहा कि, गोठान को सुचारू रूप से चलाने के लिए नीति और नियत की जरूरत हैं, लेकिन दुर्भाग्य से दोनों नही हैं। अपनी सरकार की विफ्लता और अपने मनोनित लोगो नाकामी को छुपाने के लिए पंच सरपंच को जिम्मेदार ठहराया जा रहा हैं, जबकि हकीकत अलग ही हैं जिससे जनता भली भांति परिचित हैं। महीने के तीस दिन और साल के 12 महीने गौठान का संचालन कैसे होगा किसके माध्यम से होगा सरकार के पास इसका कोई नीति नजर नही आ रही हैं, सिर्फ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए गोठान जैसे समिति बनाकर पद बाटकर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य किया जा रहा हैं। गणेश मानिकपुरी ने दावा किया हैं कि, गोठान में जो भी हैं पंच सरपंच के अच्छे नियत और ईमानदारी से काम करने का परिणाम हैं जब भी कोई अधिकारी या नेता आते हैं पंच सरपंच हमेशा मौजूद रहते हैं जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होता हैं उसका दलगत राजनीति की भावना से ऊपर उठकर ईमानदारी से पालन करते हैं। कांग्रेसी अपने मनोनीत अध्यक्ष व सदस्यों की बैठक कर समीक्षा करें उनके गोठान के लिए सेवा योगदान के बारे में पूछे जो कुकुरमुत्ते के तरह अपने नेता के आने पर गोठान आते हैं बड़े अधिकारी के आने पर गोठान आते हैं।

### जिला निर्वाचन कार्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 9 जून तक

**कोंडागांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय कोंडागांव में सहायक ग्रेड-3 (संविदा) के 5 पद और भृत्य के 4 पद पर भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आगामी 9 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। उपरोक्त भर्ती सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-कोंडागांव के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

# अपनी विभिन्न मांगो को लेकर परिवहन संघ के बंद को मिला व्यापारियों का समर्थन

## अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर परिवहन संघ ने किया था नगर बंद का आह्वान

पायनियर संवाददाता ᐸ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में परिवहन संघ के बंद को मिला व्यापारियों का अभूतपूर्व समर्थन, नगर की सारी दुकानें पूरी तरह बंद है। बता दें कि नारायणपुर परिवहन संघ अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहा है। परिवहन संघ द्वारा बीते चार दिनों से आमदई खदान छोटेडोंगर से लोह अयस्क का परिवहन कार्य पूरी तरह ढप हैं। परिवहन संघ लगातार अपनी मांगों को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराता आ रहा है। यह कि परिवहन संघ जिला नारायणपुर का एक मात्र परिवहन संघ है जिसमे नारायणपुर - मे जिले के अर्न्तगत आने वाले माईस से परिवहन का कार्य किया जाता है। यह कि परिवहन संघ जिला नारायणपुर मे वर्तमान मे लगभग 200 वाहन परिवहन का - कार्य सुचारू रूप कर ही है निको मांईस एवं गौरी ट्रेड्र्स एवं परिवहन संघ जिला नारायणपुर के 08/02/2021 को हुये औपचारिक बैठक में वाहन का किराया प्रति वर्ष 10 प्रतिशत कि वृद्धि करने एवं उस सबंध मे अनुबंध पत्र निष्पादन कि बात उक्त बैठक मे सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया था परन्तु 08/05/2023 तक वाहन के किराये में किसी भी प्रकार कि वृद्धि नही कि गई है और ना ही किसी भी प्रकार का अनुबंध पत्र परिवहन संघ नारायणपुर से साथ निष्पादित किया गया है । यह कि वर्तमान में जिला नारायणपुर मे लगभग 09 से 10 पेट्रोल पंच संचालित है परन्तु निको मांईस एवं गौरी ट्रेड्र्स द्वारा परिवहन संघ जिला नारायणपुर के वाहनो मे डिजल रायपुर स्थित पेट्रोल पंप से प्रदाय किया जाता है चुकी लगभग अधिकांश वाहन नारायणपुर से है एवं विपरित परिस्थीतियों मे भी परिवहन संघ जिला नारायणपुर परिवहन का कार्य निरंतर सुचारू रूप से प्रारंभ रहा है अतः परिवहन संघ कि मांग है कि नारायणपुर जिले मे स्थित पेट्रोल पंप से ही परिवहन संघ जिलाद्ध नारायणपुर के वाहनो को डिजल प्रदाय किया - जावे ताकि नारायणपुर स्थित पेट्रोल पंपो का अर्थिक रूप से विकास हो सके एवं रोजगारो के साधनो को बढ़ावा मिले । कि निको मांईस एवं गौरी ट्रेड्र्स से परिवहन संघ जिला नारायणपुर में हुई औपचारिक बैठक के दौरान इन बात कि पुष्टि निको मांस एवं गौरी ट्रेड्र्स द्वारा कि गई थी कि वाहन के परिचालन मे एवं परिवहन मे एवं माल के लोडिंग मे सर्वप्रथम जिले के वाहनो को प्राथमिकता दि जावेगी उसके उपरान्त ही बाहरी वाहनो को माल लोंडिंग का कार्य किया जावेगा परन्तु कार्य के सुचारू रूप से प्रारंभ होते ही परिवहन संघ जिला नारायणपुर से हुई बातो दरकिनार करते हुये स्थानीय वाहनो को प्राथमिकता न देते हुये बाहरी वाहनो को प्राथमिकता दिया जा रहा है ।

### नवतपा में तप रही है धरती सुबह से धूप तेज



**किरन्दुल।** गुरुवार 25 मई से नवतपा की शुरूआत हो चुकी है।नवतपा का छठवां दिन है। मई के अंतिम सप्ताह में नवतपा के शुरू होने से जिस तरह से गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू किए हैं। बता दें किरन्दुल में भी तेज धूप व उमस भरी गर्मी से हर कोई हालाकान व परेशान है। प्रचंड गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहीं तेज गर्मी को देखते हुए नगरपालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील जैन ने जानकारी देते बताया कि किरन्दुल के 13 मुख्य चौक चौराहों में सार्वजनिक प्याऊ व्यवस्था करवाई गई हैं।

### भट्टी पारा के एक घर में लगी आग, महिला बुरी तरह झुलसी

**किरन्दुल।** किरन्दुल वार्ड क्रमांक 07 भट्टी पारा के राधा सौद नामक महिला के घर में अचानक आग लग गई।



बता दें घटना मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे की है जब महिला खाना बना रहीं थीं इसी दौरान रेगुलेटर से गैस पाइप निकल गया और आग लग गई जिससे महिला बुरी तरह झुलस गई। इस बीच नगरपालिका फायर ब्रिगेड एवम सीआईएसएफजवानों द्वारा कड़ी मशक्क त के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसके बाद परिजनों ने महिला को एनएमडीसी परियोजना अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी ईलाज जारी हैं।

### युवोदय कोंडानार चैंप्स स्वयंसेवकों ने मनाया माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के विभिन्न गांवों में 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस पर सामुदायिक जागरूकता कार्य म का आयोजन किया गया। इसके तहत युवोदय कोंडानार चैंप्स के स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि, मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्र या हैं जो दुनिया की आधी आबादी अनुभव करती हैं। अब समय हैं मासिक धर्म के संबंध में खुलकर संवाद किया जाये और सभी को मासिक स्वच्छता के उत्पादों और उसके संबंध में शिक्षा दी जाए। इस उद्देश्य से कोंडागांव जिले के फ्रसगांव, केशकाल और माकडी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक जागरूकता रैलियों व बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें वनबेलगाँव, बुनागाँव में माहवारी स्वच्छता पर सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिशुवती, गर्भवती, किशोरियों सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण लोगों को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक किया गया। जनजागरूकता के लिए बैनर पोस्टर, रैली एवं मेगा फ़ेन का उपयोग करके प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समूह की महिला, पंच सदस्य, सरपंच ब्लॉक समन्वयक और युवोदय कोंडानार चैंप्स के स्वयंसेवकों की उपस्थित रहें।


**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202305093700040/अ-6 वर्ष 2022-23

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगत सिंह आ. स्व. दरबार सिंह ठाकुर, निवासी - सोनारपारा, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला सोनारपारा, दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36 डी, भूखण्ड क्रमांक 36 क्षेत्रफल 165.00 वर्गमीटर धारकगण विष्णु सिंह, रोशन सिंह, बालेश्वर सिंह, शकुन्तला सिंह, सुलोलचना सिंह, मीना, गौरी, रमा, कनक, श्यामा सभी आ. द्वारिका सिंह, आकाशसिंह, आकांक्षा आ. स्व. राजकुमार, शकुतंला बाई ध.प. स्व. राजकुमार, भगतसिंह, डारेनसिंह उर्फ लल्लू, रत्नाबाई, किरण, ममता सभी आ. स्व. दरबार सिंह, दुरपतिबाई ध.प. स्व. दरबार सिंह, लिकेश सिंह आशीष सिंह आ. स्व. चंदेश्वरसिंह, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक डारेनसिंह उर्फलल्लू आ. स्व. दरबार सिंह, दुरपतिबाई ध.प. स्व. दरबार सिंह की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज कर शेष सहधारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 07.06.2023 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है । बाद में प्रस्तुत आपत्ति आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

"प्रपत्र सं. आइएनसी–26"
क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र अहमदाबाद कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी अधिनियम 2013 (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
**साईरामा रियलीटिस प्राईवेट लिमिटेड**
जिसका पंजीकृत कार्यालय : एम/एस होटल सागर इंटरनेशनल, रेलवे स्टेशन, स्टेशन रोड, दुर्ग सीटी 491001 में स्थित है
......याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र) के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन दाखल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "छत्तीसगढ़ राज्य" से "महाराष्ट्र राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 08 मई, 2023 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ मे कंपनी के संगम ज्ञापन मे संशोधन की पुष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र) को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर आरओसी भवन, रुपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टैंड के पास, अहमदाबाद–380013, गुजरात पते पर पंजीकृत डाक दवारा भेज सकते है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगे।

एम/एस होटल सागर इंटरनेशनल, रेलवे स्टेशन, स्टेशन रोड, दुर्ग सीटी 491001

आवेदक की और से
साईरामा रियलीटिस प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./–
अभिषेक अग्रवाल
(निदेशक)
डीआईएन : 00394853
पता : 10वां फ्लोर, द रेजिडेंसी, यूनियन पार्क रोड, ऑपोज़िट डेकन अपार्टमेंटस, खार (वेस्ट) मुम्बई महाराष्ट्र 400052

तिथि : 30.05.2023
स्थान : छत्तीसगढ़

"प्रपत्र सं. आइएनसी–26"
क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र अहमदाबाद कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी अधिनियम 2013 (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
**आर. के. विक्टुअल्स प्राईवेट लिमिटेड**
जिसका पंजीकृत कार्यालय : ऑपोज़िट–रेलवे स्टेशन, दुर्ग, सी.जी. सी.जी. सीटी 490012 में स्थित है
......याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र) के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन दाखल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "छत्तीसगढ़ राज्य" से "महाराष्ट्र राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 08 मई, 2023 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ मे कंपनी के संगम ज्ञापन मे संशोधन की पुष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र) को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर आरओसी भवन, रुपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टैंड के पास, अहमदाबाद–380013, गुजरात पते पर पंजीकृत डाक दवारा भेज सकते है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगे।

ऑपोज़िट–रेलवे स्टेशन, दुर्ग, सी.जी. सी.जी. सीटी 490012

आवेदक की और से
आर. के. विक्टुअल्स प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./–
अभिषेक अग्रवाल
(निदेशक)
डीआईएन : 00394853
पता : 10वां फ्लोर, द रेजिडेंसी, यूनियन पार्क रोड, ऑपोज़िट डेकन अपार्टमेंटस, खार (वेस्ट) मुम्बई महाराष्ट्र 400052

तिथि : 30.05.2023
स्थान : छत्तीसगढ़

**कार्यालय सहायक आयुक्त / सचिव,**
**जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला–धमतरी (छ.ग.)**
E-Mail- tribal.dhamtari@gmail.com, tribal.dmt@gmail.com Phone No.- 07722-232142, Fax No. 07722-232143

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक / 2016 / आदि.वि. / एआआवि / न.क- 129 / 2023, धमतरी, दिनांक 29/05/2023

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति धमतरी के अधीन संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के संचालन हेतु सत्र 2023-24 (जुलाई 2023 से जून 2024) हेतु पंजीकृत फर्मो / आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | अमानत राशि |
|---|---|---|
| 01 | खाद्य सामग्री | 15000 |
| 02 | दैनिक उपयोगी सामग्री | 10000 |
| 03 | सब्जी तथा फल | 15000 |
| 04 | अण्डा एवं चिकन | 5000 |
| 05 | हेयर कटिंग | 700 |

निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी सहित सामग्री सूची संबंधित एकलव्य जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान (सहायक आयुक्त कार्यालय) समिति कार्यालय से कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 05.06.2023 तक प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक रू. 200/- के नगद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म पूर्ण रूपेण भरी हुई मुहरबंद निविदा कार्यालय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति धमतरी में निर्धारित अमानत राशि............. जो बैंक ड्राफ्ट के रूप में............... के साथ दिनांक 09.06.2023 को दोपहर 3.00 बजे तक Technical Bid and Financial Bid पृथक-पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक अथवा समिति कार्यालय में रखे टेन्डर बाक्स में जमा कराया जा सकता है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 12.06.2023 को दोपहर 12.00 बजे क्रय समिति एवं उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा। निविदा का पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित है। अमानत राशि केवल डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार की जावेगी। सब्जी-फल, अण्डा - चिकन, प्रेस, बालकटिंग हेतु जीएसटी टिन नंबर अनिवार्य नहीं है। किन्तु GST वाले फर्म को उनके क्रय हेतु प्राथमिकता प्रदाय की जावेगी।

( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त एवं सचिव
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति,
जिला–धमतरी (छ.ग.)

जी.–01829/2

**कार्यालय नगर पालिक निगम दुर्ग**
Email Id:- durgme2019@gmail.com - Phone:- 0788-2322148

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक /68/लो.क.वि.अ./2023-24 दिनांक 29.05.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत टेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन / सडक एस.ओ.आर. दिनांक 01.01 2015 एवं नान.एस.ओ.आर. के अनुसार निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम / अधिक प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र कय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 05.06.2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 10.06.2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 19.06.2023
निविदा खोलने की तिथि - 21.06:2023 शाम 400 बजे
किसी कारण वश निविदा खुलने की तिथि नहीं खोला गया है।
द्वितीय दिन कार्य दिवस में खोला जावेगा।

| क्रं. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 01. | वार्ड कं. 35 में सामुदायिक भवन का संधारण कार्य । (महापौर निधि 2023-24) | 5.00 |
| 02. | वार्ड के 44 सत्यसाई सेवा समिति सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण कार्य (महापौर निधि 2023-24) | 1.50 |
| 03. | वार्ड के 55 पुलगाव के पीछे कपड़ा मार्केट में उद्यान निर्माण कार्य हेतु। (महापौर निधि 2023-24) | 5.00 |
| 04. | वार्ड के 17 में पप्पू शर्मा के घर से देवागन किराना स्टोर्स के आगे तक नाली निर्माण कार्य हेतु । (श्री अजय गुप्ता, एल्डरमेन निधि 2023-24) | 2.00 |
| 05. | वार्ड के 17 में ओद्योगिक नगर में चंद्राणी के घर से तिवारी के घर तक कादम्बरी नगर वार्ड कं0 17 में सी0सी0 रोड बनाने हेतु (पार्षद निधि 2023-24 ) | 2.00 |
| 06. | वार्ड के 18 में छोटे उद्यान का निर्माण करने बाबत। (पार्षद निधि 2022-23 की बचत राशि से) | 6.00 |
| 07. | वार्ड के 18 में कुआ चौक के पास व साहू निवास के सामने चबूतरा निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 7 2021-22 की बचत राशि से) | 2.00 |
| 08. | वार्ड के 39 में चबूतरा निर्माण कार्य हेतु। (पार्षद निधि 2023-24) | 2.50 |
| 09. | वार्ड के 49 में छोटे उद्यानों का निर्माण कार्य हेतु । (श्री अजय गुप्ता, एल्डरमेन निधि 2023-24 ) | 3.00 |

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, दुर्ग

# बूढ़ादेव यात्रा दूसरा चरण कांसादान का समापन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना व सर्व आदिवासी समाज के द्वारा राजधानी रायपुर के बूढातालाब मे बूढ़ादेव की विशाल मूर्ति निर्माण हेतु कांसा ,पीतल,तांबा धातु का आम लोगो से दान लेकर संग्रहण के लिए आरंभ किये गये बूढ़ादेव रथ यात्रा के दूसरे चरण का समापन बलौदाबाजार जिले मे हो गया । बूढ़ादेव यात्रा का दूसरे चरण का समापन विगत 8 अप्रैल 2023 को रायपुर के बूढातालाब के पास आउटडोर स्टेडियम मे हो गया था ,परन्तु दूसरे चरण के यात्रा के दौरान भाटापारा के खोखली गांव मे दुर्घटना मे सेनानी सुनील यादव के निधन व अन्य 08 लोगो के घायल हो जाने के कारण यात्रा



मे भाटापारा व सिमगा ब्लाक के बहुत सारे गांव तक न पहुंच पाने के कारण छुटे हुये गांवो मे 18 अप्रैल से 22 मई के बीच पुन यात्रा कर छुटे गांव मे कांसादान के माध्यम से दान संकलन का काम पुरा किया गया। 8 अप्रैल को बलौदाबाजार जिले मे दान मे मिले 1500 किलो कांसा पीतल तांबा के बर्तन को रायपुर मे कांसा-अरपन मे सौपा गया था , बचे ग्रामो से प्राप्त 568 किलो 400 ग्राम के बर्तनो को रायपुर कार्यालय मे सौपा गया । इस प्रकार कांसादान मे बलौदाबाजार भाटापारा जिले से कुल 2100 किलोग्राम के बर्तन कांसादान मे लोगो से दान प्राप्त हुआ। छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के प्रदेश सचिव चन्द्रकांत यदु ,जिला संयोजक सुरेन्द्र यदु व जिला अध्यक्ष गोपाल प्रसाद वर्मा ने जिले के सभी दानदाताओ का आभार व्यक्त करते हुये जिले मे यात्रा को सफ्ल बनाने के लिये सभी बहनो भाईयो से मिले सहयोग, समर्थन के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

18 अप्रैल से जारी यात्रा के प्रभारी भाटापारा ब्लाक अध्यक्ष देव प्रसाद वर्मा ,सनत यदु,तोरण साहू , सुरेश साहू, मुकेश वर्मा,योगेश यदु,जितेंद्र वर्मा ,मनीष चंद्रवंशी, सतीष नेताम ,प्रिया सेन व आदिवासी समाज के विभिन्न चक अध्यक्ष, रायपंच का विषेश योगदान रहा ।ब्लाक के सभी गांवो मे लोगो ने बूढ़ादेव रथ का स्वागत किया व सर्वसमाज ने भरपूर सहयोग प्रदान किया ।

## पंचायत प्रतिनिधियों को जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ विषय पर प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बागबाहरा
www.dailypioneer.com

पंचायत प्रतिनिधियों का जलवायु एवं स्वास्थ प्रशिक्षण ,,राज्य स्वास्थ संसाधन केंद्र द्वारा महासमुंद जिले के पिथोरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बुंदेली में पंचायत प्रतिनिधि का जलवायु परिवर्तन एवम स्वास्थ विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण में तीन पंचायत के पंच सरपंच शामिल हो रहे है ,28 से 30 मई तक प्रशिक्षण दिया जाना है प्रशिक्षक के रूप में बूंदा बाई पटेल स्वास्थ विभाग मितानिन कार्यकर्म किरण कोसरिया , पीसी विदेसनी दास, के द्वारा प्रशिक्षण एवं जानकारी दी जा रही हैं प्रशिक्षण में हमारा स्वास्थ, जल, प्रदूषण , वायु, प्रदूषण के एवम पर्यावरण की जानकारी दी प्रशिक्षण में सरपंच सुनीता दीवान, उप सरपंच पूनम मानिकपुरी, पंच कमला दीवान, उषा दीवान, बिंदा चौहान , सरोज ठाकुर, झामिन दीवान , लचावंती दीवान , मितानिन अनिता मानिकपुरी , फुल बाई बरीह सुजाता सिंह एवम स्वच्छता समिति के सदस्य शैलेश सिंह , दुकाल यादव एवम पंच सरपंच शामिल हुए ।

## माननीय राज्यपाल से सौजन्य भेंट राज्यपाल के स्नेह एवम सम्मान से अभिभूत हूं - डॉ पाणिग्राही



पायनियर संवाददाता ◄ बागबाहरा
www.dailypioneer.com

ओडिशा , हिमांचल एवम सिक्किम प्रदेश के स्थापना दिवस के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राजभवन में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्य के रूप में डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने माननीय राज्यपाल श्रीमान विश्वभूषण हरिचंदन से सौजन्य मुलाकात किया । डॉ पाणिग्राही ने कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय ने अपने पास बिठाकर जो स्नेह एवम सम्मान दिया , उससे मैं अत्यंत ही अभिभूत हूं तथा आभार व्यक्त करता हूं साथ ही उत्कल समाज अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा का धन्यवाद ज्ञापन करता हूं ।

### सरोजिनी पाणिग्रही को सांकरा प्रभारी बनाया गया



सरायपाली। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम के निर्देश अनुसार एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमारी दुर्गा सागर के निर्देशन में सरायपाली की स यि महिला कांग्रेस नेत्री एवं जिला महासचिव महिला कांग्रेस सरोजिनी पाणिग्रही को सांकरा प्रभारी बनाया गया।

## दुर्गा वाहिनी का किया गठन



**सरायपाली।** विश्व हिंदू परिषद् बजरंगदल के प्रखंड संयोजक मयंक पाणीग्राही के नेतृत्व में दुर्गा वाहिनी का गठन किया गया , जिसमें संयोजिका सह संयोजिका एवं अन्य दायित्व की नियुक्ति जिला मंत्री अखिलेश लूनिया के द्वारा किया गया एवं हिन्दू बहनों को धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने एवं लव जिहाद धर्मांतरण गौरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जिला संयोजिका सुश्री अदिति चंद्राकर एवं सुश्री वंदना सेन , सुश्री भगवती साहू , विभागी से उत्तम वर्मा ने अवगत कराया और मुख्य रूप से खंड संघचालक सुरेंद्र दुबे , गायत्री संस्थान के प्रमुख सरला कोसरिया उपस्थित रहे ।

## मारपीट के आरोपी सट्टा के बड़े खाईवाल के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा में सट्टे के बड़े खाईवाल का नाम बताने पर घर के पास जाकर मारपीट व धमकी देने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ नेवरा पुलिस ने किया मामला दर्ज। प्रार्थी नंदू यादव ने नेवरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर बताया कि वह तिल्दा टॉकीज के पास निवास करता है प्रार्थी वहीं पर सौरभ मोबाइल दुकान में रिचार्ज करने गया था उसी समय कार क्रमांक सीजी 04 एमएच 2484 में मुकेश मोटवानी, ऋषभ पोपटानी व अविनाश लालवानी प्रार्थी के घर के पास आकर प्रार्थी को गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट करते हुए सट्टा लिखवाने में हम लोगों का नाम क्यों लिया है कहकर प्रार्थी से मारपीट किए हैं। व धमकी दिए है।

शिकायत जांच के बाद आज नेवरा पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294 ,323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

ज्ञात रहे प्रार्थी नंदू यादव को नेवरा पुलिस ने सट्टा लिखते गिरफ्तार किया था, उसके मोबाइल में तिल्दा नेवरा के कुछ बड़े खाई वालों का नाम सामने आया ,जहां पर नेवरा पुलिस द्वारा इसे जांच में लिया गया है ।और उसी मामले को लेकर तीनों आरोपी प्रार्थी के घर के पास जाकर उससे मारपीट व धमकी चमकी दिए हैं ,जहां पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## स्ट्रीट वेंडर टाऊन हॉल के सामने 1 जून को होंगे शिफ्ट

### स्ट्रीट वेंडरों का सर्वे सूची में नाम है अथवा नहीं, ऐसे स्ट्रीट वेंडर ले सकते हैं दुकानें

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में स्ट्रीट वेंडरों की एक बैठक लेकर उनसे चर्चा की। साथ ही नपाध्यक्ष ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा है कि जिन लोगों को व्यवस्थापन में दुकानें आबंटित किया गया है वे किसी भी प्रकार की चिंता किए बिना अपनी अपनी दुकानों में शिफ्ट हो जाएं। बैठक में नपाध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा कि सड़क पर एक भी स्ट्रीट वेंडरों को व्यवसाय की अनुमति नहीं देंगे। और जिन स्ट्रीट वेंडरों ने नगर पालिका में दुकानों के लिए राशि जमा कराया है उन्हें जल्द ही पालिका से अनुबंध किया जाएगा। अनुबंध में किराए के अलावा



नियम शर्तें के साथ दिया जाएगा। अब स्ट्रीट वेंडर एक जून से टाऊन हॉल स्थित पालिका बाजार में शिफ्ट होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष सभाकक्ष में मंगलवार को नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में स्ट्रीट वेंडरों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में स्ट्रीट वेंडरों ने पटवारी कार्यालय के सामने सभी ठेला गुमटियां हटाने की मांग करते हुए टाऊन हॉल के जाने पर सहमति जताई है। जिस पर नपाध्यक्ष ने कहा किसी के बहकावे न आए। उन्होंने कहा कुछ लोगों के द्वारा गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार है मुख्यमंत्री, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष सभी कांग्रेस के हैं, और कांग्रेस सरकार गरीबों के साथ कभी भी कुछ गलत होने नही देते। स्ट्रीट वेंडरों के सवाल पर नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि भूमि पूजन से लेकर दुकानों के निर्माण तक में शासन प्रशासन या किसी ने कोई रोक नहीं लगाई है। उन्होंने कहा रोक लगना होता तो पहले ही रोक लग गया होता। समझाइश के बाद स्ट्रीट वेंडरों ने एक जून से शिफ्ट होने पर सहमति जताई। इस दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि 136 दुकान में से 56 दुकानों का ड्रा हो चुका है। उन्हें क्रमशः दुकानों की आबंटन प्रक्रिया भी हो चुकी है। शेष 80 दुकानों का ड्रा एक जून को नगर पालिका अध्यक्ष सभाकक्ष में संध्या 4 बजे किया जाएगा। जिन स्ट्रीट वेंडरों का सर्वे सूची में नाम है अथवा नही है वे भी अब ऐसे स्ट्रीट वेंडर नगर पालिका में राशि जमा करा कर ड्रा में हिस्सा ले सकते हैं।

## सुनील पटेल प्रदेशाध्यक्ष एवं तेजराम कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित हुए



पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ प्रदेश मे कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष के लिए चुनाव रविवार को प्रदेश कार्यालय महमाई पारा पुरानी बस्ती मे हुआ । जिसमे पांच साल के लिए चुने जाने वाले प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए चार पैनल चुनाव मैदान मे थे । इस चुनाव मे विकास पैनल से सुनील पटेल प्रदेशाध्यक्ष एवं तेजराम पटेल कार्यकारी अध्यक्ष के लिए 231 मत मिले और जीत हासिल की । प्रतिद्वति एकता पैनल के ईश्वर पटेल को 190 मत मिले वही चंपालाल पटेल को मात्र 01 वोट मिले वही जितेन्द्र पटेल को 04 वोट मिले । वही छग प्रदेश मे 72 राज से आए कुल मतदाता 432 मे से 428 मत पड़े । समाज पदाधिकारीयों ने मतदान किया । नव निर्वाचित विकास पैनल के समर्थको ने फ्टाखें फोड कर अतिश बाजी की और फूल माला एवं गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी । एक माह तक चले प्रचार के बाद अब मतगणना के बाद प्रत्याशीयों का भाग्य का फैसला हो गया । विधान सभा चुनाव से पहले होने वाले इस चुनाव मे मरार समाज का यह चुनाव सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा इस लिए राजनीतिक दलो की नजरे भी बहु संख्यक घटक वाले कोसरिया मरार समाज के चुनाव परिणाम मे टिकी हुई है । मरार समाज शाक भाजी फ्ल फुल उत्पादक है जिनकी जन संख्या प्रदेश मे 27 लाख है । समाज अपने राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए लगातार प्रयासरत है ।

## केंद्र की योजनाओं को अपना बताकर वाहवाही लूट रहा कांग्रेस सरकार- देवेंद्र

### घोटालेबाजी में वर्ल्ड रिकार्ड बना चुकी भ्रष्ट सरकार की विदाई तय

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि साढ़े चार साल के कांग्रेस राज में छत्तीसगढ़ का विकास पूरी तरह ठप है। 2018 के बाद छत्तीसगढ़ में केवल घोटाले ही घोटाले हो रहे हैं। नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना पूरी तरह फ्लॉप साबित हुई है। गौठान के नाम पर 1300 करोड़ रूपये का घोटाला सामने आया है। प्रदेश के सभी गौठानो का निरीक्षण कर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश भर के नेता एवं कार्यकर्ता गणों द्वारा सभी जगह जाकर सच सबके सामने लाए है। महज 2 से 3 लाख तक का भी खर्च नहीं हुआ है उस जगह पर उसी गैठान के नाम पर 35 से 40 लाख रूपये केंद्र सरकार का गबन किए है। मौका निरीक्षण में पाया गया की गौठानों में न तो गाय है और नही उचित खान पान की व्यवस्था सीधा भूपेश सरकार अपनी जेब में गायो का चारा पानी ले गए है। किसान, मजदूर, गरीब, युवा सभी परेशान हैं। कांग्रेस के नेता, मंत्री व सत्ता संरक्षण में निरंकुश हो चुके अधिकारी घोटालेबाजी में व्यस्त हैं। शराब घोटाला, कोयला घोटाला, गोठान घोटाला के बाद अब हजारों करोड़ का चावल घोटाले में छग की कांग्रेस सरकार सुर्खियों में है। छत्तीसगढ़ में भाजपा शासन के दौरान विकास ने जो गति पकड़ी थी वह आज पूरी तरह से रूक गया है। छग के साथ-साथ महासमुंद जिले में विकास धरातल से कोसो दूर है। पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल तथा पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर के कार्यकाल में स्वीकृत हुए ओव्हरब्रिज का लोकार्पण कर कांग्रेस के नेता वाहवाही लूट रहे हैं। इसके अलावा केंद्र के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अपना बताकर कांग्रेस



द्वारा प्रचार किया जा रहा है। चाहे वह गरीब खाद्यान्न योजना हो, नल-जल योजना हो या प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना। ये सभी महत्वपूर्ण योजनाएं केंद्र की मोदी सरकार की देन है। इसके अतिरिक्त छग शासन द्वारा किसी भी योजनाओं में गरीब, युवाओं, किसानों को कोई राहत नहीं दी गई है। महासमुंद में अनेक विकास कार्य की योजनाएं जो पिछले भाजपा शासन में बनी थी, वह कांग्रेस के आते ही दबा दी गई। महासमुंद बायपास सड़क, बीटीआई रोड गौरव पथ, नया बस स्टैंड आदि कार्यों की फाइलें गायब है। देवेंद्र चंद्राकर ने आगे कहा कि कोविड काल के दौरान शुरु हुई पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा मिले चावल में से 1.5 करोड़ क्विंटल से ज्यादा चावल को नहीं बांटा गया। केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत 11 लाख 53 हजार 380 क्विंटल चावल प्रतिमाह आबंटित किया जा रहा है। अप्रैल 2020 से दिसंबर 2022 तक केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को 3 करोड़ 80 लाख 61 हजार 540 क्विंटल चावल का अतिरिक्त आवंटन किया गया। राज्य सरकार द्वारा इस अवधि में इस योजना के तहत गरीब परिवारों को 2 करोड़ 29 लाख 80 हजार 711 क्विंटल चावल वितरित किया गया। कांग्रेस सरकार ने 1 करोड़ 50 लाख 80 हजार 829 क्विंटल चावल का वितरण नहीं किया है। जिसका बाजार मूल्य 3400 प्रति क्विंटल के अनुसार 5 हजार 127 करोड़ रुपये है। श्री चंद्राकर ने कहा कि घोटालेबाजी में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी छग की कांग्रेस सरकार की विदाई आने वाले विधानसभा चुनाव में तय है। छग की जनता इस सरकार को सबक सिखाएगी।

### कुनाल भास्कर का प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ चयन



सरायपाली विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पझरापाली के छात्र कुनाल भास्कर का प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु चयन हुआ है। जनपद पंचायत सरायपाली के अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने बताया कि मेरे देवरानी की बेटा ' कुनाल भास्कर , पिता श्याम लाल भास्कर, माता सरोज भास्कर का प्रयास आवासीय विद्यालय में हेतु चयन हुआ है जिसका श्रेय शास. पूर्व मा. शाला पझरापाली के प्रार्चाय,प्रधान पाठक जपेश्वर प्रधान, रूपधर कलेत, चंपालाल डडसेना, जयंत भोई, के साथ ही शाला प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी गण तथा परिवार जनों के सहयोग से सफ्लता प्राप्त की । ईश्वर से उसकी उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### महलपारा बूथों में सुनी भाजपा नेताओं ने मोदी के मन की बात



सरायपाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्य म मन की बात को शहर के महल पारा में सैकड़ों भाजपा नेताओं ने सुना। कार्य म में जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र विपिन उबोवेजा के नेतृत्व में तथा कार्य म प्रभारी श्रीमती राखी गणेश चौहान पार्षद नगर पालिका परिषद सरायपाली द्वारा मन की बात कार्य म को सुना गया । जिला संयोजक उबोवेजा के द्वारा मन की बात के बारे में सभी मोहल्ले वासियों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद पंचराम चौहान, श्रीमती केवरा चौहान, फगू लाल दास, मोतीराम, जेतराम, बिहारी चौहान पूर्व पार्षद, विक्की, सविता मानिकपुरी, ननकी बाई, जयंती बाई, एवं अन्य नागरिक एवं मोहल्ले वासी उपस्थित रहे।

### नांदबारू में फीता काटकर बोर खनन का शुभारंभ



**महासमुन्द।** सिरपुर क्षेत्र के ग्राम नांदबारू में धरती माता का पूजा अर्चना कर बोर खनन का कार्य म प्रारंभ किया गया। इस मौके पर किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने कहा इस बोर से ग्राम वासियों को मीठा पेयजल मिलेगा। समस्त ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरा होने से सभी के चहेरे खिले हुए हैं। साथ में पूर्व विधायक प्रत्याशी बृजमोहन पटेल, वेदप्रकाश साहू, रोहित पटेल, राजू पटेल, मांगीलाल खेरवाड़ा, तेनु पटेल,अभय बरिहा, किलाल ध्रुव ,कमलेश खैरवाड़ा, अनीता सुमन,मंजु आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री निवास में रात्रि भोज एवं भेंट मुलाकात के आमंत्रण पर डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री निवास में रात्रि भोज एवं भेंट मुलाकात के आमंत्रण पर महासमुंद के जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में जिला के सभी ब्लॉक एवं शहर अध्यक्ष की बैठक आहूत की गई। जिसमें महासमुंद के विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर, सचिव द्वारिकाधीश यादव एवं सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद भी भेंट मुलाकात में कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत जिस जिस परिवार के यहां भोजन ग्रहण किए थे, जिले के उन समस्त परिवारों को



भी मुख्यमंत्री निवास में आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जिस तरीके से पूरे छत्तीसगढ़ भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत पहुंचने पर वहां जिस जिस परिवार के घर में मैंने भोजन ग्रहण किया उन परिवारों के सभी सदस्यों का मैं ऋणी हो गया हूं जो भी परिवार के यहां मैंने भोजन ग्रहण किया वहां की पूरे सदस्य बहुत ही प्यार और आत्मीयता के साथ हम सभी को भोजन करवाए और छत्तीसगढ़ के तरह-तरह के व्यंजन का स्वाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ। उन सभी परिवारों का आभार व्यक्त करने हमने उन परिवारों के साथ-साथ जिला के समस्त कांग्रेस के अध्यक्ष गणों,जिलाध्यक्ष एवं विधायक गणों को भी आमंत्रित किया है। भेंट मुलाकात का दौर चलते रहना चाहिए। क्योंकि मुख्यमंत्री और आम नागरिक सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ को नवा छत्तीसगढ़ बनाना है। मुख्यमंत्री स्वयं समस्त भोजन की स्टाल पर पहुंचकर अतिथियों का सम्मान करते हुए उनसे हालचाल पूछते रहे।

उक्त भेंट मुलाकात में महासमुंद शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल,ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, बागबाहरा अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर,रवि निषाद,रामनारायण आदित्य,पुष्पेंद्र पटेल, संतोष पटेल,विजय साहू,रवि कश्यप,करण दीवान जितेंद्र सिदार मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने सुनीं मोदी के मन की बात कार्यक्रम



**सरायपाली।** कुटेला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया की उपस्थिति में सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र पंडा, मुरलीधर नायक, धर्मेंद्र ठाकुर, लाल दास, प्रेमलाल, मेमबाई, गुंडा यादव, सरिता नायक, शनि सिदार, गणपति सिदार, चमरीन सिदार, शिवचरण भोई, शेखर यादव, गुरुचरण सिदार, लालव दास, सुरुचि नायक, अजय कुमार नायक, रामबाई सिदार, प्यारी चौहान, श्रद्धा राम चौहान, मिर्चा भोई, गोपोदास, व ग्रामीण जनों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई।

## झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने की संसदीय सचिव से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छग कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर ने नई जिम्मेदारी मिलने पर पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। आज रविवार को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष रवि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी की टीम ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर ने नियुक्ति आदेश देते हुए आशा व्यक्त की कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी जा रही है उस पर वे खरा उतरने हरसंभव प्रयास करेंगे। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कांग्रेस की



नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष रवि सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष बंटी चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी हेमंत यादव व सौरभ वास्तव, सदस्य अरबाज खान, जनक बघेल, वासू कुर्रे, सज्जाद खान, सुजीत ठाकुर, रूपेंद्र साहू, यशवंत सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

### झुग्गी झोपड़ी कांग्रेस प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

छग कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के महासमुंद शहर अध्यक्ष रवि सिंह ठाकुर ने प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें कोषाध्या बंटी चौहान को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी हेमंत यादव व सौरभ श्रीवास्तव होंगे। सदस्य अरबाज खान, जनक बघेल, वासू कुर्रे, सज्जाद खान, सुजीत ठाकुर, रूपेंद्र साहू, यशवंत सूर्यवंशी को बनाया गया है।

# जनदर्शन के आवेदन में हुई त्वरित कार्यवाही जामुल निवासी बंशी लाल साहू को मिला श्रवण यंत्र

## नाली का गंदा पानी पहुंच रहा है निवास तक, जनदर्शन में पहुंचे वार्डवासी, जनदर्शन में प्राप्त हुए 160 आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रतिसप्ताह सोमवार को आयोजित जनदर्शन में आज अपर कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने नागरिकों की समस्या सुनी और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में जामुल निवासी बंशी लाल साहू कान में कम सुनाई देने की परेशानी को लेकर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचें। उन्होंने बताया कि उन्हें कई सालों से कान में कम सुनाई देने की दिक्कत आ रही थी, जिससे उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अपर कलेक्टर श्रीमती पदमिनी भोई साहू ने उनकी परेशानियों को सुनकर उसके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साहू को समाज कल्याण विभाग के द्वारा तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान किया। श्रवण यंत्र मिलने पर श्री साहू ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राप्त आवेदनों में निकुम निवासी कृषक अपनी शिकायतों को लेकर जनदर्शन में पहुंचें। उन्होंने बताया कि खेत के पास लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क निर्माण किया गया है, तथा रोड के बीच में खेती के पानी की निकासी की व्यवस्था की गई है। लेकिन खेत में भरे पानी को निकालने के लिए निकासी का कोई साधन नहीं है, जिससे बरसात के मौसम मे पानी भर जाता है और फसल को नुकसान होने की संभावना होती है। इसी प्रकार एक और आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें बोरसी वार्ड के समस्त निवासियों ने बोरसी हनोदा मार्ग में निर्मित नाली की शिकायत की। उन्होंने बताया कि निर्मित नाली में गंदे पानी का बहाव सुचारू रूप से नही हो पाता है, जिसके कारण नाली का गंदा पानी आसपास के घरों में पहुंच जाता है, इससे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। बरसात के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों ने शीघ्र सुधारवाने के लिए निवेदन किया। प्रस्तुत आवेदन का अवलोकन कर अपर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को मामले की जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने गयाबाई पूर्व मा.शाला गयानगर में वृक्ष कटाई के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि गयाबाई पूर्व मा.शाला गयानगर में बहुत पुराना वृक्ष है, जो कभी भी गिर सकता है। जिससे बड़े हादसे एवं वृक्ष के बिल्डिंग के उपर गिरने से नुकसान होने की संभावना बनी रहती है। इस पर एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में 160 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अवैध कब्जा, बटवारा, आर्थिक सहायता, सीमांकन, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु, राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# डुण्डेरा की सड़के हुई रोशन, सर्व समाज के उपयोग में आए भवन: ताम्रध्वज साहू

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com







सड़को को रोशन करने दुर्ग ग्रामीण विधायक और लोकनिर्माण व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू डुण्डेरा पहुंचे। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा विद्युत व्यवस्था के लिए 6.28 लाख रूपए खर्च किया है। गृहमंत्री ने इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू संघ सामुदायीक भवन बनाने भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य के लिए अभी उन्होंने भूमिपूजन किया है। सामुदायीक भवन निर्माण शुरू होने से पहले बेहतर प्लानींग करे। ताकि जगह की सही उपयोग हो। गृहमंत्री ने कहा कि परिक्षेत्रीय साहू संघ की मांग और जगह उपलब्धता को आधार बनाते हुए वे कई जगहों पर सामुदायीक भवन बनाने राशि स्वीकृत की है। उनकी मंसा है कि सामुदायीक भवन सर्व समाज के लिए उपयोग हो। गृहमंत्री ने भूमिपूजन से पहले डुण्डेरा में प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया। डुण्डेरा मार्ग पर लगे स्ट्रीट लाइट का बटन दबाया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर परिषद के सदृस्य चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, चन्द्रप्रकाश निगम, सोनिया देवांगन, पार्षद रोहित धनकर, डॉ. सीमा साहू, विनय नेताम एल्डरमेन तरूण बंजारे आदि उपस्थित थे।

**गृहमंत्री का किया अभिनंदन-** भूमिपूजन कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय साहू संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री का नागरिक अभिनंदन किया। पदाधिकारियों ने मंत्री को शाल, श्रीफल एवं स्मृती चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में डुण्डेरा के नागरिक उपस्थित थे।

**महिलाओं का बढ़ाया मनोबल-** भूमिपूजन कार्यक्रम में सामाजिक महिलाओं ने स्थानीय कार्यक्रम के लिए सामान जैसे बर्तन, गैस चूल्हा आदि के लिए 10 हजार आर्थिक सहयोग की मांग की। गृहमंत्री ने 20 हजार आर्थिक सहयोग देते हुए कहा कि महिलाएं पर्यावरण की दिशा में सोचे। प्लास्टीक डिस्पोजल का उपयोग न करे। सहयोग राशि से वे बर्तन बैंक की स्थापना करे और पूरे गांव को लाभ दे।

# एनर्जी कंजर्वेशन के 2 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन महापौर ने अभियंताओं को प्रदाय किया प्रमाण पत्र

■ भिलाई निगम के अभियंताओं को क्रेडा विभाग के माध्यम से मिला एनर्जी सेविंग का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में क्रेडा विभाग से आए हुए ट्रेनर ने अभियंताओं को प्रशिक्षित किया। दिनांक 29 मई दिन सोमवार से प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण 30 मई को समाप्त हो गया है। दो दिवसीय प्रशिक्षण के समाप्ति उपरांत भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने अभियंताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, क्रेडा विभाग के अधीक्षण अभियंता भानु प्रताप सिंह, क्रेडा के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज तुलसीराम ध्रुव, महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में क्रेडा से आए ट्रेनर ने निगम के अभियंताओं को एनर्जी कंजर्वेशन को लेकर प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में एनर्जी सेविंग के बारे में निगम के अभियंताओं को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ट्रेनर प्रीति गुप्ता एवं साउमेन जाएन ने अभियंताओं को प्रशिक्षण में बताया कि पहले रौशनी के लिए बल्ब का उपयोग किया जाता था, फिर इसके स्थान पर एलईडी लाइट का उपयोग किया जाने लगा, इस प्रकार धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा है और एनर्जी कंजर्वेशन की ओर आगे बढ़ोतरी हो रही है। इसी प्रकार बिल्डिंग के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। सूर्य की दिशा के हिसाब से इसका आउटसाइड की दीवार की मोटाई कितनी होनी चाहिए, छत की मोटाई कितनी होनी चाहिए, घरों में खिड़की होना कितना आवश्यक है और इसकी साइज क्या होनी चाहिए, बिल्डिंग में सिंगल ग्लास एवं डबल ग्लास का क्या महत्व है तथा डबल ग्लास क्यो होना चाहिए।

# किरायेदारी में निवासरत आवेदकों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ी

## 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे जमा, आवेदन पत्र लेने की अंतिम तिथि 31 मई होगी यथावत

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस घटक के अंतर्गत विभिन्न स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों के आबंटन के लिए आवेदन पत्र लेने की अंतिम तिथि 31 मई 2023 निर्धारित की गई है। इस तिथि तक आवेदन पत्र आवेदकों के द्वारा लिया जा सकता है। परंतु आवेदकों के द्वारा आय प्रमाण पत्र तथा एमआईएस पोर्टल में पंजीयन कराने में अतिरिक्त समय लगने के कारण समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित पूर्ण आवेदन पत्र को जमा करने की तिथि में बढ़ोतरी की गई है। 15 जून 2023 तक पूर्ण आवेदन पत्र अब आवेदक जमा कर पाएंगे। आवेदन के साथ पूर्ण दस्तावेज जमा करने में लगने वाले समय को देखते हुए महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवेदन जमा करने की तिथि को 15 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया है और इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। लेकिन आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि 31 मई 2023 ही होगी। नगर पालिक निगम भिलाई की अपील है कि 31 मई दिन बुधवार तक अनिवार्य रूप से किराएदारी में निवासरत हितग्राही जिन्हें आवास की आवश्यकता है वह आवेदन पत्र प्राप्त कर लें। शासन से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिक को भूतल में आवास प्रदान किया जाना है। भूतल में आवास प्राप्त करने के लिए आवेदक यदि दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिक है और इनके पास प्राधिकारी अधिकारी का प्रमाण पत्र उपलब्ध है तो दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिक अपने स्वयं के नाम से आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर आवेदन के साथ जमा करेंगे।

# गायत्री परिवार में मनाया मां गायत्री अवतरण दिवस



पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

मां गायत्री अवतरण दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार रामानुजगंज के द्वारा मां गायत्री मंदिर में सुबह 7:30 से 9:00 तक पूजा अर्चना उपरांत जब तक किया गया। तत्पश्चात मां महामाया मंदिर घाट तक भजन कीर्तन करते हुए जीवनदायिनी कन्हर नदी में मां गंगा मैया का पूजा अर्चना कर पुनः मां गायत्री मंदिर परिसर में आने के बाद यज्ञ हवन कर उपस्थित भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। गायत्री परिवार के लोग महिला एवं पुरुषों ने एक दूसरे को गंगा दशहरा एवं गायत्री अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टी आर शर्मा,ब्लॉक समन्वयक एस पी निगम,राजू केशरी,अरुण जैसवाल, चन्द्रावती देवी, रूपकला देवी, रूपा कुशवाहा, विनोद राहगीर,दिलीप गोस्वामी सहित गायत्री परिवार के लोगों के साथ भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए।

# जिले के ग्राम पंचायत चंदखुरी में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग विकासखंड के ग्राम पंचायत चंदखुरी में रीपा के अंतर्गत 2 करोड़ की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया गया है। जिसमें 2 डोमशेड, शौचालय-2 (महिला/पुरुष), एप्रोच रोड, चारों ओर बाउंड्रीवाल, घेरा तथा मुख्य द्वार का निर्माण किया गया है। रीपा के अंदर एक प्रशासनिक क्षेत्र का निर्माण किया गया है। जिसमें बैंकिंग सुविधा हेतु क्योस्क, इंटरनेट सुविधा हेतु वाईफाई कनेक्शन. राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी हेतु हेल्पडेस्क का निर्माण किया गया है एवं रीपा परिसर के मध्य में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। रीपा केंद्र में युवाओं द्वारा पैकेज्ड मिल्क, दही व खोवा उत्पादन किया जाता है। इसके उत्पादन हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक मशीने रीपा स्थल पर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र की मांग के अनुरूप निकट भविष्य में मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट में नए उत्पादों को भी स्थान दिया जाएगा। इस यूनिट से आसपास के क्षेत्र के कुल 41 लोगों को रोज़गार का अवसर प्रदान किया जाएगा। उद्यम के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्राइवेट कंपनियों के साथ अनुबंध कर लोकल बाजारों में बिकी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही तैयार उत्पादों को शासकीय विभागों में भी सप्लाई किया जाएगा, ताकि उत्पाद की खपत सुनिश्चित कर कार्य कर रहे श्रमिकों को रोज़गार की गारंटी प्रदान कर उनके भविष्य को आर्थिक दृष्टिकोण से बेहतर और समृद्ध बनाया जा सके।

# मानव सेवा परिसर स्थित तालाब का होगा कायाकल्प, आकर्षक लाइटिंग, सौंदर्यीकरण तथा फाउंटेन से लेकर होगा सब कुछ





■ विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने रखी आधारशिला, भूमिपूजन होते ही आज से हुई काम की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत सेक्टर 9 अस्पताल के समीप स्थित मानव सेवा परिसर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया। कार्य प्रारंभ होते ही मानव सेवा परिसर स्थित तालाब की गंदगी को निकाल कर तालाब की संपूर्ण सफाई की जाएगी, जिसके चलते स्वच्छ तालाब का आनंद लोग उठा पाएंगे। तालाब परिसर में लैंडस्कैपिंग का कार्य किया जाएगा और म्यूरल आर्ट के माध्यम से आकर्षक कलाकृति बिखेरी जाएगी। तालाब में चबूतरा का निर्माण किया जाएगा जिसमें लोग बैठकर परिवार के साथ लुफ्त उठा पाएंगे। इसके साथ ही भव्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। आकर्षक रंग, रोगन के माध्यम से परिसर को सुंदर बनाया जाएगा। चलने के लिए पाथवे होगा और पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। चारों तरफ लाइटिंग की व्यवस्था होगी इसके लिए इलेक्ट्रिक पोल के माध्यम से रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। बैठने के लिए स्टील बेंच की व्यवस्था भी होगी तथा तालाब में फाउंटेन भी लगाया जाएगा। गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के घोषणा के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है इसी कड़ी में लगभग 80.39 लाख की लागत से सेक्टर 9 अस्पताल के समीप स्थित मानव सेवा परिसर के तालाब का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बता दे कि सेक्टर 9 के समीप स्थित मानव सेवा परिसर में काफी लोगों का आना जाना लगा रहता है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजन भी मानव सेवा परिसर का रुख करते हैं।

# "माहवारी स्वच्छता प्रबंधन" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। माहवारी स्वच्छता विषय पर जानकारी देने हेतु यूनिसेफ से डॉक्टर नेहा सिंह किशोर किशोरी सशक्तिकरण एवं बाल विवाह, बाल संरक्षण विशेषज्ञ (राज्य सलाहकार) एवं शशांक शर्मा जिला समन्वय किशोर किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम जिला दुर्ग की भूमिका रही है। कार्यक्रम में डॉ. नेहा सिंह के व्दारा किशोरावस्था और माहवारी यौवन के दौरान होने वाले भावनात्मक परिवर्तन लड़कियों में यौवनवस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तन, लड़को में यौवनवस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तन, माहवारी के समय पोषण प्रजनन प्रणाली, माहवारी के प्रति मिथक, माहवारी स्वच्छता महत्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, शोशक सामाग्री जैसे पैड, सूती कपडा, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन योजनाएं, माहवारी अपशिष्ट प्रबंधन, किशोरावस्था और लिंग विभाजन के आधार लिंग के विभाजन आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता से संबंधी खेल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफके सहयोग माहवारी स्वच्छता विषय पर एनिमेशन विडियों का निर्माण किया गया है। जिसको आगनबाड़ी केन्द्र के द्वारा सभी गर्भवती शिशुवती, किशोरियों को दिखाया जाऐगा। जिससे कि उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। माहवारी स्वच्छता एवं महिला समुदाय के सम्मान हेतु जिले में रेड डॉट चौलेंज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता भी इसमें भागीदारी ले रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन द्वारा आज की कार्यशाला से संबंधित विषय पर चर्चा की गई एवं कार्य योजना बनाकर जिले में इसका क्रियान्वयन किया जाएगा की जानकारी दी गई एवं यूनिसेफटीम का इस आयोजन को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनान्तर्गत सी.सी. रोड स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2022-23 के अंतर्गत दुर्ग विकासखण्ड के ग्राम गनियारी में 2 लाख 60 हजार रूपए की सी.सी. रोड़ निर्माण (मेन रोड से अशोक घर तक) पार्ट दू2 अधोसंरचना निर्माण कार्य की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्ग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गनियारी में सी.सी. रोड़ निर्माण (मेन रोड से अशोक घर तक) पार्ट 2 हेतु 2 लाख 60 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है।

## महापौर व आयुक्त सुबह नल खुलने के समय गयानगर व राजीव नगर वार्ड पहुंचे,लोगो की समस्याओं से हुये रूबरू

# निगम क्षेत्र में पानी व्यर्थ बहते देख महापौर ने नलों में टोंटी लगवाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 और 4 में पेयजल व्यवस्था को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण करने सुबह नल खुलने के समय वार्ड क्षेत्र गयानगर एवं राजीव नगर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महापौर व आयुक्त ने बस्ती एरिया में पानी सप्लाई की व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान वार्ड 4 व 3 में पानी की समस्याओं को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गया नगर मुक्तिधाम के आस पास से लगे हुए लगभग सैकडों घरों में जाकर लोगों से रूबरू होते हुए लोगो से पानी के प्रेशर के बारे में भी पूछा। निरीक्षण के दौरान कुछ घरों में पानी का प्रेशर कम पाया गया। उन्होंने अधिकारियों को पानी के प्रेशर के बारे में जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की बात कही। निरीक्षण के समय महापौर धीरज बाकलीवाल ने देखा कि कुछ जगहों पर पानी व्यर्थ बह रहा है इस पर उन्होंने ने लोगों से कहा कि पानी बहुत उपयोगी है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इसका उचित उपयोग हो। यदि सही तरीके से उपयोग किया जाए तो सबकी जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त पानी मिल सकेगा। घरों के बाहर खुले नलों में टोंटी लगाने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान कुछ घरों में प्रेशर की दिक्कत का मामला सामने आया। इस पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने तकनीकी परीक्षण कर इसे दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। नल खुलने के समय मानीटरिंग करने महापौर एवं आयुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि दोनों वक्त नल खुलने के समय मानिटरिंग के लिए मौजूद रहें। किसी घर में प्रेशर की कमी है तो इसे जल्द से जल्द ठीक करने की कार्रवाई की करे। निरीक्षण के दौरान जलकार्य प्रभारी संजय कोहले,दीपक साहू, गयानगर वार्ड पार्षद लीना देवांगन, पार्षद नरेंद्र बंजारे,भवन अधिकारी प्रकाशचंद थावानी,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद रहे।

महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गौरव पथ में हो रहे नाली निर्माण कार्यो का निरीक्षण किये उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाली निर्माण को एक लेबल में लाने की बात कही। साथ ही गौरवपथ के अन्य निर्माण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नालियो की सतह से सफाई,सड़क किनारे व नालियो में उपजे घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, कचरे का उठाव व परिवहन सहित अन्य साफ सफाई कार्यो में और भी बेहतर सफाई करवाये।

# मेगा जॉब ऑफर, रोजगार का सुनहरा अवसर बेरोजगार युवक-युवतियों को मिलेगा रोजगार

## 1 जून को मंगल भवन खुर्सीपार में होगा इंटरव्यू

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा के अनुरूप आईटी सेक्टर की ओर बढ़ते भिलाई में बीपीओ कॉल सेंटर खुलने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की घोषणा पर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल से भिलाई में इसके लिए शीघ्रता से कार्य किया जा रहा है। बीपीओ कॉल सेंटर खुलने से हजारों बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार मिल पाएगा। बीपीओ कॉल सेंटर में भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इसके लिए मंगल भवन भिलाई खुर्सीपार में 1 जून 2023 दिन गुरुवार को साक्षात्कार रखा गया है। टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन संस्था के द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से सिलेक्शन की प्रक्रिया की जाएगी। वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 1 जून को सुबह 11:00 बजे से मंगल भवन खुर्सीपार जोन 4 में टेक्नोटास्क संस्था के द्वारा किया जाएगा। बीपीओ कॉल सेंटर में सिलेक्शन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से अधिक, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक पास एवं कंप्यूटर संचालन, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का लेखन एवं वार्तालाप का अनुभव आवश्यक होगा।

# नया संसद भवन, शानदार उद्घाटन

**नए** संसद भवन का भव्य उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। रविवार को हुए समारोह में ऐतिहासिक 'सेंगोल' को लगाने के साथ अनेक अन्य गतिविधियां भी हुईं। सेंगोल चोल साम्राज्य में सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक रहा है। सी. राजगोपालाचारी की सलाह पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसे स्वतंत्रता प्राप्ति के समय धारण किया था, पर बाद में इसे संग्रहालय भेज दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सेंगोल' की प्राचीन गरिमा बहाल कर इसे लोकसभा अध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित किया है। सरकार और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करने वाले बयान दिए हैं। उन्होंने नई संसद बनाने के विचार का पहले से ही समर्थन किया है। नई संसद में शानदार वास्तु संरचना के साथ अनेक प्रतीकों व विश्वस्तरीय फर्निशिंग को शामिल किया गया है। दूसरी ओर



विपक्ष ने पिछले कुछ दिनों में पूरे आयोजन पर तीखी टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पहले ही संविधान के अनुच्छेद 60 व 111 का संदर्भ देते हुए दावा किया था कि संसद प्रमुख के रूप में राष्ट्रपति को इमारत का उद्घाटन करना चाहिए था। टीएमसी की प्रतिक्रिया में भी निन्दा और व्यंग्य शामिल था। पार्टी सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को कहा कि नई संसद का प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन यह कहने के समान है कि 'मैं केवल अपने आप से प्यार करता हूं।' लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि देश को नए संसद भवन की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता का अनुभव न केवल इस सरकार में, बल्कि इसके पहले भी किया गया था। 2012 में लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने एक उच्चाधिकार समिति का गठन पुराने संसद भवन के स्थान पर एक वैकल्पिक परिसर का सुझाव देने के लिए किया था। हालांकि, आवश्यकता का यह अनुभव कामकाज के दृष्टिकोण से था जिसके वैकल्पिक इमारत में विस्तार की उम्मीद थी। पुराना ढांचा एक शताब्दी पहले बना था और समय बदलने के साथ वह बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता था।

प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा है कि नया संसद भवन केवल एक इमारत न होकर 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं व सपनों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो दुनिया को भारत की प्रतिबद्धता का संदेश देता है। यह नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को क्रियान्वयन से, इच्छाशक्ति को कार्य से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'भारत न केवल लोकतांत्रिक देश, बल्कि लोकतंत्र की जननी है।' उन्होंने जोर दिया कि लोकतंत्र भारत में व्यवहार की जाने वाली केवल एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह एक संस्कृति, विचार एवं परंपरा है। उनका यह कहना सही है कि हमारे देश में लोकतंत्र की जड़ें वेदों तथा आधुनिक बिहार के वैशाली तक जाती हैं। सरकार और विपक्ष के अनेक लोगों ने संसद को 'लोकतंत्र का मंदिर' कहा है। इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियों तथा नेताओं की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि इस मंदिर की पवित्रता हर परिस्थिति में और हर समय बनी रहे। किसी को भी इस मंदिर को अपवित्र नहीं करना चाहिए। इसका अर्थ है कि दोनों सदनों में कामकाज लोकतंत्र की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप होना चाहिए। वरिष्ठ नेताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि जब कोई विपक्षी बोल रहा हो तो उसे अपनी इच्छानुसार अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए तथा किसी को इस पर शोर-शराबा नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही सभी सांसदों को निर्धारित समयसीमा में बोलने के लिए अध्यक्ष के निर्देशों का सम्मान करना चाहिए। इससे भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा।

# आतंकवाद का बढ़ता खतरा

## आतंकवाद का उद्देश्य लक्षित समूहों में अत्यधिक भय पैदा करना है ताकि वे अपने व्यवहार में परिवर्तन करें जिससे चरमपंथी परिवर्तन का रास्ता साफ हो।



डा. सुधीर हिंदवान
(लेखक, एक रणनीति विशेषज्ञ हैं।)



राजौरी में हालिया आंतकी हमले में 4 सैनिक शहीद हुए। इसके कुछ दिनों पहले जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक सैनिक वाहन को निशाना बनाया गया था जिसमें 5 सैनिक शहीद हुए। यह हमला जी 20 बैठक के ठीक पहले हुआ जिससे स्पष्ट था कि अभी आतंकवादियों का पूरी तरह सफाया नहीं हुआ है। इन हमलों का उद्देश्य सुरक्षा में अस्थिरता पैदा कर क्षेत्र में जोखिम भरा माहौल बनाना था। यह कोई अलग-थलग घटना न होकर क्षेत्र में अतीत में आतंकी हिंसा का नया अध्याय है। पहले सोपोर, बड़गांव, छदूरा, नूरबाग व डोरू शाहाबाद में हुए आतंकी हमलों ने सुरक्षा एजेंसियों को चिन्ता में डाल दिया था। हालांकि, केन्द्र व राज्य सरकारों ने उन मुद्दों का समाधान कर शानदार काम किया है जिनका बहाना बना कर आतंकी जानबूझ कर समस्यायें पैदा करते थे तथा बाहरी लोगों पर निशाना लगाते थे। इसके अलावा, एक सीमा तक आतंकवाद से जुड़ना आतंकियों की आजीविका का मामला भी था क्योंकि उनके पास थोड़े पैसे के लिए अपना जीवन दांव पर लगाने तथा अपने मालिकों में 'झूठी लोकप्रियता' पैदा कर कुछ अतिरिक्त लाभ प्राप्त करना था। चाहे अजमल कसाब का मामला हो या कुछ अन्य का, उनको भ्रमित कर मुंबई में सर्वाधिक जघन्य अपराध के लिए प्रेरित किया गया था। हालांकि, केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ वार्ताओं तथा अलगाववादियों से संवाद की शुरुआत कर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान का प्रयास किया था, पर इसके बावजूद आतंकियों व सेना के बीच टकराव जारी रहे।

इस क्षेत्र की भौगोलिक संरचना विद्रोहियों को छापामार गतिविधियों का अवसर प्रदान करती है। अनेक वर्षों में कई सुरक्षा अधिकारी आतंकी हमले रोकने के प्रयासों में शहीद हुए हैं। दुनिया भर में आतंकियों की नई फसल ने अपने भीतर एक प्रकार का विश्वास पैदा किया है। उनकी रणनीतियां ज्यादा संवेदनशील हुई हैं और वे सीमापार से ज्यादा घातक अधिकार प्राप्त करने में सफल हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय आवागमन में तेजी से वृद्धि तथा अजाल्ट राइफल व प्लास्टिक विस्फोटक-आरडीएक्स जैसे संवेदनशील हथियारों का प्रयोग ने दुनिया भर में आतंकी संजालों का विस्तार किया है। इसके अलावा आतंकियों के 'आत्मघाती' दस्तों ने प्रभावित राज्यों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को आश्चर्यचकित किया है। ऐसे में यूरोप, एशिया व अफ्रीका में हालिया घटनाओं की समुचित समझदारी की जरूरत है। इतिहास में अनेक त्रासद आतंकी घटनायें दर्ज हो चुकी हैं।

संगठित अपराध तथा राजनीतिक हिंसा के ब्रिटिश विश्लेषक एलीसन जैमीसन ने आतंकवाद व संगठित अपराध के बीच अंतर किया है जो हाल में बहुत धुंधला हो गया है। इटली में संगठित अपराध के विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नेस्टो का कहना है कि इनके 'लक्ष्य अलग-अलग हैं। जहां आतंकी का लक्ष्य वैचारिक होता है, वहीं संगठित अपराध का लक्ष्य वित्तीय है, लेकिन उनके उपकरण समान हैं। दोनों को पैसे और हथियारों की आवश्यकता होती है।' श्रीलंका में तमिल टाइगर्स अपने संघर्ष के वित्त-पोषण के लिए नशे के व्यापार में शामिल होते हैं तथा पूर्वोत्तर भारत में छापामार चाय बागान मालिकों का अपहरण कर उनसे प्राप्त धनराशि का प्रयोग अपने स्वतंत्रता संघर्ष के लिए करते हैं। चेचेन्या में अलगाववादी नशे के वितरण में गहरे लिप्त हैं। इन दिनों आतंकवादियों में पहले से अधिक विश्वास है क्योंकि संकटग्रस्त स्थानों तक उनकी पहुंच बढ़ी है। हमले करने के पहले वे अक्सर योजना बनाते हैं तथा नायक की तरह अपने कार्य का औचित्य बताते हैं। वे ऐसे उद्देश्य की पूर्ति करना चाहते हैं जो उनकी नजर में सही है। इस प्रकार अपने कृत्यों के माध्यम से वे अनेक प्रकार से भय पैदा करना चाहते हैं ताकि उनके लक्ष्य प्राप्त हो सकें। विलियन हेनरी ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या की व्याख्या करते हुए कहा था, 'राजनीति से प्रेरित कुछ कृत्यों की जड़ें इतनी गहरी होती हैं कि कोई भी प्रतिबंध उनको अपने लक्ष्यों से विरत नहीं कर पाता है। आतंकवाद के अन्य कृत्य वैध तरीकों से निराशा के कारण पैदा होते हैं। इससे सरकारी दमन और उसकी प्रतिक्रिया में आतंकवाद पैदा होता है।' यह एक स्व-निर्मित दृष्टिकोण है जिसके चलते अपने गलत कामों को वैचारिक जामा पहनाया जाता है।

आमतौर से आतंकी समूह इतने छोटे और कमजोर होते हैं कि वे सरकारों के खिलाफ सफल कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इसलिए हिंसा आतंकियों का तात्कालिक लक्ष्य नहीं होता है और वे व्यावहारिक परिणामों के बजाय मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर जोर देते हैं। इस प्रकार आतंकियों का उद्देश्य विशिष्ट समूहों में अत्यधिक भय पैदा करना होता है ताकि अंततः वे अपने व्यवहार में परिवर्तन कर समाज और सरकार की संरचना में सामान्य या खास परिवर्तन ला सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले रणनीति विशेषज्ञों को भी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या की बदलती प्रकृति तथा उसके कारणों का गहन परीक्षण व विश्लेषण की जरूरत है। यह सच है कि वर्तमान समय में प्रत्यावर्तन संधियों जैसे आतंकवाद-विरोधी कानून समस्या से निपटने के लिए काफी नहीं हैं। इसके साथ ही खुफिया जानकारी जुटाने, हस्तक्षेप करने व गहन निगरानी रखने के तरीके आधुनिक आतंकवाद से मुकाबले में सर्वाधिक प्रभावी तरीके हैं। इस संबंध में कुछ तरीकों पर विचार किया जाना उचित होगा।

हमें महत्वपूर्ण घटनाओं का सावधानी से परीक्षण कर विस्तृत कारगर रिपोर्टें तैयार करनी चाहिए। ऐसी रिपोर्टें तैयार करने से आतंकवाद-प्रभावित क्षेत्रों में की जाने वाली कार्यवाहियों व कार्रवाइयों को नए आयाम मिलेंगे। आतंकी गिरोहों से निपटने के लिए संवेदनशील नेटवर्क बनाने की आवश्यकता है। इनको व्यापक आधुनिकीकरण प्रयासों का अंग बनाया जाना चाहिए जिनमें नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया गया हो। आतंकी घटनाओं को समय रहते रोकने के लिए जहां सुरक्षा एवं प्रशासनिक एजेंसियों को अपने स्थानीय संपर्कों को मजबूत कर सहायता के स्रोतों का भी समय रहते पता लगाना चाहिए। इसी प्रकार आतंकियों के स्थानीय संपर्कों व सहायता स्रोतों का पता भी लगाया जाना चाहिए।

सुरक्षा एजेंसियों के लिए आतंकी नेटवर्कों से मुकाबला करने के लिए नई तकनीकों के विकास के साथ ही अपने संचार साधनों की सटीकता तथा कार्ययोजनाओं के बारे में गोपनीयता बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए। सुरक्षा आवश्यकताओं की क्षमता का विकास करने तथा सुरक्षा आवश्यकताओं का पहले से अनुमान लगाना भी जरूरी है। इसके लिए सुरक्षा स्थितियों का पूर्वानुमान लगाने के विशेष पाठ्यक्रम तैयार करने के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों व प्रशासनिक एजेंसियों को इनसे जोड़ने की आवश्यकता है। हालांकि, निकट अतीत में व्यक्तिगत आतंकियों के खिलाफ जवाबी-उपायों को मजबूत तथा संवेदनशील बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद दुनिया अभी मानवजाति के लिए पैदा हुई इस भयानकतम विभीषिका का सामना करने की स्थिति में नहीं आ पाई है। सारी दुनिया की सुरक्षा एजेंसियों व विभिन्न देशों को वर्तमान समय में आतंकवाद उभरने के नए कारणों का गंभीर विश्लेषण करने के साथ आतंकी संगठनों, व्यक्तिगत आतंकियों व उनके समर्थकों का मनोविज्ञान समझने की भी आवश्यकता है।

राज्यों द्वारा आतंकी हमलों और खतरों के खिलाफ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही ऐसी नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाने के भी प्रयास करने होंगे जिसमें समन्वय व खुफिया सूचनाओं का साझा करने के लिए बहुआयामी व बहुस्तरीय व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी।

आज दुनिया के पास जी 20 व क्वाड जैसे अनेक शानदार मंच व असाधारण संभावनायें हैं जिनके माध्यम से आतंकवादी खतरों के बारे में खुफिया सूचनाओं का साझा करने, आतंकी वित्तीय स्रोतों पर लगाम लगाने तथा आतंकियों के खिलाफ ठोस जवाबी कार्रवाई की सटीक व्यवस्था बनाई जा सकती है।

# अमेरिका में मध्यावधि आर्थिक सुधार

> 2007-08 में रियल इस्टेट बंधक संकट के कारण पैदा वैश्विक आर्थिक संकट आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है।

के.ए. बद्रीनाथ
(लेखक, एक थिंक टैंक के निदेशक हैं।)



संयुक्त राज्य अमेरिका में गहराता कर्ज संकट गंभीर हो गया है। इससे प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकनों व डेमोक्रेटों के नियंत्रण वाले व्हाइट हाउस के बीच टकराव और बढ़ सकता है। यह स्थिति विश्व अर्थव्यवस्था तथा भारत जैसे विकासशील देशों के लिए शुभ संकेत नहीं है। पिछले कुछ दशकों से जारी बेलगाम आर्थिक नीतियों तथा संसाधनों के गैर-जिम्मेदारी से उपयोग के कारण विश्व अर्थव्यवस्था का 'शक्ति केन्द्र' समझे जाने वाले इस देश में गंभीर संकट पैदा हुआ है जिसका जिम्मेदार वह स्वयं है। यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन आखिरकार रिपब्लिकनों के साथ कोई समझौता करने में सफल होते हैं तो इससे कर्ज की सीमा 31.4 ट्रिलियन डालर से और आगे बढ़ा दी जाएगी। लेकिन इसके कारण पैदा होने वाले अनेक प्रभाव अमेरिकनों को परेशान कर रहे हैं। अमेरिकी बांडों या कर्ज पत्रों के माध्यम से कर्ज प्रबंधन से भले ही कोई तात्कालिक चिन्ता न पैदा हो, लेकिन 1 जून के बाद संभावित कर्ज अदायगी में विफलता न केवल अमेरिकनों, बल्कि सारी दुनिया के विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। अमेरिकनों के लिए इसका अर्थ यह होगा कि डेमोक्रेट चिकित्सा व स्वास्थ्य बीमा, पेंशन या सामाजिक विकास परियोजनाओं की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पैसा जुटाने की स्थिति में नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डेमोक्रेटिक प्रशासन को अपनी सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को छोड़ना होगा। इनमें छात्रों के कर्ज या फीस माफ करना तथा नौजवानों को व्यक्तिगत करों में रियायतें देना आदि शामिल हैं।

उनके लिए युवा डेमोक्रेट करदाताओं को यह समझाने में कठिनाई हो सकती है कि पहले ही बहुत उच्च स्तर पर कर्ज की 31.4 ट्रिलियन डालर सीमा को और बढ़ाने के क्या नतीजे निकल सकते हैं। वास्तव में समस्या की गंभीरता का अंदाज इस बात से भी मिलता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने आस्ट्रेलिया की क्वाड बैठक में शामिल होने के लिए अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द करनी पड़ी तथा वे हिरोशिमा में जी-7 नेताओं की बैठक के बाद देश वापस आ गए। आखिरकार क्वाड शिखर बैठक रद्द करनी पड़ी तथा अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान व भारत के नेताओं ने हिरोशिमा में ही जी-7 के अवसर पर संक्षिप्त क्वाड बैठक कर ली। लेकिन अमेरिका तथा बाकी दुनिया के सामने उपस्थित मुद्दा थोड़ा अलग और जटिल है। अमेरिका के आर्थिक मंदी में फंसने की सारी संभावनायें मौजूद हैं जिसके कारण विश्व स्तर पर वस्तुओं व सेवाओं की मांग में कमी आएगी। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक प्रगति की भावना को धक्का लगेगा, जबकि यह बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। दूसरा, संभावित आर्थिक संकट में बैंकों के पास एक मध्यावधि समय में बड़ी संख्या में निरर्थक हो चुके डालर-प्रभुत्व वाले बांडों या कर्ज पत्रों का अंबार लग जाएगा। इससे बचने के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व व राजनेताओं को मध्यावधि में आर्थिक रास्ता सुधारने के प्रयास करने होंगे। इसमें खर्च पर भारी मात्रा में कटौती करना तथा देश के राजस्व में बढ़ोत्तरी करना शामिल है। लेकिन विडंबना है कि अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति चुनाव होंगे और ऐसी नीतियां डेमोक्रेटिक मतदाताओं को नाराज कर सकती हैं। तीसरा, अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर संकट को दूसरी अर्थव्यवस्थाओं तक फैलने से रोकना बहुत कठिन होगा। 2007-08 में रियल इस्टेट बंधक संकट के कारण पैदा वैश्विक आर्थिक संकट आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है। यह 'हाउसिंग बबल' भारत जैसे बड़े विकासशील देशों तथा कम विकसित देशों के लिए समान रूप से तूफान की तरह सामने आया था। बैंकों द्वारा अत्यधिक जोखिम उठाने के कारण संकट सर्वाधिक गंभीर हुआ था। इसके कारण पैदा आर्थिक संकट सारी दुनिया के लिए 1929 की महामंदी के बाद सबसे बड़ा था। चौथा, यदि अंततः अमेरिका अपने कर्जों का भुगतान करने में अक्षम रहता है तो अमेरिकन अर्थव्यवस्था पर बड़े पैमाने पर निर्भर भारत जैसे देशों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भारी निर्भरता जैसे तत्वों से बचने के लिए भारत को व्यापक पैमाने पर विविधीकरण करना होगा। भारत को सचेतन रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के 'वि-डालरीकरण' की दिशा में आगे बढ़ना होगा तथा इसे राज्य नीति का अंग बनाना होगा। पांचवां, जहां अमेरिका को निर्यात आकर्षक हो जाएंगे तथा आयात खर्च में कमी आएगी, वहीं वैश्विक स्तर पर मांग में भारी कमी के कारण व्यापार समझौतों से प्राप्त लाभ निरर्थक हो सकते हैं। ऐसे में कोई कारण नहीं है कि भारत को और ज्यादा स्वतंत्र व्यापार व मुद्रा नीति अपनानी चाहिए ताकि वह फेडरल रिजर्व से सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए वाशिंगटन-डीसी से अपने जुड़ावों को पुनः परिभाषित कर सके। छठा, डेमोक्रेटों व रिपब्लिकनों को आर्थिक व विकास मोर्चों पर मध्यावधि सुधारों के मामले में परस्पर सहमति बनानी होगी तथा उनको बेलगाम कर्ज लेने की नीति से बचने की भी जरूरत होगी जिसमें कर्ज भुगतान के लिए कर्ज लेने की नीति भी शामिल है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है कि 31 मार्च, 2024 तक नए कर्ज लेने की सीमा 1.5 ट्रिलियन डालर तक सीमित की जाए तथा इसके साथ ही खर्च में 1.47 डालर की कटौती की जाए। इस दृष्टिकोण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित खतरा कम होगा। सातवां, एक आसन्न संकट को अनदेखा करना किसी के हित में नहीं होगा और न ऐसा संकट और बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसलिए खर्चों को निर्धारित सीमा के एक प्रतिशत से अधिक जाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। इस दृष्टिकोण से 2023 में अपनाई नीति समझदारी भरी है जिसमें कर्ज सीमित करना, बचत बढ़ाना तथा प्रगति करना शामिल है। इसके साथ ही नए कर्जों पर रोक लगानी होगी तथा धीरे-धीरे वर्तमान कर्जों का बोझ घटाना उचित होगा। यह बात अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी रहेगी जो अपनी स्थिति को पुनः निर्धारित करने के साथ ही अपने व्यापार व निवेश साझीदारों में विश्वास का भाव पैदा करना चाहती है। वित्त वर्ष 2022 के अंत में कर्ज-जीडीपी अनुपात लगभग 97 प्रतिशत था वर्तमान नीति तथा रिपोर्ट के अनुमानों के अनुसार यह 2097 में बढ़ कर 566 प्रतिशत हो सकता है। इस स्थिति की विभीषिका को किसी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

## आप की बात




इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### शानदार समारोह

**नई संसद** का उद्घाटन समारोह बहुत ही भावपूर्ण भव्य व बेमिसाल था। इसके वीडियो और तस्वीरें देखने से लगता है कि यह आधुनिकतम सुविधाओं से परिपूर्ण आगामी 50 वर्षों तक उपयोग में लाया जा सकने योग्य भवन बनाया गया है। इसे हमारी पूरा पुरातन संस्कृति से जोड़कर एक विशिष्टता प्रदान की गई है। इसमें आजादी के प्रतीक चिन्ह के रूप में नेहरू जी को दिया गया सिंगोल भी स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू को ये उपहार में दिया गया था। भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने इसे ब्रिटिश हुकूमत की ओर से भारत को सत्ता सौंपे जाने को दर्शाने वाला एक प्रतीक कहा था। इस गौरवशाली भेंट को यदि धर्म के प्रतीक स्वरूप संसद में स्थापित करने के बाद संसद की शान में चार चांद लग गए हैं। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना की गई। विडंबना है कि नई संसद के उद्घाटन के ऐसे ऐतिहासिक क्षण को भी विपक्षियों ने महत्व नहीं दिया। उनका संकुचित मोदी-विरोध हावी हो गया। एक नेता ने नई संसद को ताबूत की संज्ञा देकर अपना मानसिक दिवालियापन प्रकट किया है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्लास्टिक प्रदूषण

**राष्ट्राध्यक्षों**, पर्यावरण मंत्रियों और संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के अन्य प्रतिनिधियों ने फरवरी 2022 में नैरोबी में पहली सभा में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और 2024 तक एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते के ऐतिहासिक प्रस्ताव का समर्थन किया था। पेरिस में इसका दूसरा आयोजन 2 जून तक है। इसमें यह तय किया जाना है कि 2024 के अंत तक प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का एक वैश्विक नीति पर हस्ताक्षर हो जाएं। 28 मई को पेरिस में ही इसी विषय पर क्षेत्रीय परामर्श प्रारम्भ किया गया। इसमें फ्रांस ने अपने उस फैसले को दोहराया जिसमें कहा गया है कि 2024 के पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक आयोजन के दौरान फ्रांस प्लास्टिक का कोई इस्तेमाल नहीं करेगा तथा एक बार के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण पर्यावरण के साथ-साथ समुद्र भी प्रदूषित हो रहा है। अब देखना ये है कि जलवायु परिवर्तन के तरह कहीं प्लास्टिक पर प्रतिबंध वाला राष्ट्रसंघ का प्रयास भी केवल नारा बन कर न रह जाए। इसमें सारी जनता का योगदान चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### नीति आयोग का विरोध

**राज्यों** के विकास की जिम्मेदारी उनकी खुद की तो रहती ही है किन्तु केंद्र के सहयोग से विकास की गति को और अधिक गति मिलती है। इसके लिए केंद्र में नीति आयोग समय-समय पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधियों की बैठक बुलाता है जिसमें राज्यों के समग्र विकास के लिए विचार-विमर्श कर नीतियों का निर्धारण होता है। केंद्र और राज्य में भले ही सरकारें अलग-अलग राजनीतिक दलों की हो सकती है किन्तु नीति आयोग की दृष्टि में सभी राज्यों के विकास को दृष्टिगत रखा जाता है। इसलिए सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित भी किया जाता है। ऐसे में कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों का नीति आयोग की बैठक में भाग न लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे उनके राज्यों के विकास की गति रुकेगी। प्रत्येक राज्य को नीति आयोग की बैठक में अपने-अपने राज्यों के विकास के लिए भाग लेना चाहिए। विकास की नीति पर अनैतिक दलगत राजनीति को बढ़ावा देना देश-प्रदेश की जनता के हित में नहीं है। नीति आयोग का विरोध किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

# गोबर के साथ-साथ गोमूत्र की खरीदी एवं कीटनाशक दवाईयों का निर्माण कर लाभ अर्जित कर रही हैं ग्रामीण और स्वसहायता समूह की महिलाएं

## बरही एवं जेवतरला गौठानों में ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं को मिला रोजगार के बेहतर स्त्रोत

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पशुधन के समूचित देखभाल के साथ-साथ उसके संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करने के अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु शुरू की गई राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना कई मायने में बहुपयोगी साबित हो रहा है। राज्य में इस योजना के फ्लस्वरूप धरातल पर इसका प्रत्यक्ष लाभ भी देखने को मिल रहा है। इसके अंतर्गत राज्य शासन द्वारा शुरू की गई गोधन न्याय योजना गौ माता की भाँति शुरू से लेकर अंत तक राज्य के लोगों, कृषकों एवं पशुपालकों के लिए संजीवनी साबित होकर निरंतर लाभ एवं उन्नति का द्वार खोल रहा है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के आदर्श गोठान जेवरतला एवं बालोद विकासखण्ड के आदर्श गोठान बरही में गोमूत्र की खरीदी एवं गोमूत्र से विभिन्न प्रकार के कीटनाशक दवाईयों एवं वृद्धिवर्धक का निर्माण कार्य के फ्लस्वरूप पशुपालकों एवं कृषकों के लिए आमदनी का कारगर स्त्रोत बन गया है।

**बरही में 5 हजार से अधिक गोमूत्र की खरीदी की जा चुकी**

उल्लेखनीय है कि गोमूत्र खरीदी एवं फसलों में होने वाले रोकथाम हेतु कीटनाशक दवाईयों एवं वृद्धिवर्धक के निर्माण की जिम्मेदारी आदर्श ग्राम गौठान में माधव कृष्ण स्वसहायता समूह को एवं आदर्श गोठान जेवरतला में शक्ति स्वसहायता समूह को दी गई है। इसके अंतर्गत आदर्श गोठान बरही में माधव कृष्ण स्वसहायता समूह के द्वारा 4 रुपये लीटर की दर से अब तक कुल 5 हजार 9 लीटर गोमूत्र की खरीदी की जा चूकी है। इससे स्वसहायता समूह के द्वारा 2 हजार 544 लीटर कीट नियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक का निर्माण कर किसानों को कुल 1 लाख 21 हजार 830 रुपये में इसकी बिक्री भी की गई है। जिससे माधव कृष्ण स्वसहायता समूह बरही को कुल 49 हजार 194 रुपये की शुद्ध आमदनी भी हुई है।

**कीट नियंत्रक की बिक्री कर 21 हजार की हुई आमदनी-**

इसी तरह आदर्श ग्राम जेवरतला में शक्ति महिला स्वसहायता समूह के द्वारा अब तक 3 हजार 106 लीटर गोमूत्र की खरीदी कर 1 हजार 627 लीटर कीट नियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक का निर्माण किया गया है। स्वसहायता समूह के द्वारा इस कीट नियंत्रक को 68 हजार 170 रुपये में किसानों को बिक्री कर 21 हजार 250 रुपये की आमदनी प्राप्त की गई है। इसके अलावा आदर्श ग्राम जेवरतला में महिला स्वसहायता समूह के द्वारा डेयरी पालन का भी कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाओं ने आदर्श गौठान जेवरतला में पशुपालन व्यवसाय से 10 हजार लीटर दुध का बिक्री भी देवभोग सोसायटी को की गई है। जिले के आदर्श ग्राम बरही एवं जेवरतला में निर्मित की गई जैविक कीट नियंत्रक एवं वृद्धिवर्धक खेती में लागत को कम करने तथा रासायनिक खाद एवं दवाईयों के उपयोग से प्रकृति एवं मानव शरीर पर पड़ने वाली प्रभाव को कम कर जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इस प्रकार से गोधन न्याय योजना राज्य के किसानों, पशुपालकों सहित सभी वर्गो के लोगों के लिए हर तरह से उपयोगी बनकर कल्पतरू साबित हो रहा है।

**पशुपालकों एवं कृषकों को लाभ पहुंचाने का किया जा रहा कार्य-**

राज्य शासन के गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोमूत्र की खरीदी एवं इसके माध्यम से कीटनाशक दवाईयों के निर्माण शुरू करने पर शक्ति सहायता समूह की अध्यक्ष भगवती साहू, सचिव अनिता साहू एवं समूह की सदस्य कुमारी ललिता कौर ने भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि गोमूत्र की खरीदी प्रारंभ कर राज्य सरकार के द्वारा गोबर के अलावा गोमूत्र के माध्यम से भी हमें स्व रोजगार प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से हम पशुपालकों एवं कृषकों को हर दृष्टि से लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

# प्रदेश सरकार की विफलताओं को जन जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता : राजा पांडे



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों के विधानसभा स्तरीय दौरों के अंतर्गत भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और सूरजपुर जिला के संगठन प्रभारी राजा पांडे का कवर्धा जिले की दोनों विधानसभाओं में मंडल बैठकों का सिलडिला चल रहा है.इस कड़ी में राजा पांडे ने आज पंडरिया विधानसभा के इंदौरी तथा रणबीरपुर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर वन टू वन चर्चा की। इन बैठकों में भाजपा मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद के प्रमुख दायित्वधारी, भाजयुमो महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चा के अध्यक्ष तथा बूथों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा पांडे ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अभी से कमर कसने को कहा .उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार की विफ्लताओं को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है साथ ही बैठक के दौरान कांग्रेस सरकार की शराब घोटाला, कोयला घोटाला, चावल घोटाला को लेकर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की कांग्रेस सरकार की विफ्लताओं को लोगों तक पहुंचाना है, और आने वाले समय में इस कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकना है। पांडे ने एक ओर जहां केंद्र की मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों को लेकर घर घर तक जाने की बात की, वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 वर्ष के शासन काल की जनकल्याणकारी नीतियों के लिए गर्व के साथ लोगों के बीच इन्हे बताने को भी कहा. उन्होंने प्रदेश की भूपेश सरकार के लगातार वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार को लेकर मंडल स्तर पे जन आंदोलन चलाने की आव्हान भी कार्यकर्ताओं से किया.

**कांग्रेस सरकार की गोठान योजना में केंद्र की पैसे का बंदरबांट**

कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च के बावजूद प्रदेश में गोठान का हाल बेहाल है.जनता का पैसे का जमकर भ्रष्टाचार किया गया हैं साथ ही पंचायत में मूलभूत विकास एवं सुविधाओं के लिए केंद्र द्वारा प्रदत्त राशि का इस गोठान में उपयोग कर पैसे का दुरुपयोग किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवम् मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा, देवकुमारी चंद्रवंशी, ाति गुप्ता, अजीत चंद्रवंशी, अंबिका चंद्रवंशी, भारत शर्मा, पंडरिया विस्तारक हुकुम सिंह, प्रभारी दिलीप ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य जल्लू साहू, मंडल अध्यक्ष नीलांबर चंद्राकर, मनोज राजपूत, इंदल धृतलहरे, राजू चंद्रवंशी, गौरी साहू, विजय चंद्रा, कृष्णा साहू,कुंभकरण सिन्हा,मनोज बंजारे, नरेश केसरी,मुकेश सिन्हा, संजय चंद्रवंशी और बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंडरिया विधानसभा के सबसे युवा नेताएवं इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर का धुंवाधार जनसम्पर्क जारी

पायनियर संवाददाता कुंडा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा मेएक अनार सौ बीमार कांग्रेस से है कई दावेदारपंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं ने शुरू किया जनसंपर्क संभावित उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे जनता के बीच बता रहे हैं अपनी उपलब्धि विधानसभा चुनाव के नजदीक आते देख कांग्रेसी नेता चुनाव लड़ने की मंशा पाल रखे स्थानीय नेताओं की चहलकदमी बढ़ गई है दीवाल में भी लेखन शुरू कर दिया गया है अभी से ही जनसंपर्क अभियान चलाते हुए देखा जा रहा है स्थानीय नेताओं के अपने-अपने दावे हैं जनसंपर्क के दौरान यह कहते पाए जा रहे हैं उन्हें पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा हरी झंडी मिल गई है लिहाजा वे जनसंपर्क अभियान के मैदान में कूद पड़े हैं पंडरिया विधानसभा के छोटे से गांव ग्राम पेंड्री कला के निवासी युवा नेता एवं इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकरभीषण गर्मी व तपति दोपहरी मे भी धुंवाधार जनसम्पर्क कर कांग्रेस जनों एवं क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों से छत्तीसगढ़के यशस्वी मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों कोबताया जा रहा है भूपेश है तो भरोसा हैऔर विधानसभा पंडरिया के लोगों से मेल मुलाकात करके। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सबसे युवा नेता एवं इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर के राजनीति में आने से कांग्रेसजनों एवं युवाओं मे जबरदस्त उत्साह का माहौल बना है।

# शराबबंदी को लेकर महिला मोर्चा और युवा मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये 2000 करोड़ के शराब घोटाला के विरोध में और प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी के कांग्रेस घोषणापत्र को याद दिलाते हुए कवर्धा जिला भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर रैली के माध्यम से बिलासपुर रोड नंदी विहार कॉलोनी शराब दुकान का घेराव किया गया । महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मिनीमाता चौक से नंदी विहार स्थित शराब दुकान तक बड़ी संख्या में रैली के रूप में शराब दुकान को घेरने निकले, पुलिस विभाग द्वारा पूरे दमखम के साथ कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की गई लेकिन भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शराब दुकान तक पहुंचने में सफ्ल रहे और शराब दुकान में पोस्टर लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सतविंदर पाहुजा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हाथ में गंगाजल लेकर जनता से वादा किया था कि पूर्ण शराबबंदी करेंगे लेकिन इन्होंने कोचियो के माध्यम से गली-गली शराब बेचने का काम कर रही है. आने वाले चुनाव में जनता इसका जवाब अपने वोट के माध्यम से देगी और इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश की जनता से धोखा देने वाली और लगातार वादाखिलाफी करने वाली इस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय अब आ गया है. आज जैसे ही महिला मोर्चा को अब चुनाव तक इसी तरह सड़क की लड़ाई लड़नी होगी. वही युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तो केवल अनवर ढेंबर पकड़ा गया है इस भ्रष्टाचार के तार कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलते हैं।भूपेश बघेल को नैतिकता के आधार पर इस्तीफ दे देना चाहिए. भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के इस संयुक्त प्रदर्शन में सविता ठाकुर, लता बैस,संतोषी जायसवाल, लक्ष्मीन चंद्राकर, भगवंतीन अहिरवार, तमन्ना झारिया, सुधा ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, सचिन गुप्ता, अजय ठाकुर, हेमचंद चंद्रवंशी, हरीश चंद्रवंशी, दीपक ठाकुर, मुकेश सेन, जिला उपाध्यक्ष संतोष पटेल, जसविंदर बग्गा, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, आनंद मिश्रा, सौरभ शर्मा,सागर साहू, ईश्वरी धुर्वे, शौकी अहिरवार, पुनन्दन धृतलहरे और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नपा ने कराया काम, नही किया भुगतान, फर्म संचालक ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**बालोद।** नगरपालिका में काम करवाने एवं सामानों की सप्लाई करने के बावजूद 4 सालों से फर्म संचालक को उसका भुगतान नही किये जाने का मामला सामने आया हैं। फर्म संचालक ने मंगलवार को कलेक्ट्रोरेट में आयोजित जनदर्शन में पहुच नपा में किये गए कार्यों का भुगतान करने आवेंदन सौप गुहार लगाई। नगर के ही पुराना बस स्टैंड में स्तिथ प्रताप इलेक्ट्रॉनिक के संचालक पंकज बजाज पिता प्रताप बजाज ने आवेंदन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते हुए बताया कि उनके द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से दिसम्बर 2019 से फरवरी 2020 के बीच उनके फर्म के द्वारा नगरपालिका परिषद बालोद में इलेक्ट्रानिक समान जैसे इनवाटर बोर हेतु केवल वायर, वेन्डिंग मशीन, इन्सीनेटर, इत्यादि सामान सप्लाई किया गया है। जिसकी अनुमानित लागत एक लाख पच्चीस हजार हैं। सामान प्राप्ति के बाद भी उक्त समान का भुगतान नपा द्वारा वर्तमान तिथि तक अदा नहीं किया गया है। जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस हेतु उनके द्वारा जेम पोर्टल में भी शिकायत किया गया था। फिर उनके द्वारा पालिका बालोद को आदेश किया कि बिल का भुगतान क्यों नहीं किया गया। लेकिन पालिका द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। पंकज बताते है कि वे बार बार पालिका का चक्कर काटकर थक चुके हैं। लेकिन पालिका द्वारा यही कहा जाता है कि अभी हमारे पास कोई फ्ड नहीं आया है।

# सांसद मंडावी ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर मॉडल रेलवे स्टेशन एवं ओवरब्रिज की स्वीकृती हेतु किया आभार प्रकट

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



28 मई को नवीन संसद भवन के उद्घाटन अवसर में कांकेर सांसद मोहन मण्डावी ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा और बालोद रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए पुनर्विकाश हेतु 15 करोड़ 41 लाख की स्वीकृति रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किए जाने से रेलमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर में सांसद कांकेर के द्वारा पाररास बालोद, चैनगंज गुण्डरदेही में ओवरब्रीज की स्वीकृति दिए जाने के फ्लस्वरूप सांसद कांकेर द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए रेलमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि कांकेर सांसद मोहन मण्डावी द्वारा रेल परिचालन सुदृढ़ीकरण तथा पुनर्विकाश के लिए निरंतर रेलमंत्री से लगातार मिलकर इस हेतु प्रयास किया जाता रहा है ।

क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों की बहुप्रतिक्षित माँग पाररास एवं चैनगंज रेलवे ओवरब्रीज के निर्माण की स्वीकृति तथा रेलवे स्टेशनों के मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में पुनर्विकास के लिए रेल विभाग द्वारा जारी आबंटन से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सांसद मोहन मण्डावी के इस सतत् प्रयास के लिए सांसद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। विगत दिनों भैंसबोड़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास तथा ऊँचाई बढ़ाये जाने का लोकार्पण भी सांसद मोहन मण्डावी द्वारा किया गया। जिससे क्षेत्रवासियों में अपार खुशी थी। सांसद मोहन मण्डावी 13 मार्च 2023 को भी रेलमंत्री से भेंटकर क्षेत्र में रेलवे की समस्याओं से अवगत कराये थे। इस प्रकार से सांसद मोहन मण्डावी अलग-अलग अवसरों में रेलमंत्री एवं अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से भेंटकर क्षेत्र विकास हेतु आग्रह करते रहे है । सांसद कांकेर द्वारा परसदा में रेलवे स्टॉपेज की माँग से रेलमंत्री जी को अवगत कराया गया।

# पुलिस अधीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विगत दिनों गृह मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किया गया। जिसमें बेमेतरा पुलिस अधीक्षक आई.कल्याण ऐलेसेला का स्थानांतरण बेमेतरा से जिला सूरजपुर हुआ है। स्थानांतरण आदेश के परिपालन में दिनांक 29.05.2023 को ऐलेसेला ने पुलिस अधीक्षक का चार्ज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल को देकर भारमुक्त हुए। इस अवसर पर बेमेतरा पुलिस के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान सर्वप्रथम सभी अधिकारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर ऐलेसेला का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर बेमेतरा पी.एस.ऐल्मा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ऐलेसेला के साथ कार्य करने का बहुत ही अच्छा अनुभव रहा। विभिन्न कानून व्यवस्था की परिस्थितियों को शांतिपूर्वक एवं सामंजस्य से निराकरण किये एवं अग्रिम पदस्थापना की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में जिला बेमेतरा के सभी थाना/चौकियों के प्रभारियों को और बेहतर ढंग से काम करने की बात कही। बेमेतरा को काफी शांत जिला और काम करने में अच्छा अनुभव होना बताये, बिदाई समारोह में उपस्थित सभी राजस्व विभाग के अधिकारियों के भी अच्छे सामजस्य और पुलिस के कार्य में सहयोग मिलना बताये। अपने स्थानांतरण पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला बेमेतरा से काफी कुछ सीखना बताये, जिसे अपने स्थानांतरित जिले में क्रियान्वित करेगें । साथ ही जब भी कहीं बेमेतरा पुलिस को सलाह और सहयोग की आवश्यकता पड़ने पर हर संभव मदद करने तैयार रहना बताये। कार्यक्रम को पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुरूचि सिंह एसडीएम बेमेतरा, मनोज तिर्की एसडीओपी बेमेतरा, राजेश झा उप पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय), तेजराज पटेल एसडीओपी बेरला, थाना प्रभारीगण पी.पी.अवधिया, पुष्पेन्द्र भट्ट, अंबरसिंह भारद्वाज ने भी संबोधित किया। सभी ने पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल को सराहा तथा भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा सूरजपुर पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापना पर शुभकामनाएं दी।

## वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से अवारी गौठान समिति को 68 हजार एवं महिला समूह को हुआ 3 लाख से अधिक का लाभ

# गोधन न्याय योजना के माध्यम से अवारी वासियों के लिए मिला रोजगार के बेहतर अवसर

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com





राज्य शासन की गोधन न्याय योजना कई दृष्टि से उपयोगी साबित होकर ग्रामीणों एवं पशुपालन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए कामधेनू साबित हो रहा है। यह योजना ग्रामीणों को गोबर की उचित मूल्य दिलाने के साथ-साथ इसके माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा इसकी बिक्री आदि से रोजगार की सृजन होने से ग्रामीणों के लिए रोजगार की वृहद अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इस योजना के फ्लस्वरूप जिले के डौंडी विकासखंड के अवारी गौठान में गोबर खरीदी के कार्य की बेहतर क्रियान्वयन होने से इस योजना से अवारी में रोजगार के सुगम एवं बेहतर द्वार खुल गए हैं।

**ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति में भी हो रहा सुधार-**

गोधन न्याय योजना के कारण ग्राम अवारी में खुले रोजगार की बेहतर अवसर के संबंध में जानकारी देते हुए गोठान प्रबंधन समिति अवारी के अध्यक्ष हीरामन ठाकुर ने बताया कि हमारा गांव मूलतः कृषि प्रधान गांव है। ग्रामवासी अपने पैतृक जमीन में खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। गोधन न्याय योजना के शुरू होने के पूर्व गांव में रोजगार के उचित साधन के अभाव में हमारे गांव के युवाओं को मजदूरी हेतु आसपास के अन्य गांवों में जाना पड़ता था।

लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने के तुरंत पश्चात् हमारे ग्रामवासियों ने गोबर इकट्ठा कर गोठान में इसकी बिक्री शुरू कर दी थी। जिससे समय पर पशुपालकों और कृषकों को गोबर बिक्री की राशि मिलने से अच्छी खासी आमदनी हो रही है और हम ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। इसके अलावा इस योजना के शुरू होने के बाद गांव के युवकों को रोजगार की तलाश में गांव से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। प्रतिदिन गोबर इकट्ठा कर बेचने के अलावा स्वसहायता समूह की महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण कार्य में भी अच्छी खासी आमदनी हो रही है।

**मुश्किल वक्त में हुआ संबल प्रदान-**

हीरामन ठाकुर ने बताया कि ग्राम अवारी के गौठान समिति के वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से 68 हजार 573 रुपये एवं महिला स्वसहायता समूह को 3 लाख 86 हजार 612 रुपये की आमदनी हुई है। इस तरह से राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीणों एवं पशुपालकों के लिए बहु उपयोगी साबित होकर स्वरोजगार के स्थायी द्वार खोल दिया है। यह योजना वास्तव में ग्रामीणों को मुश्किल वक्त में आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें संबल प्रदान करने का कार्य कर रहा है।

**समिति अध्यक्ष ने की राज्य सरकार की सराहना-**

गौठान प्रंबधन समिति के अध्यक्ष हीरामन ठाकुर ने आगे कहा कि गोधन न्याय योजना से हम ग्रामीणों को रोजगार के कारगार साधन प्राप्त होने के साथ ही हमारे आर्थिक समृद्धि का भी आधार बन गया है। हीरामन ठाकुर ने राज्य सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा गोधन न्याय योजना लागू कर हम किसानों एवं पशुपालकों के मेहनत को उचित सम्मान करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार माना है।

# दो शराब कोचिया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना गंडई पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर गंडई पुलिस की लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में दिनांक *28.05.2023 को नगर पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति सानिया आटों पार्टस नहर नाली रोड में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिये शराब रखा है कि सूचना पर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही की गयी एक व्यक्ति सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में अवैध रूप से शराब रखा हुआ था जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम अश्वनी वर्मा पिता बिसरू वर्मा उम्र 33 साल निवासी कांशीटोला थाना गंडई का रहने वाला बताये थैला को चेक करने पर उसमें 20 पौवा देशी प्लेन शराब सीलबंद प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई कुल 3.600 बल्क लीटर कीमती 1600 रू. मिला जिसे वजह सबूत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 117/23 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट कायम विवेचना में लिया गया है, एवं आज दिनांक 29.05.2023 को मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति ग्राम बूढ़ा सागर जाने वाले रास्ते पर शराब बिक्री करने के लिये अत्यधीक मात्रा में शराब रखकर जा रहा है कि सूचना पर थाने से तत्काल टीम तैयार कर घेरा बंदी कर पकडा गया पूछताछ पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम डोमेन निर्मलकर पिता झंगलू निर्मलकर उम्र 23 साल निवासी ग्राम कटंगी थाना गंडई का रहने वाला बताया, चेक किया गया जिसके पास से 32 पौवा देशी प्लेन शराब सील बंद प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरी हुई जुमला 5.760 बल्क लीटर कीमती 2560 रू. मिला, शराब के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज नही होने से शराब को जप्त किया गया एवं आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पाये जाने से अपराध क्र. 118/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को उसके मौलिक अधिकार से अवगत कराकर विधिवत् गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है*। उक्त कार्यवाही में सउनि नारायण लाल सिन्हा, प्र.आर. सुन्दरूराम चन्द्रवंशी, संतोष मंडावी, आरक्षक लकेश्वर पटेल, ईश्वर मरकाम, मनोज बंजारे, का सराहनीय योगदान रहा है।

# विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि पहुंचे कलेक्टर के पास, सक्ति में कन्या महाविद्यालय को शीघ्र प्रारंभ करने सौंपा ज्ञापन

## कांग्रेस नेता भी एकजुट होकर लगे कन्या महाविद्यालय खुलवाने में

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



शहर में आने वाले शिक्षा सत्र से मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग जोर पकड़ने लगी है, तथा लगभग साल भर मुख्यमंत्री की घोषणा को बीत जाने के बाद अब विद्यार्थी भी शक्ति शहर में ही सरकारी कॉलेज प्रारंभ करने को लेकर मुखर हो गए हैं, तथा विद्यार्थियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता भी उनका समर्थन करते हुए शहर में इस महाविद्यालय को शीघ्र प्रारंभ करने की बात कह रहे हैं, नवीन कन्या महाविद्यालय को जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय में प्रारम्भ किये जाने हेतु सकती एवँ आसपास ग्राम के छात्राओ ने कलेक्टर नूपर राशि पन्ना को ज्ञापन दिया, तथा ज्ञापन में बताया गया है कि 9 जून 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां शासकीय महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की थी, शासन से नए स्तर से निर्देश प्राप्त हुआ है प्रशासन शहर सीमा के भीतर जगह की कमी होने के कारण शहर से लगे ग्रामो में स्थान चयन किया जा रहा है, नये सत्र में कन्या महाविद्यालय को खोले जाना आवश्यक है, तत्कालीक रूप से शहर में खोले जाने हेतु स्थानीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में सुबह की पाली में खोले जाने हेतु आज जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को सकती शहर एवँ आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्राओ ने बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा,इस अवसर पर कॉंग्रेस नेत्रियों ने भी सहभागिता निभाई,इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद सकती कि अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, कृषि उपज मंडी अमनदुला एवँ पूर्व जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष रश्मि गवेल, क्रांति कुमार शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष एवँ पार्षद रिंकू अग्रवाल, मारवाड़ी महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष एव पूर्व उपाध्यक्ष पार्षद रीना गेवाडीन,महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विजया जायसवाल, महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण कौशल्या कमलेश, जिला कॉंग्रेस की कुसुम यादव, कला संडे,राजीव युवा मितान की पदाधिकारी रामेश्वरी साहू, छात्रायें सरोज डनसेना, सरिता पटेल,गुलाबा जलतारे,दीपिका पटेल, पूजा पटेल, प्रीति चौहान, संतोषी सोनी, स्नेहा चौहान, रेशमा, भुनेश्वरी, खुशबू सहित बड़ी संख्या मे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपी कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने सभी छात्राओ से चर्चा की अधिकांश छात्रायें वर्तमान में बारहवी उतीर्ण होकर महाविद्यालय में प्रवेश लेंगी।

# दहेज के नाम से आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी पति सहित सास गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



दहेज के नाम से आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरितकरने वाले आरोपी पति सहित सास गिरफ्तार। आरोपी पति सुरज कुमार खुटे एवं सास अंम्बा खुटे दोनों निवासी मिसदा को 29 मई को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 304 बी, 34 भादवि पंजीबद्ध मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मृतिका नवविवाहिता शुकवारा बाई उम्र 25 वर्ष निवासी मिस्दा थाना नवागढ की मृत्यु को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र नवागढ़ में हो गई थी। जिस पर थाना में मर्ग क्रमांक 56/2022 धारा 174 जाफौ कायम कर शव पंचनामा की कार्यवाही पश्चात मृतिका नव विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा व्हिसरा प्रिजर्व कर रासायनिक परीक्षण कराने की सलाह दिये जाने पर उक्त व्हिसरा का परीक्षण कराया गया। व्हिसरा परीक्षण रिपोर्ट में कीटनाशक जिंक फास्फाईड चूहा मार होना लेख किया गया। मर्ग जांच के दौरान मृतिका नवविवाहिता के परिजनों का कथन लिया गया। जिनके द्वारा बताया गया कि मृतिका को उसका पति सूरज खूंटे एवं सास अम्बा बाई दहेज में कम समान लाई हो कहकर रोज ताना मारते थे। मृतिका के पति एवं सास द्वारा दहेज के नाम से अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जिस पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 156/23 धारा 304बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये आरोपी मृतिका के पति 01 सुरज कुमार खुटे उम्र 29 वर्ष एवं 02 मृतिका के सास अंम्बा खुटे उम्र 60 वर्ष दोनों निवासी मिसदा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में चन्द्रशेखर परमा डी एस पी जाजगीर, निरीक्षक रविन्द्र अनंत थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि बलवंत धृतलहरे म. प्र.आर. स्वाति गिरोलकर, आर टुकेश्वर डनसेना, कुलदीप खुटे, विरेन्द्र सूर्यवंशी, सोमनाथ कैवत्य, दिलीप कश्यप की सराहानीय भूमिका रही है।

# विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com






खेल युवा कल्याण विभाग सक्ति के तत्वधान में चला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक खगेश कुमार भारद्वाज नोडल अधिकारी जैजैपुर,पी आर साहू व्यायाम शिक्षक ओडेकेरा, विवेक भुवन आदित्य व्यायाम शिक्षक किकिरदा, मीना महेश व्यायाम शिक्षक हसौद, रोशन साह व्यायाम शिक्षक घिवरा,संतोष बंजरे, मनोज रात्रे, प्रशिक्षक नेशनल खिलाड़ी कुटराबोड, रवि बंजारे, प्रिंस जांगड़े,प्रकाश जांगड़े, पदमा यादव, ईशा यादव,चंद्रकुमारी जांगड़े प्रशिक्षक कुटराबोड का विशेष योगदान रहा। समापन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि चेतन सिंह बंजारे ग्राम पंचायत सरपंच कुटराबोड,आम आदमी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहू। चेतन सिंह बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत कुटरबोड मुख्यअतिथि के द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के संबंध में बच्चों को उसका महत्व बताया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो बच्चे अच्छा प्रदर्शन किया उन बच्चों को व्यायाम शिक्षक संघ की ओर से पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। आम आदमी मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहू ने कहा की खेलने से किसी प्रकार की बीमारी नहीं होती निरोग रहते हैं तथा दिमाग ताजगी रहती है इसलिए हमें खेलना चाहिए।

# 09 लाख की कीमत के 60 एंड्राइड मोबाइल फोन सकती पुलिस ने किए लोगों को वापस

## धन्यवाद पुलिस, जो किसी ने सोचा नहीं, वह कर दिखाया पुलिस ने

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



सक्ति जिले की पुलिस ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए एक प्रयास आपका गुम मोबाइल आपके पास के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों के करीब 60 लोगों को 09 लाख रुपये की कीमत के एंड्राइड स्मार्ट मोबाइल फोन जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुलाकर उन्हें वापस किए,सक्ति पुलिस द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों से किया गया था 60 नग गुम मोबाइल बरामद,अपने गुम मोबाइल पाकर आवेदकों के खिले चेहरे, बरामद मोबाइलों की कीमत लगभग 9 लाख रुपये है, सकती पुलिस अधीक्षक एम.आर. अहिरे (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जेठा (सक्ति) में आम नागरिकों के गुम हुए विभिन्न कंपनी के एंड्रॉइड मोबाइल फोन को वितरण किया गया,जिले के आम नागरिकों द्वारा अपनी एंड्रॉइड फोन के गुम होने की सूचना थानों में दिया गया था, जिसका पता तलाश व खोजबीन साइबर सेल सक्ति द्वारा किया जा रहा था, जिले में आम नागरिकों के मोबाइल गुम की सूचना पर साइबर नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के नेतृत्त्व में विशेष अभियान चलाकर सायबर सेल द्वारा कुल 60 एंड्रॉइड मोबाइल सेट बरामद किया गया था,अभियान के तहत सक्ति जिले के अलावा सरहदी जिलों एवम प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुम मोबाइलो को बरामद किया गया,अभियान के तहत बरामद किए गए विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइलों की कीमत करीबन 9 लाख रुपये है,सायबर सेल सक्ति द्वारा जिले में गुम हुए मोबाइल की सूचना को सभी थाना/चौकी से एकत्र कर बरामद करने का अभियान चलाया गया,आम नागरिकों को अपने मोबाइल फ़ोन मिलने की कोई उम्मीद नही थी लेकिन सायबर सेल की तकनीकी सहायता से बरामद कर नागरिको को वापस करने से सक्ति पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये।

# महिला जागृति शाखा ने सरकारी अस्पताल में किया गर्म पोहा एवं दही के मट्ठा का वितरण

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर में रचनात्मक तथा सेवा कार्यों में दशकों से अग्रणी होकर काम करने वाली संस्था मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा ने 30 मई को एक सकारात्मक पहल करते हुए शहर के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में पहुंचकर वहां मरीजों तथा उनके परिजनों को गर्म पोहा तथा दही के मट्ठा का वितरण किया, इस दौरान महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती रीना नरेश गेवाड़ीन के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में शाखा के पदाधिकारी सदस्य एवं वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे, तो वहीं सदस्यों ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों का हालचाल भी जानते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सामना की साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, वहां स्वच्छता एवं आवश्यक सुविधाओं के संबंध में चिकित्सा अधिकारियों से चर्चा भी की,इस दौरान महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष रीना गेवाडीन ने बताया कि हमारी शाखा के द्वारा निरंतर शहर सहित पूरे क्षेत्र में समय-समय पर सेवा के काम एवं रचनात्मक कार्यों को गति दी जा रही है।

तथा ग्रीष्म ऋतु में जहां शाखा द्वारा पेयजल की सेवा सहित समय-समय पर शरबत, निंबू पानी पिलाया जाता है तो वही आज सरकारी अस्पताल में मरीजों को एवं पोहे एवम मट्ठा का वितरण किया जा रहा है।

# चोरी की मोबाईल खपाने ग्राहक तलाश रहे दो युवक पकड़ाए

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के चर्चित पर्यटक स्थल पचधारी नहाने आने वाले लोगों का मोबाईल चोरी कर उसे खपाने के लिये ग्राहक तलाश रहे दो युवकों को सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों युवकों के पास से 5 मोबाईल जब्त किया है, जब्त मोबाईल की कीमत 50 हजार रूपये बताई जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लड़के बड़े रामपुर शराब भट्टी के पास ओप्पो, विवो कंपनी की मोबाइलों को सेकंड हैंड मोबाइल बताकर काफी सस्ते दाम में बेचने का सौदा कर रहे हैं, मुखबिर ने बताया कि दोनों लड़के संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं, उनके पास रखी हुई मोबाइल चोरी की हो सकती है। थाना प्रभारी द्वारा केवडाबाड़ी बस स्टैंड की ओर पेट्रोलिंग कर रहे थाने की पेट्रोलिंग को जाकर तस्दीक करने का निर्देश दिया गया। कोतवाली पुलिस की टीम बड़े रामपुर मेन रोड पर मुखबिर के बताये हुलिये अनुसार दोनों संदिग्ध लड़कों को घूमते हुए हिरासत में लिया , जिनके पास पांच मोबाइल रखे मिले। संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना उन्होंने अपना नाम आकाश चैहान और सूरज लहरे बताया जिनसे मोबाइलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से वे पचधारी डैम नहाने जाने वालों पर निगाह रखते हैं और मौका देखकर दोनों मिलकर मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपी आकाश चैहान से 01 ओप्पो, 01 विवो और 01 रियल मी कंपनी की मोबाइल तथा आरोपी सूरज लहरे के पास से ओप्पो कंपनी की 02 मोबाइल कुल 5 नग मोबाइल कीमत करीब 50,000 का जप्त किया गया है।

# अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने एवं मारपीट करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने एवं मारपीट करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध। आरोपी विनय चौधरी 11वी बटालियन को किया गया गिरफ्तार। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा किया गया बरामद। प्रार्थी सुबह किशन बघेल से अपना मोबाईल लेने 11वी बटालियन गया था। मेस के पास किशन बघेल एवं अन्य लोग बैठ कर आपस में बातचीत कर रहे थे उसी समय प्रार्थी वहां पहुचा और किशन बघेल से अपना मोबाईल लिया तभी वहां विनय चौधरी आया और तुम किसका मोबाईल ले रहे हो चोरी का तो नही है कहते हुये अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर पास में रखे फावडा के धार से इसके सिर में वार किया तो प्रार्थी अपने हाथ से रोका तो उसके कलाई में चोट आयी और खुन बहने लगा। जमीन पर गिरने के बाद भी आरोपी हाथ मुक्का लात से मारपीट किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर आहत का मुलाहिजा कराया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान धारा 326 जोडी गयी। प्रकरण की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी विनय चौधरी उम्र 32 साल 11वी बटालियन पुटपरा को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जूर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का फावडा जप्त किया गया। उठ कार्यवाही में निरीक्षक लखेस केंवट, उप निरीक्षक व्यास नारायण बनाफर, प्रधान आरक्षक आलोक शर्मा एवं जितेंद्र परिहार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सड़क नहीं होने से बढ़ गई लोगों की समस्या, परेशान महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** शहर के करीब गढ़उमरिया ग्राम के वार्ड नंबर 19 में पक्की सड़क नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में सोमवार को काफी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची और कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपकर पक्की सड़क व दोनों ओर नाली निर्माण कराने की मांग की है। महिलाओं द्वारा बताया गया कि गढ़उमरिया, नावापारा, जामटीकरा, वार्ड नं. 19 रायगढ़ में सभी रहते हैं और ग्राम में अभी तक पक्की सड़क नहीं बनाया गया है। सड़क निर्माण के नाम पर केवल मिट्टी को डाल दिया जाता है जिससे उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

# कर्मचारियों के चेंबर में पहुंची कलेक्टर नूपुर जिला कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सक्ती में संचालित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सभाकक्ष, जनसंपर्क विभाग, निर्वाचन शाखा, आदिवासी विकास विभाग, अधीक्षक शाखा, स्थापना शाखा, नाजिर शाखा, अपर कलेक्टर न्यायालय, स्टेनो कक्ष, भू अभिलेख शाखा का औचक निरीक्षण किया गया तथा समस्त कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय अवधि में कार्यालय में उपस्थित रह कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारी को कार्यालय का साफ -सफाई रखने, टेबल कुर्सी एवं अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से विभागीय दायित्वों का निर्वहन किये जाने का निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, तहसीलदार सुशीला साहू, सहायक कोषालय अधिकारी राकेश चौधरी, जिला नाजिर यशवंत चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरुवा अऊ बाड़ी योजना के तहत गौठान निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के आम नागरिकों सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में नवगठित सक्ती जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर अन्तर्गत आने वाले ग्राम तलवा, छीतापंडरिया में तीन एकड़ क्षेत्र में फैले गौठान में मुर्गी पालन, मछली पालन, सब्जी उत्पादन एवं वर्मी खाद उत्पादन कर महिला स्व-सहायता समूहों के आय में वृद्धि हो रही है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। ग्राम तलवा, छीतापंडरिया के गौठान में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य शारदा यादव एवं हीरा बाई सहित अन्य को विभिन्न प्रकार से आय अर्जन एवं स्वरोजगार का बेहतर प्लेटफार्म मिला है। इस स्वरोजगार से समूह के आय में वृद्धि हुई और किसानों को रसायन मुक्त जैविक खाद के उपयोग का बढ़ावा मिला, जिससे जैविक खेती की ओर अग्रसर हो रहें है। इस गौठन के मध्यम से सबसे अधिक गोबर विक्रेता अमरीका बाई के द्वारा 20 हजार 6 सौ 13 किलोग्राम गोबर विक्रय किया गया है। जिसके द्वारा उन्हें 41 हजार 2 सौ 26 रूपये का आय प्राप्त हुआ। यह उनके अकेले की आय है। उनके इस आमदानी को देखते हुये उनकी सहेली लक्ष्मी बाई शुक्ल ने भी गोबर 12 हजार 6 सौ 23 किलोग्राम विक्रय किया।

## सुदामा चरित्र परीक्षीत मोक्ष के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

# प्रभू के प्रति यदि भाव हो तो अभाव प्रभाव नहीं डाल सकता : पूजा किशोरी

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




बिर्रा मे मां चंडी देवी की पावनधरा ग्राम बिर्रा में श्रीवास परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र परीक्षीत मोक्ष के मार्मिक चित्रण प्रसंग का वर्णन करते हुए राष्ट्रीय कथावाचिका पूजा किशोरी जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों को दु:खी देखकर स्वयं दु:खी हो जाते हैं। ऐसा ही उनके परम सखा सुदामा जी के दीनहीन अवस्था को देखकर द्वारिकाधीस श्री कृष्ण महराज दु:खी हो जाते हैं और अंतत: अपनी लीला से मित्र सुदामा को द्वारिकापुरी ले आते हैं। जहां द्वारपाल उन्हें रोक लेते हैं तब सुदामा ने बताया कि वह यहां के राजा श्रीकृष्ण के परम सखा है.....अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो.....जब यह भजन शुरू हुआ तो पूरा पंडाल में शामिल सभी श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में झुमने लगे।और द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण चंद्र दौड़ते हुए चले आए। उन्होंने कहा कि सुदामा के जीवन में अभाव ही अभाव था लेकिन जब प्रभू के प्रति भाव रहता है न तो अभाव का प्रभाव नहीं पड़ता। कथावाचिका सुश्री पूजा किशोरी जी ने आयोजक श्रीवास परिवार के लोगों सहित समस्त ग्रामवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी। समापन दिवस परीक्षीत मोक्ष चढ़ोत्तरी के साथ कथा विश्राम हुआ।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति गगन जयपुरिया जी,भाजपा जिला मंत्री गोपी सिंह ठाकुर जी,भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती मोहन कुमारी साहू जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालेश्वर साहू जी, नंदलाल श्रीवास, संतोष श्रीवास,संतराम श्रीवास,अंतराम श्रीवास, रथराम श्रीवास, सम्मेलाल श्रीवास, गीता प्रसाद तिवारी,पं तोषण तिवारी, मनोज तिवारी, सुरेन्द्र दुबे, लक्ष्मीनारायण तिवारी,पं दिलीप कुमार पाण्डेय, अर्जून महराज, जितेन्द्र तिवारी, डॉ रामकृष्ण वैष्णव, डॉ ईश्वर प्रसाद शुक्ला,फिरतराम साहू, गोवर्धन देवांगन, राजकुमार कश्यप, संतोष जायसवाल, हेमंत जायसवाल, एकांश पटेल,दूर्गा डडसेना, अभिषेक केशरवानी,विजय देवांगन, बुद्धेश्वर कश्यप, शुभम् थवाईत,विजय थवाईत, मोहनलाल यादव, पप्पू भांचा,भागवत पटेल, पप्पू पटेल,परस पटेल,सौखीलाल पटेल,सुरेश कर्ष,चित्रभानू पांडेय,भरत तिवारी,श्रवण कुमार कश्यप,नारद कश्यप, हीरालाल, भागवत कश्यप,मुकेश, लक्ष्यनाथ देवांगन, रामनारायण थवाईत,सोनसाय देवांगन, दिगम्बर साहू,सम्मेलाल यादव, घनश्याम श्रीवास सहित भारी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीमद्भागवत कथा में आज यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन भंडारा के साथ वार्षिक श्राद्ध से संपन्न हुई।

# साईं प्रसाद चिटफंड कंपनी द्वारा राशि दोगुना करने का दिया झांसा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग में कृष्णा काम्प्लेक्स में संचालित सांई प्रसाद चिटफड कंपनी के द्वारा कई लोगों से करोड़ो की रकम अपनी कंपनी में निवेश कराकर कंपनी बंद होने से कई लोग ठगी का शिकार हो गए है। इससे पीड़ित लोगों ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रायगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में कार्रवाई कर रकम वापस दिलाने गुहार लगाई गई है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि रायगढ़ शहर के घरघोड़ा मार्ग के कृष्णा काम्पलेक्स में संचालित चिटफंड कंपनी सांई प्रसाद लिमिटेड ने रकम दोगुना करना का झांसा देकर कई लोगों से करोड़ो की राशि अपनी कंपनी में जमा करा ली गई और अचानक उक्त कंपनी 2014-15 में बंद हो गई। जिसके बाद ठगी का शिकार लोग सोमवार को मामले की शिकायत करने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर रायगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई कर रकम वापस दिलाने की मांग की है। ठगी का शिकार हुए पीड़ितों ने बताया कि साईप्रसाद प्रॉपर्टी लिमिटेड कंपनी शाखा कृष्णा कॉम्प्लेक्स रायगढ़ में अपनी कंपनी में रूपये इनवेस्ट करने पर जल्द ही रकम दोगुना होनें का झांसा दिया था जिसके बाद उन्होंने 2011-2012 में उक्त कंपनी में पैसा जमा किया गया था। लेकिन उक्त साई प्रसाद कंपनी 2014-2015 में बंद हो गई जिससे अब पीड़ित परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।

# नाले का गंदा पानी का निकासी साधन नही, मुख्य रोड बना तलाबनुमा

## बरसात के पहले यह हाल, मुद्दों पर किसी का ध्यान नही होने से समस्या यथावत

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के अंतर्गत नहर पार से आगे आनुविभागीय कार्यालय जाने के मुख्य मार्ग का सडक किनारे स्थित ढाई से तीन फिट गहरा नाला का गंदा पानी लगभग 200 मीटर एप्रोच सडक मार्ग तक के निकासी जाम हो होने से आसपास के रहवासी इलाको के साथ साथ आम राहगीरों को भी प्रभावित कर रहा है उक्त समस्या के सम्बंध मे कुछ वार्ड के नागरिकों ने 20 फरवरी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित आवेदन देकर उक्त समस्या के निराकरण हेतु फरियाद लगाया था परंतु 3 महिनों से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद नगरपालिका परिषद उक्त समस्या के निराकरण हेतु अपने कुंभकरणी निद्रा से जागकर फिलहाल अभी तक उक्त समस्या का हल निकालने मे असफल रहा है।

### भरे गर्मी मे ये हाल तो बरसात मे क्या होगा जनाब

गौरतलब है कि भरे मई के गर्मी के महीनों मे नाले व नालीयों का यह हाल है तो 15 से 20 दिनो बाद बरसात है उसके बाद भी समय रहते स्थिति मे सुधार नही किया जाता तो बरसात मे उक्त मार्ग का क्या भयवाह स्थिति रहेगा इसके कल्पना मात्र से समस्या की गम्भीरता का अंदाजा स्वयं लग जाता है।

### शासकीय कार्यालय व प्रमुख मार्ग होने से प्रति दिन हजारों की संख्या मे आवाजाही

गौरतलब है की रेल्वे अन्डर ब्रीज से होकर पटपर मार्ग होते हुये गुजरने वाले की संख्या प्रतिदिन हजारों की संख्या मे रहता है,जहाँ पर सबसे बडे प्रशासनिक कार्यालय के रुप मे आनुविभागीय आफिस, तहसील आफिस बीओ आफिस, महिला परियोजना अधिकारी कार्यालय, ग्रामीण थाना, शासकीय स्कूले सहित कई अन्य शासकीय संस्थानों के साथ कई नीजि दुकाने व उद्यम संचलित है और इन परिस्थितियों के बीच इस मार्ग से गुजरना यह पर से गुजरने वाले जवाबदार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों जवाबदारी व गम्भीरता पर सवाल खड़ा करता है के यह विडम्बना की तस्वीर जारी रहना चाहिये या सुधार होना चाहिये अगर सुधार होना चाहिये तो 3 महिने से अधिक समय होने पर भी किसी ने भी इस पर ध्यान क्यो नही दिया और आगे भी यही स्थिति रही तो बरसात मे भयावह स्थिति के लिये जवाबदार कौन होगा

लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थिति नाले के गंदा पानी के निकासी जाम हो जाने की जानकारी है, उक्त समस्या का नगर पालिका द्वारा निराकरण हेतु प्रयास किया जा रहा है।

-अजय बहादुर सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी

# भाटापारा की 103 वर्ष पुरानी रामलीला के समिति का हुआ गठन, विधायक की उपस्थिति में हुई सार्वजनिक बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा की 103 वर्ष प्राचीन संस्था श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली के द्वारा अनवरत धर्म एवं सनातन संस्कृति का प्रचार करते आ रही है रामलीला नाटक मण्डली के माध्यम से देवी नवरात्र के समय भाटापारा में भगवान श्रीराम के चरित्र लीलाओं का मंचन कर भगवान राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करती है वही भाटापारा की इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन सुचारु एवं सफलता से करते हुए श्री आदर्श रामलीला नाटक मण्डली के द्वारा भगवान रामकी लीलाओं का भविष्य में भी अनवरत मंचन करने एवं रामजी के आदर्शों एव सनातन धर्म के प्रचार प्रसार करते उसके लिए श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली समिति का गठन किया गया जिसके लिए 28 मई 2023 रविवार को रात्रि 8 बजे सार्वजनिक बैठक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे समिति पदाधिकारियों का गठन किया गया। समिति के संरक्षक मंडल में संरक्षक के रूप में शिवरतन शर्मा विधायक भाटापारा, पंडित संतोष त्रिवेदी, पंडित कैलाशचंद पुरोहित, सत्यनारायण जोशी,बालगोविंद तिवारी, संतोष अग्रवाल, बजरंग चौरसिया,अनिल चांडक, देवेंद्र गुप्ता,देवनारायण शर्मा एवं अध्यक्ष के रूप में प्रकाश शर्मा,उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव सचिव कोमल प्रसाद शर्मा एवं कोषाध्यक्ष संदीप मल के साथ सदस्यों का मनोनयन किया गया। भाटापारा आदर्श रामलीला नाटक मंडली समिति का निर्माण कर आगामी कार्यो की संचालन की जिम्मेदारी समिति को दी गई। सार्वजनिक सभा की बैठक में मनोनीत समिति पदाधिकारियो के साथ बलराम जोशी, सूर्यकांत शुक्ला, आनंद शर्मा, राकेश तिवारी, रामजी जोशी, बिहारी जोशी, मनोज(पिन्टी)गुप्ता, कमल जोशी, आकाश पुरोहित, लोकेश जोशी, गौरव बावला, मनीष मंत्री महाराज, आशीष पुरोहित,राजीव तिवारी,अशोक तिवाड़ी,संतोष अग्रवाल,हेमंत मल,राजू गुप्ता,अभिनव तिवारी एवं अन्य लोग भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत मे सचिव कोमल शर्मा ने सभी नए पुराने सदस्यों से आगामी रामलीला के हित में सहयोग बनाये रखने का निवेदन किया।

# औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की अनुमति के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स में मुख्यमंत्री का आभार माना



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ . चेम्बर ऑफ कामर्स, दल्ली राजहरा इकाई एवं जिला चेम्बर द्वारा दल्ली राजहरा को विकास की राह पर लाने, तथा रोजगार उत्पन्न करने के लिये दल्ली राजहरा के आस-पास एक औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से . छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स रायपुर के अध्यक्ष अमर पारवानी के साथ दल्लीराजहरा इकाई द्वारा मांग किया गया था । जिसके लिये छत्तीसगढ़ . चेम्बर ऑफ कामर्स लगातार प्रयासशील रहा। ग्राम कारूटोला में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स द्वारा चिन्हित 25 एकड़ भूमि को श्रीमती अनिला भेंडिया के प्रयासों से कलेक्टर को निर्देशित कर उस भूमि का मद परिवर्तन कर औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण के लिये एक मार्ग बनाया है, जो कि दल्ली राजहरा के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इन प्रयासों के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं केबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया तथा छत्तीसगढ़ . चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष अमर पारवानी का राजहरा व्यापारी संघ एवं सभी संगठनों का बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की दल्ली राजहरा इकाई के अध्यक्ष शंकरलाल कुकरेजा ने की है।

# डौंडी ब्लाक के ग्राम सुरडोंगर में विकास कार्यो का किया गया भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडी ब्लाक के ग्राम सुरडोंगर में 29 मई को विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं ग्राम के सरपंच कोमेश कोर्राम द्वारा लगातार अपने गांव में विकास कार्य की सौगात दे रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक भवन लागत 5 लाख, रंगमंच टिनसेड लागत 5 लाख, सीसी रोड लागत 10 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। जिसके लिए मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया एवं मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त भी किया।

# खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए: कुलदीप शर्मा

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बालोद जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में राजस्व, खनिज एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने खनिज पदार्थों के परिवहन करते समय ओव्हरलोडिंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिला खजिन अधिकारी मीनाक्षी साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। बैठक में निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्यो का रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र की अनिवार्यता किए जाने एवं निर्माण विभाग द्वारा रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र जारी किए जाने के उपरांत ठेकेदारों को अंतिम देय के भूगतान किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में छत्तीसगढ़ गौण खजिन नियम के 2015 के नियम 59 के तहत परिवहन अनुमति हेतु निर्माणी ठेकेदार को प्रोत्साहित किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# भिलाई खदान मुख्यालय के 23 सफल उम्मीदवारों को प्रमोशन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बहुप्रतीक्षित श्व-0 परीक्षा के परिणाम 27 मई को घोषित किये गए और उसी दिन भिलाई खदान मुख्यालय इस्पात भवन में खदान के 23 सफल उम्मीदवारों को बुलाकर प्रमोशन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इन 23 कर्मचारियों में से 3 दल्ली मैन्युअल माइंस से सुरेश खटीक, दिलीप कुमार ठाकुर, राधेश्याम जैथवार, 6 दल्ली मेकेनाइज़ माइंस से महेश खोडके, दिलीप कर, रवि नारायण, जगदीश वारे, सुशील देवांगन, मो.शफी, 1 खदान मुख्यालय से, 1 हिर्री डोलोमाईट माइंस से, 5 नंदिनी माइंस, 5 राजहरा मेकेनाइज़ माइंस से मुकुल कुमार जैन, चिदम्बर राव, धनराज कुमार साहू, ओम प्रकाश सोनी, मोती लाल जॉर्ज, 1 राजहरा टाउनशिप से महेंद्र कछ्वाहा और 1 बी.एस.पी. हॉस्पिटल से आनंद बोरकर हैं. इनमे से चार अधिकारियों का प्रमोशन के साथ ही भिलाई स्थानान्तरण किया गया है।

# मारुति कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत एक गम्भीर रूप से घायल, 2 को मामूली चोंट





**दल्लीराजहरा।** दल्ली राजहरा डौंडीलोहारा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम सहगांव मोड़ पर 29 मई दोपहर दो बजे राजनांदगांव से दल्ली राजहरा जा रही मारुति स्विफ्ट गाड़ी नम्बर CG 24 N 6337 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सूचना बोर्ड को उखाड़ते हुए खेत से लगे बांस के पेड़ से टकरा गई जिसमें सवार 4 चार लोगों में से एक पं.जगजीवन तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी की मौत हो गयी वहीं गाड़ी चला रहे त्रिलोक जैन पिता मोहनलाल जैन उम्र 58 साल गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिनको डौंडीलोहारा अस्पताल से प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया है। गाड़ी मे 2 बच्चे भी बैठे थे नैतिक जैन पिता दीपेश जैन 8 साल, अमन जैन पिता तिलोक जैन 26 वर्ष मामूली रूप से घायल हो गए है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि तेजगति से जा रही कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई । क्योंकि जहां पर यह घटना हुई है वहां पर मोड़ भी है और अक्सर मोड़ के कारण दुर्घटना होते रहती है। वहीं लगातार बड़े वाहनों की आवाजाही व तेजगति भी हादसे का बड़ा कारण बनता है। मौके पर डौंडीलोहारा थाना प्रभारी टी एस पट्टावी उपस्थित रहकर व्यवस्था बनाये रखा व घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया ।

# भाटापारा में महेश नवमीं मनाते हुए माहेश्वरी समाज ने किया प्रभातफेरी, रुद्राभिषेक एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम

**भाटापारा।** भाटापारा माहेश्वरी समाज के द्वारा महेश नवमी वंशोत्पत्ति दिवस मनाया गया। जिसके तहत भाटापारा माहेश्वरी समाज के लोगों के द्वारा सुबह सवेरे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें सत्यनारायण सत्संग भजन मंडल के साथ सैकड़ों माहेश्वरी समाज के लोगों के द्वारा माहेश्वरी भवन से भाटापारा के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जो वापस माहेश्वरी भवन में समाप्त हुआ, जिसके बाद मारवाड़ी कुआं शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं प्रसादी वितरण तथा शहर थाना परिसर के सामने शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया । माहेश्वरी भवन में शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कार वितरण एवं समाज की ओर से वास्तुविद शिवनारायण मूंधड़ा की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के समस्त लोग वास्तुशास्त्र के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उसका लाभ लिया ।



# महिला कॉलेज के सामने कृषि भूमि पर चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बिना डायवर्सन के खरीदी बिक्री करने का काला कारोबार स्थानीय प्रशासन के नाक के नीचे लगातार जारी है। अवैध प्लाटिंग कर जमीन को ऊंचे दामों में बिक्री करने वाले भू माफिआओं पर प्रशासनिक शिकंजा नहीं कसे जाने से भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस अवैध कारोबार की शिकायत कई दफा जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन से कई बार की जा चुकी हैं। बावजूद अब तक कोई ठोस व कड़ी कार्यवाही नही किये जाने के चलते भूमाफिया धड़ल्ले से अपना काला कारोबार कर रहे है। बता दे कि जिला मुख्यालय बालोद व झलमला तथा उसके आसपास गांवों में कालोनाइजर एक्ट की धज्जियां उड़ाते हुए भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर कृषि भूमि को बिना डायवर्सन कराए प्लाटिंग कर बेच दिया है। बेचने का सिलसिला अनवरत जारी है। ताजा मामला बालोद जिला मुख्यालय में पाररास के मुक्तिधाम के समीप महिला कॉलेज के सामने का है। जहां नहर के बगल में कृषि भूमि पर कई टुकड़ो में प्लाटिंग की गई हैं। जमीन में प्लाटिंग के लिए मुरुम भी डाल दिये गए हैं। कुछ दिनों में उक्त जमीन पर और भी भूखंड कर दिए जाएंगे। फिर शुरू होगा खरीदी बिक्री का खेल। वो भी नियम कायदों को ताक पर रखकर। वही बताया जा रहा है कि कुछ प्लॉट की बिक्री हो चुकी हैं। लेकिन अब खरीददार भी हलाकान और परेशान है, क्योंकि जिस पुलिया को रास्ता बताकर भूमाफिया द्वारा प्लाट की बिक्री की गई है, वह पुलिया तो अवैध रूप से बनाया गया था। जिसे पायनियर में लगातार खबर प्रकाशन के बाद खुद भूमाफिया द्वारा ही ध्वस्त कर दिया गया हैं। अब प्लाट तक जाने का रास्ता नही होने से खरीददार हलाकान और परेशान हैं।

### प्लाट का दिया जा रहा झांसा

जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 20 पाररास मुक्ति धाम के समीप अवैध प्लाटिंग की तैयारी जिसके द्वारा की गई हैं, उनका रेरा में पंजीयन तक नहीं हैं। खेती की जमीन का सौदा कर बगैर डायवर्सन प्लाट के टुकड़े कर खरीददारों को गुमराह में रख बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार में कथित रूप से राजस्व अमले की भूमिका संदिग्ध है।

### खेती की जमीन सिर्फ खेती के लिए ही-

नियमों पर गौर करें तो कोई भी खेती की जमीन को खरीद तो सकता है, लेकिन इसका उपयोग सिर्फ खेती के लिए ही किया जा सकेगा। कृषि की जमीन का उपयोग कॉलोनी विकास या अन्य कार्यों के लिए नहीं किया जा सकता।

### लोगों को गुमराह कर अवैध पुलिया को बताया रास्ता-

पाररास मुक्ति धाम के समीप कृषि भूमि पर जो प्लाटिंग की गई है, वहां तक आने जाने के लिए रास्ता ही नही है। भूमाफिया द्वारा रातोरात सिंचाई नहर में पानी को अवरुद्ध करने की नीयत से और खरीददारों को गुमराह करने अवैध रूप से पुलिया के निर्माण कर दिया। जिससे आसपास क्षेत्र के किसान परेशान होने लगे। जब इसकी जानकारी नई दुनिया लो लगी, तो पायनियर ने किसान और आसपास क्षेत्र के लोगों की आवाज़ बनकर समाचार का प्रकाशन लगातार किया। जिसका परिणाम यह रहा कि खुद भूमाफ़िया ने अवैध पुलिया को जेसीबी के जरिये तोड़ दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 1 साल बाद गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 1 साल के बाद गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस नें दुष्कर्म के आरोपी को कर्नाटक से किया गिरफ्तार नाबालिक को भगा ले जाने के बाद से कर रहा था दुष्कर्म उच्च अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम गठित कर आरोपी को एक साल बाद गिरफ्तार कर भेजा जेल आपको बतादे की नाबालिग के पिता ने बेमेतरा थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी दीपक देवांगन पिता राम कुमार देवांगन उम्र 29 साल निवासी मुटपुरी थाना चंदनु ने नाबालिक जानते हुए बहला.फुसलाकर कही भगाकर ले गया है!, की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू किए जिसके एक साल बाद बैंगलुरू के कर्नाटक से आरोपी के कब्जे से नाबालिक को बरामद कर दस्तयाब किया गया है। आरोपी सालो से दूसरे राज्य में होने के कारण पुलिस को चकमा दे रहा था जिसे सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल के तकनीकी साधनों के माध्यम से सफ्लतापूर्वक दबोच लिया गया है।


**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :-

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्रीमती भानूबाई, श्री धनंजय छत्रिय (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10093132) | 27-05-2023 रू. 15,39,906/- (रूपए पंद्रह लाख उन्तालीस हजार नौ सौ छह मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 260, भूमि क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट, सुपर बिल्टअप एरिया 600 वर्ग फीट, बिक्री योग्य एरिया 800 वर्ग फीट, स्पर्श लाइफ सिटी, स्थित सकारी, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।
अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल, प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : रायपुर तिथि : 31-05-2023 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


# हायर इंडिया ने किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स के साथ स्थापित किया बेंचमार्क

## 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफद ईयर' से किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




होम अप्लायन्सेज़ के ग्लोबल लीडर और लगातार 14 सालों से प्रमुख अप्लायन्सेज़ के लिए दुनिया के नंबर 1 ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया (हायर इंडिया) ने अपने 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स हायर किनौची के शानदार परफॉर्मेन्स एवं उपलब्धियों की घोषणा की है। 'बेस्ट इनोवेटिव ऑफद ईयर' के रूप में सम्मानित ये एयर कंडीशनर्स कमरे को 20 गुना तेज़ी से ठण्डा करते हैं, और 60 डिग्री तक के चरम तापमान में भी बेहतरीन कूलिंग देते हैं। इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सतीश एनएस, प्रेज़ीडेन्ट, हायर इंडिया ने कहा, ''हायर में हम आधुनिक अनुसंधान, नई तकनीकों और प्रभावी निर्माण क्षमताओं के साथ सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। पिछले दो दशकों में हमने भारतीय बाज़ार में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। हमें गर्व है कि हमारे किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स को 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफद ईयर' का खिताब मिला है। इस तरह की उपलब्धियां सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लाने की हायर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो देश के उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तत्पर है। हमें खुशी है कि हम भारत में सकारात्मक बदलाव लेकर आए हैं और विश्वास है कि अपने उपभोक्ताओं के सहयोग से आने वाले समय में भी उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लाते रहेंगे। मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर इंडिया' के दृष्टिकोण के साथ हायर आधुनिक, उर्जा प्रभावी, टिकाउ एवं सहज प्रोडक्ट्स के साथ भारत में अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार कर रहा है।

# 26 दिनों तक वेंटीलेटर में रहने के बाद आज डिस्चार्ज होगी 1 महीने की 'आकांक्षा'

## सिमगा के फैसरी का रहने वाला है ये मजदूर परिवार

**आयुष्कमान से हुआ पूरा इलाज**

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



मां के गर्भ में गंदा पानी पीने की वजह से एक मासूम को 30 में से 26 दिनों तक वेंटीलेटर पर रखा गया. इसके बाद 4 दिन बिना वेंटीलेटर के अब मासूम को 1 महीने बाद अस्पताल से डिस्चार्ज करने की तैयारी है. 1 माह की मासूम आकांक्षा पिछले 30 दिनों से महादेवघाट रोड़ स्थित ओम हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत से लड़ रही थी. अस्पताल में मासूम का पूरा इलाज आयुष्मान कार्ड से हुआ। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ कमलेश अग्रवाल ने बताया कि अन्य अस्पताल में डिलीवरी के बाद मासूम को ओम हॉस्पिटल लाया गया था. यहां उसे शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राम प्रकाश साहू ने पूरा ट्रीटमेंट किया और हर दो घंटे में वे लगातार मासूम की तबीयत का अपडेट घर से भी लेते रहते थे. उक्त मासूम के पिता रोहित धृतलहरे सिमगा के ग्राम फैसरी में रहते है और मजदूरी कर अपने घर का पालन-पोषण करते है।

### 1 महीने से घर नहीं गया, हॉस्पिटल पहुंचा तो लगा बेटी नहीं रही

आकांक्षा के पिता रोहित धृतलहरे कहते है कि डिलीवरी के बाद जब से वे अस्पताल पहुंचे है तब से 1 महीने हो गए वो अपने घर नहीं गए है. अस्पताल में ही उन्होंने पूरा एक महीना निकाल लिया. वे कहते है कि जब बेटी को ओम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तो उन्हें एक बार के लिए ये लगा था कि बेटी अब इस दुनिया में नहीं रही. लेकिन डॉक्टरों की मेहनत और उन्हीं के भरोसे की वजह से उनकी बेटी ने जिंदगी की जंग जीत ली है और वे अब बेटी को अपने घर ले जाने के लिए तैयार है. उन्होंने बताया कि अस्पताल के नर्सिंग स्टॉफने बेटी का नाम अनन्या रखा है, लेकिन उनकी प ी निर्मला और वो चाहते है कि बेटी का नाम वे आकांक्षा रखे।

# बैंक में धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** बैंक में धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22/08/2022 को इंडियन ओवरसीज बैंक बेमेतरा के बैंक प्रबंधक रज्जु पाटनवार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कराया है बैंक के तत्कालिक बैंक प्रबंधक आरोपी विनीत ने अपने सहयोगी आरोपी कमलेश सिन्हा, नागेश वर्मा, जोहान वर्मा और टीकाराम माथुर के साथ मिलकर अपराधिक षड्यंत्र कर बैंक से 14 करोड़ 56 लाख 9हजार 693 रुपए फिर का हेरा फेरी कर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी जोहन सिंह वर्मा पिता जगदीश वर्मा उम्र 38वर्ष साकिन केवाच्छी पुलिस चौकी खंडसरा थाना जिला बेमेतरा द्वारा इंडियन ओवरसिज बैंक शाखा बेमेतरा से वर्ष 2020में जाली तार बनाने के व्यवसाय हेतु मुद्रा लोन 09लाख 50हजार रूपए, लिया हैं जो लोन के रकम को व्यवसाय में न उपयोग कर अन्य कार्य में दुरूपयोग किया हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक / 711 / लो.क.वि./ न.पा.नि./ 2023 रायगढ़, दिनांक 29.05.2023

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी वर्ग" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में पी.डब्लू.डी. के सड़क एवं भवन एस. ओ.आर. (प्रभावशील दिनांक 01.01.2015) विद्युत एवं पी.एच.ई. एस.ओर.आर. (प्रभावशील दिनांक 01-06-2020) कार्य हेतु प्रचलित दर अनुसूची पर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 19.06.2023 को अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 19.06.2023 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

1. कार्य के लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 प्रत्येक कार्य के लिए लिए पृथक-पृथक देय है।
2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि अधिकतम एक माह एवं दरें वर्ष 2023-24 अथवा निविदा राशि का कार्य समाप्त होने तक ।
3. सभी कार्य एक साथ प्रारंभ किये जायेंगे। अतः उपलब्ध संसाधन के आधार पर उतने ग्रुप में भाग लिया जावें।
4. कार्य का लागत मूल्य राशि रूपये लाख में तथा अमानत राशि रूपये में है।

| क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत / अमानत राशि |
|---|---|---|
| 01. | नगर निगम क्षेत्र के बस स्टैण्ड परिसर एवं वहां स्थित आश्रय स्थल तथा अन्य सम्पत्तियों का मरम्मत कार्य । | 10.00 / 7500.00 |
| 02. | नगर निगम क्षेत्र के मुक्तिधाम का मरम्मत कार्य । | 15.00 / 1300,00 |
| 03. | नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय का मरम्मत कार्य । | 15.00 / 1300.00 |
| 04. | नगर निगम क्षेत्र के व्यवसायिक दुकानों का मरम्मत कार्य । | 16.00 / 2000.00 |

नोट :- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।
**" स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें "**

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

# डीसीए की टीम में बाहरी खिलाड़ियों को मौका दिए जाने पर विवादों से घिरा एसोसिएशन

## खेल में राजनीति: दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर के खिलाड़ियों को मैच खिलाया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छह सालों बाद आयोजित हो रही सूर्यमुखी देवी अखिल भारतीय क्रिकेट स्पर्धा पहले ही दिन जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) की मनमानियों के चलते विवादों में आ गई है। पहले दिन यहां डीसीए बनाम ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन के बीच मैच खेला गया। इस मुकाबले में डीसीए की टीम से आधे से ज्यादा दूसरे जिलों के खिलाड़ियों को मैदान में उतारा गया। यही वजह है कि, स्पर्धा के पहले दिन से ही आयोजन को लेकर नाराजगी और विवाद शुरु हो गया है। मेजबान डीसीए की ओर से मैदान पर उतरी 11 सदस्यीय टीम में छह खिलाड़ी दूसरे जिलों के शामिल थे। इस टीम को ओड़िसा से 103 रनों से हार भी मिली। राजनांदगांव की टीम में पहले दिन सोमवार को भिलाई, दुर्ग और बिलासपुर के खिलाड़ियों को टीम में मौका दिया गया। जबकि जिले के खिलाड़ी पवेलियन में बैठे रहे। ये फैसला स्थानीय खिलाड़ियों को काफी आहत कर गया है। जिन खिलाड़ियों को दूसरे जिले का बताया जा रहा है उनमें भिलाई से शाकिब अहमद, विजय यादव, वैभव साहू, दुर्ग शहर से संगीत सोनी, बिलासपुर से मोहम्मद इरफान शामिल है। इस तरह आधे से ज्यादा खिलाड़ी बाहरी शामिल किए गए थे। गौरतलब है कि इस आयोजन में स्थानियों खिलाड़ियों ने भी जमकर पसीना बहाया है। उद्घाटन वाले दिन तक स्थानीय खिलाड़ी पसीना बहाते रहे और मैदान को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्थानीय क्रिकेटरों के लिए ये बड़ा मौका था जब वे अपने होमग्राऊंड में बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते थे लेकिन डीसीए की राजनीति ने सब चौपट कर दिया।

### अव्यवस्था का आलम

सालों बाद दिग्विजय स्टेडियम की रौनक लौटने का इंतजार कर रहे दर्शकों को भी पहले दिन काफी निराशा हाथ लगी। यहां उनके बैठने के लिए लगी कुर्सियां धूल से सनी हुई थी। यही नहीं पेयजल और दूसरी जरुरी व्यवस्थाएं पास न होने के चलते भी लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश के लिए भी कोई साईन बोर्ड इस्तेमाल नहीं किए गए हैं जिससे भी सालों बाद मैदान में पहुंचे लोगों को परेशानी हुई।

### स्टेट ने नागपुर को 25 रनो से हराया

ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन के हाथो जिला क्रिकेट संघ राजनांदगांव की 103 रन की करारी हार और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की वीटीसीए नागपुर पर 25 रन से रोमांचक जीत के बदौलत दोनो टीमों ने लीग राउण्ड में अपने अपने मैच जीत कर टी-20 फ्लडलाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 2-2 अंक प्राप्त किए हैं। 18वीं रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी 20 फ्लडलाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन ने मेजबान जिला क्रिकेट संघ को 103 रनो से करारी शिकस्त देते हुए अपना विजय अभियान प्रारंभ किया। दूसरे खेले गए मैच में छत्तीगढ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने वीटीसीए नागपुर को 25 रन से हरा दिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खो कर 178 रन बनाए थे। नागपुर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खो कर 153 रन ही बना पाई।

# देशी शराब सहित मोटरसाइकिल जप्त

## युवक को भेजा गया ज्युडिशियल रिमाण्ड पर

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



मुखबीर की सूचना पर गंडई पुलिस ने नगर के वार्ड नंबर 10 कुम्हार पारा निवासी एक युवक को 30 नग देशी शराब और परिवहन मे प्रयुक्त वाहन के साथ गिरफ्तार कर युवक को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। गंडई पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीते मंगलवार को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति रानी बगीचा जाने वाले रास्ते पर शराब बिक्री करने अधिक मात्रा में नीले रंग के बैग में शराब रखकर मोटर सायकल से जा रहा है। सूचना पर मौके पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। मोटर सायकल में शराब रखकर जा रहे व्यक्ति को पूछताछ करने पर अपना नाम मंगल तिवारी पिता राकेश तिवारी उम्र 33 साल निवासी वार्ड नं. 10 कुम्हारपारा गंडई का रहने वाला बताया. युवक के बैग चेक करने पर 30 पौवा देशी प्लेन शराब सील बंद प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरी हुई जुमला 5.400 बल्क लीटर मिला. युवक के पास शराब रखने व शराब परिवहन करने के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज नही होने से उसके बैग में रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रू. एवं शराब परिवहन मे प्रयुक्त मो0सा0 बजाज 110 सीसी क्र. सीजी 08 एपी 5416 कीमती 15000 रू. जुमला कीमती 17400 रू. को जप्त किया गया. आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पाये जाने से अपराध क्र. 119/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को उसके मौलिक अधिकार से अवगत कराते हुए विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया. जप्त वाहन को राज सात कराने पृथक से कार्यवाही की जा रही है. अभियान जारी है. इस कार्यवाही में प्र.आर. सुन्दरूराम चन्द्रवंशी, आरक्षक भूपेन्द्र कौशिक, लकेश्वर पटेल और नरेश ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा है।

# उच्च न्यायालय ने खगेश ठाकुर की जनहित याचिका को किया निराकृत

## छग शासन ने हाईकोर्ट में पेसा कानून नियमावली किया प्रस्तुत

पायनियर संवाददाता ◄ अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



आदिवासियो के हितो के संरक्षण में छग में पेसा कानून लागू करने की मांग को लेकर सड़क से न्यायालय तक संघर्ष कर रही जिला पंचायत की पूर्व सदस्य खगेश ठाकुर को एक बड़ी जीत मिली है। उच्च न्यायालय ने खगेश ठाकुर के पेसा एक्ट लागू करने संबधी जनहित याचिका को निराकृत कर दिया है। छग शासन ने न्यायालय को छग में पेसा एक्ट कानून लागू करने शासन द्वारा बनाए गए सभी नियमावली की पुरी जानकारी सौंपी है। इसके बाद न्यायालय ने याचिकाकर्ता की जनहित याचिका को निराकृत कर दिया है। देश के अन्य राज्यो की तरह छग में पेसा कानून लागू करने की मांग को लेकर जिला पंचायत राजनांदगांव की पूर्व सदस्य श्रीमती खगेश ठाकुर पिछले डेढ दशक से सड़क से लेकर न्यायालय तक संघर्ष कर रही थी। श्रीमती ठाकुर ने दो वर्ष पूर्व जनवरी 2021 में उच्च न्यायालय में छग में पेसा कानून लागू करने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका लगाई थी। न्यायालय में मुख्य न्यायाधिपति की खंडपीठ में डब्लूपी पीआईएल 8/ 2021 की सुनवाई हो रही थी। मई 2023 को न्यायालय में मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा की खंडपीठ के समक्ष छग शासन द्वारा प्रदेश में पेसा एक्ट लागू करने संबधी शासन द्वारा बनाए गए सभी नियमावली एवं कानून राइटिंग में प्रस्तुत किया। इसके बाद न्यायालय ने जिला पंचायत की पूर्व सदस्य खगेश ठाकुर के द्वारा लगाई गई जनहित याचिका को निराकृत कर दिया है। इसके बाद छग में आदिवासियो के हितो के संरक्षण में प्रदेष में पूर्णरूपेण पेसा एक्ट लागू किए जाने का रास्ता साफ हो गया है।

# तेंदूपत्ता व्यवसायी की अमानत में खयानत, मुंशी 30 लाख लेकर फरार

## मजदूरों को भुगतान करने दी गई रकम हजम कर गया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




तेलंगाना के तेन्दूपत्ता व्यवसायी के मैनेजर के उन्हें 30 लाख की चपत लगा दी है। मजदूरों को भुगतान सहित अन्य खर्चो के लिए दी गई यह रकम लेकर मैनेजर फरार है। पुलिस को दी गई सूचना के मुताबिक आरोपी भी तेलंगाना का ही रहने वाला है। पुलिस ने अमानत में खयानत के तहत मामला पंजीबद्ध कर मैनेजर की तलाश शुरू कर दी है। सी.वेंकटराम रेड्डी तेन्दूपत्ता के कारोबार के सिलसिले में अस्थाई तौर पर स्थानीय शहर के तुलसी टावर में ठहरे हुए हैं। उनका तेन्दूपत्ता का व्यापार है। उन्होंने अपने कामकाज के लिए सल्ला विजय रेड्डी को बतौर मैनेजर नियुक्त किया हुआ था। इसके एवज में मैनेजर को कारोबारी द्वारा मैनेजर को प्रतिमाह 12 हजार रुपए वेतन व रहना-खाना और गाड़ी की सुविधाएं दी गई है। मैनेजर बैंक के कामकाज के अलावा तेन्दूपत्ता कारोबारी के अन्य कामों में मदद करता था। 23 मई को कारोबारी ने मैनेजर सल्ला विजय रेड्डी को 30 लाख रुपए दिए थे। अगले दिन उक्त राशि से मजदूरों को भुगतान और अन्य खर्च करना था।

अमानत के तौर पर दिए गए रकम को देने के बाद कारोबारी बीजापुर में चल रहे तेन्दूपत्ता संग्रहण की स्थिति का मुआयना करने चले गए। 26 मई को जब वह वापस आए तब मैनेजर नदारद मिला। आसपास पतासाजी करने पर मैनेजर की कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद कारोबारी को शक हुआ और फिर पुलिस से शिकायत की। मैनेजर मूलतः तेलंगाना राज्य के मंचरियल जिले का रहने वाला है। पुलिस धोखाधड़ी के आरोप में मैनेजर की तलाश कर रही है।

# विधायक द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान का चेक वितरण




पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के समस्त तहसीलों के पात्र हितग्राहियों के सहयोग हेतु स्वेच्छानुदान राशि की मंजूरी प्रदान की गई है।

इसी क्रम में डोंगरगांव तहसील के पात्र हितग्राहियों के लिए भी क्षेत्रीय विधायक की अनुशंसा से स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है। उक्त स्वीकृति उपरांत विधायक दलेश्वर साहू ने लगभग 20 से अधिक हितग्राहियों को चेक वितरण किया। जनपद सभागार में आयोजित चेक वितरण दरम्यान जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनुराम साहू, तहसील साहू संघ संरक्षक अमरनाथ साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष हेमंत साहू, धनराज साहू, पोहन साहू सहित विभिन्न ग्रामों व समाजों के पात्र हितग्राही सहित सरपंच प्रतिनिधिगण तथा जपंसीईओ नवीन मसियारे उपस्थित थे।

# यातायात जागरूकता शिविर में मिले संदिग्ध निकला चोर गिरफ्तार, बाईक चोर पकड़ाया, दो गाड़ियां बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की है।

केसीजी जिले के गोपालपुर निवासी सुखदेव पटेल ने छुईखदान थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान से उसकी मोटर साइकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले के आरोपी एवं चोरी गई मोटर साइकिल की पतातलाश किया जा रहा था। यातायात जागरूकता शिविर के दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्ति एवं चोरी गई मोटर साइकिल के संबंध में जानकारी मिला था। जिसके आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर संदेही सुनील वर्मा निवासी देवारीभाठ को हिरासत में लेकर चोरी की मोटर साइकिल के संबंध में मनोवैज्ञानिक ढंग से कड़ाई से पूछताछ करने पर संदेही सुनील ने छुईखदान अस्पताल परिसर से होंडा ड्रीम योगा एवं ग्राम ठंढार थाना गंडई से हीरो होंडा पैसन तथा जालबांधा से एक टीव्हीएस मोटर साइकिल को खुले स्थानों से चोरी करना बताया। जालबांधा के चोरी के मामले में पूर्व में जेल जाना स्वीकार किया है। तत्पश्चात आरोपी से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन के अनुसार थाना छुईखदान-गंडई क्षेत्र में चोरी किए गए दोनों मोटर सायकल कीमती लगभग 70 हजार रुपए के मशरूका को आरोपी सुनील से जब्त किया गया। आरोपी सुनील के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से उपरोक्त अपराध एवं धारा 41(14) जाफौ धारा 379 भादसं के तहत 29 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# 6 नई आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की तैयारी 12 पदों पर भर्तियों के विज्ञापन जारी

## खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू की अनुशंसा पर मिली सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की 6 ग्राम पंचायतों को नए आंगनबाड़ी की सौगात मिली है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक छन्नी चंदू साहू की अनुशंसा पर शासन ने नव आंगनबाड़ियों के लिए कार्यकर्ता व सहायिका का पद सृजित कर भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ कर दी है। इस सत्र से ही ग्राम पंचायत शिकारीटोला, गेरुघाट, किड़का ड़ीटोला, पंडरापानी, जैतगुंडरा, गोपालपुर में नया आंगनबाड़ी केंद्र शुरु हो जाएगा। नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की जानकारी पाकर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि - क्षेत्र में अपने दौरे के बीच विधायक छन्नी साहू जी ने हमारी बातों को विस्तार से सुना। वे यहां गांवों में रात रुकीं और मूलभूत आवश्यकताओं सहित जरुरी विषयों पर चर्चा उन्होंने की थी। उनके इसी दौरे के बीच हमने नए आंगनबाड़ी केंद्रों की मांग रखी थी। विधायक ने इस पर तत्काल संज्ञान लेकर अनुशंसा किए जाने के साथ ही उच्चस्तरीय प्रयास का आश्वासन दिया था। आज नये केंद्रों की स्थापना की तैयारियां शुरु हो गई हैं। निश्चित ही यह हमारी विधायक के अथक प्रयासों और उनके लगन का परिणाम है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, महिला एवं बालविकास मंत्री अनिला भेड़िया का आभार व्यक्त किया है। 6 नए आंगनबाड़ी केंद्र शुरु किए जाने को लेकर प्रशासन ने 6 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 6 सहायिका के पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। इसके तहत ग्राम पंचायत शिकारीटोला के शिकारीटोला, ग्राम पंचायत गेरुघाट के मंगियाटोला व किड़काड़ीटोला, पंडरीपानी के पंडरापानी टोला, जैतगुंडरा के मोरकुटुंब, व गोपालपुर के बजरंगपुर भांटापारा में नया आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होगा। इन केंद्रों के संचालन से गर्भवतियों, माताओं और नवजातों को पोषण मिल सकेगा। इसके साथ ही छोटे बच्चों को लेकर सरकार की संवेदनशील योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिलेगा।

विधायक छन्नी चंदू साहू ने नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ङ्क ग्रामीणों ने विषय सामने रखा था। हमने तत्काल उस पर कार्यवाही शुरु की। हमारी सरकार की मंशा आखिरी गांव और आखिरी व्यक्ति को विकास से जोड़ने की है। उन्होंने हमारी आवश्यकताओं पर गौर किया और यह कार्य सफल हो सका। ग्रामीणों की मांग अब पूरी हो रही है और निश्चित ही इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। ब्लाक कांग्रेस छुरिया अध्यक्ष रितेश जैन, जिला पंचायत सदस्य रामछत्री चंद्रवंशी, जिला कांग्रेश महामंत्री विपिन यादव, विधायक प्रतिनिधी डॉक्टर प्रकाश शर्मा, चंद्रिका वर्मा, ब्लाक कांग्रेश उपाध्यक्ष जयपाल यादव, राहुल तिवारी, विधायक प्रतिनिधी एकनाथ सिन्हा, सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद साहू, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, अमित अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, सुरेश शोरी, गजेंद शोरी, बलवंत शोरी, डूमेश्वर साहू, दीनू साहू, कीर्तन मंडावी, बाली मंडावी, सावंत मंडावी, सरपंच पंडरापानी कल्पना मंडावी, युनूस कुमार, संतु मंडावी, नरसिंग मंडावी, राजकुमार साहू, कीर्तन साहू, नोहर दास, राम दास मानिकपुरी, सरपंच गेरुघाट विशाखा कोमरे, सेवकराम साहरे, लक्ष्मी लाल, बीरबल, चेतन कुंजाम, कबीर मंडावी, रामलाल नेताम, भुवन मंडावी बेदराम सहित नागरिकगणों ने मुख्यमंत्री, महिला एवं बालविकास मंत्री सहित विधायक छन्नी साहू का आभार व्यक्त किया है।

## लोगों के समस्याओं का समाधन अविलम्ब करें : गोपाल वर्मा

# कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की सुनी समस्याएं, निराकरण हेतु दिए निर्देश

- जनदर्शन में कुल 11 आवेदन हुए प्राप्त, त्वरित निराकरण हेतु दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु जनदर्शन आयोजित की। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने मामले को टीएल में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों से मिलकर उनकी मांग और समस्याएं सुनी। इस दौरान सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ÷जनदर्शन में आने वाले लोगों के समस्याओं का समाधन अविलम्ब करें।÷कलेक्टर गोपाल वर्मा के सौम्य व सहज व्यवहार के कारण जिले के ग्रामीणजन और आमनागरिक जनदर्शन में कलेक्टर से सीधे मिलकर अपनी समस्याओं को बेझिझक रख रहे हैं। कलेक्टर भी जनदर्शन में पहुंचने वाले सभी ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं सहित सभी आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकरवअधिकारियों को नियमानुसार यथासंभव त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। बहुत से आवेदन पुनरावृत्त हो रहें है। इस पर कहा कि अधिकारी सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर करें।

जनदर्शन में इस सप्ताह मंगलवार को कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। इनमे से सर्वाधिक 3 आवेदन जनपद पंचायत खैरागढ़ से सम्बंधित मिलें है।

इसके अतिरिक्त दो आवेदन जल संसाधन विभाग, दो आवेदन राजस्व विभाग, दो आवेदन नगर पालिका परिषद खैरागढ़ से सम्बंधित प्राप्त हुए है। इसके साथ ही जनपद पंचायत छुईखदान और पुलिस विभाग से सम्बंधित एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा नागरिकों की समस्यायों को जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है।

# हीट वेव से रखे सावधानी अधिक मात्रा में पानी पियें

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फॉरेन्हाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गो एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फॉरेन्हाइट से अधिक हो जाता है। तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणाम स्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

**ये है लक्षण**-सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना ।

**लू से बचाव के उपाय**-बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी, छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, जिससे कि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये।

चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाए एवं उल्टी, सर दर्द, बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लिया जाए।

# संसदीय सचिव मिंज ने किया 9 करोड़ 18 लाख के उद्यानिकी महाविद्यालय निर्माण का भूमि पूजन

## उन्नत कृषि का सपना साकार करेगा उद्यानिकी महाविद्यालय

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव और कुनकुरी के विधायक यू. डी. मिंज के विशेष प्रयास से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुनकुरी में कृषि महाविद्यालय के बाद, उद्यानिकी महाविद्यालय की स्वीकृति देते हुए, 9 करोड़ 18 लाख रूपये का बजट जारी कर दिया है. संसदीय सचिव और कुनकुरी के विधायक यु डी मिंज ने जिले के कुनकुरी ब्लाक के रानी कॉम्बो गाँव में इस महाविद्यालय के भवन निर्माण की आधारशील रखी. शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए संसदीय सचिव मिंज ने कहा कि जशपुर को प्राकृतिक और कृषि पर्यटन जिला के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है. उन्होंने कहा कि कृषि महाविद्यालय के बाद, जब उन्होंने उद्यानिकी कालेज की मांग उनके सामने रखी तो मुख्यमंत्री ने इसे तत्काल स्वीकृति देते हुए, विधान सभा में सर्वसम्मति से पारित करा कर, बजट भी जारी कर दिया.





इतने कम समय में जिस तेजी से उद्यानिकी महाविद्यालय को स्वीकृति मिली है, यह अपने आप में बड़ी बात है. मिंज ने कहा कि कृषि और उद्यानिकी महाविद्यालय के शुरू हो जाने से जिले के युवा, कृषि के वैज्ञानिक पहलु से जुड़ सकेंगे. जशपुर के अद्भुत जलवायु और उपजाऊ मिटटी का सही उपयोग कर, जिले को एग्रो टूरिज्म जिले के रूप में विकसित करने में योगदान देंगे. उन्होंने कहा कि जैव विविधता के लिहाज से जशपुर जैसा कोई दुसरा जिला पुरे मध्यभारत में दुसरा नहीं है. यहां का न्यूनतम तापमान माइनस 2 डिग्री से अधिकतम 44 डिग्री तक रहता है द्य जिले में सन्ना से लेकर फरसाबहार तहसील तक विविध जलवायु देखने को मिलती है. जिले में ठंडे इलाके में होने वाले स्ट्राबेरी, टाउ से लेकर काजू, कटहल, अंजीर जैसे फ्लो का उत्पादन भी होता है. कृषि और उद्यानिकी महाविद्यालय से जब, जिले के युवा, आधुनिक वैज्ञानिक पध्दतियो का अध्ययन कर, जिले की कमान सम्हालेंगे तो वे और बेहतर तरिके से जिले कि कृषि और उद्यानिकी फसलों को विकसित कर सकेंगे. पूर्व संसदीय सचिव के नाम पर होगा महाविद्यालय- भूमिपूजा कार्यक्रम में संसदीय सचिव यु डी मिंज ने घोषणा किया कि उद्यानिकी महाविद्यालय का नामकरण पूर्व संसदीय सचिव लक्ष्मण राम के नाम पर किया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल लक्ष्मण पंजा को, विकसित करने की भी घोषणा की है. इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज सागर यादव, राहुल बंग, बसंत यादव, राजेश एक्का, कपूर यादव, हेमंत यादव, आनंद टोप्पो, विनोद लाकड़ा, मिल्को यादव, रोशन निराला सरपंच रानी कोंबो, सरपंच विनय तिर्की, जयंत लाकड़ा जिला महासचिव युवा कांग्रेस, टुकू महाराज, सचिन बंग विधानसभा अध्यक्ष एनएसयूआई, दानिश अहमद खान, उमाशंकर खत्री, संजय यादव, राकेश कुजुर, जगन्नाथ विश्वकर्मा, मनोज बखला, सहदेव चौहान, छक्कन राम भगत, गोविंद राम भगत, विश्वकर्मा सर, जॉनसन सरपंच बरदान, नील कुसुम मिंज, सरिता भगत, विनीता प्रधान, निर्मला एक्का, सुभद्रा चौहान, बल्कि भाई, रोबट एक्का ब्लॉक उपाध्यक्ष, अयूब खान उपस्थित रहे।

# गाय हमारी माता है, गौमाता की सेवा ईश्वर की सेवा है: डॉ. महंत रामसुंदर

- राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने सोनपुरी में आकाशीय बिजली से मृत हुए गौवंशियों के पालकों से किया भेंट

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

गाय हमारी माता है, गौमाता की सेवा ईश्वर की सेवा है, गौमाता की सेवा के लिए भगवान को स्वयं धरती पर अवतार लेकर आना पड़ता है। भारतीय संस्कृति की पहचान ही गौमाता की सेवा है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास ने कोरबा विकासखण्ड के ग्राम सोनपुरी में आकाशीय बिजली से मृत हुए गौवंशियों के पालकों से भेंट-मुलाकात के दौरान गौठान में कही। उन्होंने सभी पीड़ित पशुपालकों को शासन की ओर से मुआवजा राशि प्रदान की। आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर इस आकस्मिक घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने दु:खद घटना के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही पीड़ित पशुपालकों को सांत्वना प्रदान किया। उन्होंने ग्रामीणों से ऐसी प्राकृतिक घटनाओं के प्रति सचेत रहने की बात कही। डॉ. महंत रामसुंदर दास ने कहा कि प्रदेश सरकर के संवेदनशील मुखिया भूपेश बघेल ने उक्त घटना के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए अधिकारियों को शीघ्रता से पीड़ितों को राहत पहुँचाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ शासन गौमाता की सेवा के लिए गोधन न्याय योजना जैसे विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। गौठानो में गोबर एवं गौमूत्र की खरीदी कर पशुपालकों एवं किसानों को आय प्रदान कर रही है साथ ही समूह की





महिलाएं गोबर से जैविक खाद, कीटनाशक का निर्माण, गोबर पेंट निर्माण जैसे अन्य गतिविधियां कर आत्मनिर्भर बन रही है। इस दौरान उन्होंने गौठान से जुड़ी समूह की महिलाओं से उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने एवं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं ने बताया कि शासन की योजनाओं से घर के नजदीक ही उन्हें रोजगार मिल रहा है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। गौरतलब है कि हुए विगत 26 मई को ग्राम सोनपुरी में बारिश और गरज-चमक के बीच हुए आकाशीय गाज गिरने से 23 गौवंशियों की मौत हो गई थी। जिससे प्रभावित 19 पशुपालकों को आज शासन की ओर से राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास द्वारा मुआवजा राशि वितरित की गई।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर रैली निकालकर दुष्प्रभाव और घातक बीमारियों के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। घातक बीमारी को रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली सीएमएचओ ऑफिस से होते हुए महाराजा चौक से झंडा चौक बस स्टैंड से पुरानी टोली होते हुए जिला अस्पताल पहुंची। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रंजीत टोप्पो निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, एन.टी.सी.पी. डॉ धीरेंद्र कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 29 मई से 4 जून 2023 तक तम्बाकू के दुष्प्रभावों व तम्बाकू उत्पादों यथा (खैनी, बीड़ी, गुटखा, सिगरेट, इत्यादी) के सेवन से होने वाली घातक बिमारियों के प्रति जन



सामान्य में जन जागरूकता लाने व इसके उपयोग के प्रति लोगो को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह सह जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 मई को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रांगण से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा शासकीय जी.एन.एम. प्रषिक्षण केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के द्वारा जन सामान्य में तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले घातक बिमारियों के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जनसामान्य व तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को तम्बाकू नियंत्रण कानून (कोटपा एक्ट-2003) में विहित धाराओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कोटपा एक्ट-2003 जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जशपुर जिलें के समस्त विकासखंडों मे भ्रमण हेतु रवाना किया गया। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार अग्रवाल के द्वारा बताया गया की कोटपा एक्ट-2003 जागरूकता रथ के जिलें में भ्रमण का उद्देष्य जन सामान्य में अमानक तम्बाकू उत्पादों पर नियंत्रण व तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले कैंसर जैसे घातक बिमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है।

# चांपा नगर की यातायात व्यवस्था के लिए एसपी से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

पायनियर संवाददाता ◂ चांपा
www.dailypioneer.com

नगर के कांग्रेसी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दोपहर एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात की कांग्रेस नेताओं ने एसपी से शहर की यातायात व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाने का अनुरोध किया जिस पर उन्होंने शीघ्र समुचित कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया एसपी से मिलने गए कांग्रेसी नेताओं ने उनसे अनुरोध किया कि लायंस चौक के पास नगर के दो बड़े निजी विद्यालय संचालित है जिनके लगने एवं छूटने के समय में अंतराल नहीं होने के कारण आए दिन बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय मार्ग में यातायात बाधित होते रहता है इसके अलावा शासकीय हाई स्कूल भोजपुर, शासकीय महाविद्यालय तथा संजय नगर स्थित



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आसपास भी आए दिन यातायात व्यवस्था बाधित होती रहती है इस पर पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय संचालको की बैठक लेकर यातायात व्यवस्था में सुधार किए जाने का आश्वासन दिया इसके अतिरिक्त कांग्रेसी नेताओं ने शासकीय महाविद्यालय में प्रकाश इंडस्ट्रीज के सीएसआर मद से किए जा रहे हैं मैदान समतलीकरण कार्य में आवश्यक सहयोग मांगा जिस पर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिया एसपी ने यह भी जानकारी दी कि नगर के प्रमुख चौक चौराहों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी लगाया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए स्थान चयन करने के लिए स्वयं निकलेंगे एसपी से मिलने के प्रतिनिधि मंडल में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कांग्रेस के जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष किशन सोनी जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री अमरजीत सिंह सलूजा बंटी छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला शामिल थे।

# पाकर गांव में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पाकरगांव में विगत दिवस ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एस. लाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेम्स मिंज, ग्राम पंचायत सरपंच, जनप्रतिनिधि, बीसी एमटी, मितानिन एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। बैठक में गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में ही पंजीयन, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान, चार बार ए.एन.सी जांच, सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, फोलिक एसिड एवं कैल्शियम टेबलेट का नियमित सेवन, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ एवं टीवी खोज अभियान, शत प्रतिशत हाइड्रोसील, मोतियाबिंद स्क्रीनिंग, ऑपरेशन, एनीमिया, सिकलसेल



नियंत्रण कार्यक्रम, डायरिया डिसेंट्री का नियंत्रण, सर्पदंश, खसरा, पीलिया के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय बैगा गुनिया के माध्यम से झाड़-फूंक ना कराने व तत्काल अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय इलाज हेतु निर्देशित किया गया। मलेरिया के रोकथाम हेतु बरसात में पानी का जमा ना होने देना एवं मच्छरदानी का नियमित उपयोग हेतु सलाह दिया गया। छत्तीसगढ़ भगिनी प्रसूति सहायता योजना के संबंध में आम जनों को जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना के तहत् पात्र हितग्राही को 20 हजार की राशि श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है।

# खनिज विभाग ने 20 ट्रैक्टर भंडारित अवैध रेत पर की कार्यवाही



- खनिज विभाग की लगातार अवैध रेत परिवहन और भंडारण पर की जा रही कार्यवाही
- खनिज विभाग द्वारा मई माह में अवैध रेत परिवहन के 28 और 2 अवैध रूप से भंडारित रेत के मामले में की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में अवैध रेत तस्करों पर अब माइनिंग विभाग पूर्ण रूप से शिकंजा कसने की तैयारी में है जहां कुछ दिन पहले बरहमपुर में अवैध रेत तस्करी को लेकर 90 ट्रैक्टर रेत की जब्ती बनाई गई थी। तो वहीं बताया जा रहा हैं की अब बुधवारी मुड़ापार रोड स्थित सामुदायिक भवन के अहाते में अवैध रूप से भंडारण की गई 20 ट्रैक्टर रेत के मामले में खनिज विभाग ने कार्यवाही की है। जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि जिले में दो बड़ी रेत खदाने स्वीकृत है। जो कि वैधानिक तौर से संचालित हैं जिसमे पहली बांगो और दूसरी कुटेशर नगोई। वही 11 रेत खदानों के आशय पत्र जारी किए गए हैं और 7 रेत खदानों के घोषणापत्र जारी किए गए, बताया जा रहा हैं की खनिज विभाग ने मई माह में अवैध रेत परिवहन के 28 मामलों पर और 2 अवैध रूप से भंडारित किए गए रेत के मामले पर कार्यवाही की है।

# राज्य स्तरीय रामायण मानस गायन प्रतियोगिता में देवकुमार मानस मंडली को मिला तीसरा स्थान, जिले का बढ़ाया मान

- प्रतियोगिता में 2 लाख रूपए का पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय रामायण मानस गायन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ में जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत कुदरी की देव मानस मंडली ने प्रतिनिधित्व करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में जिला पिछले तीन सालों से लगातार स्थान प्राप्त कर रहा है। रामायण प्रतियोगिता के प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान, दूसरे वर्ष तीसरा स्थान एवं इस बार तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता




पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर संचालनालय में संस्कृति एवं राजभाषा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिले का प्रतिनिधित्व देवकुमार मानस मंडली ग्राम कुदरी ने किया। मानस गायन प्रतियोगिता अरण्य कांड पर आधारित थी, जिसमें मंडली ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। देव मानस मंडली कुदरी में प्रमुख गायक देवकुमार सोनझरी ने बताया कि रायपुर में 27 से 29 मई तक राज्य स्तरीय रामायण मानस गायन प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी। इसमें उनकी मंडली को बहुत सराहा गया और तीसरे स्थान के लिए चयनित होने पर 2 लाख की राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानस मंडली में हारमोनियम पर देवकुमार, तबला पर रामेश्वर प्रसाद, खनझनी कोरस रमेश, टीकाकार में अर्जुन, खनझनी कोरम में नारायण प्रसाद, मंजीरा पर शिवशंकर, तृत्य पर बरातुराम, बांसुरी, बैंजो पर दशरथ मौजूद रहे। इनके अलावा जनपद पंचायत नोडल अधिकारी तानसेन साहू, द्वारिका प्रसाद यादव ग्राम पंचायत कुदरी सरपंच प्रतिनिधि आरके यादव उपस्थित रहे।

# गौठानों में गोबर खरीदी,जैविक खाद, सब्जी उत्पादन कर स्वावलंबी हो रही स्वसहायता समूह की महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना अंतर्गत कटघोरा विकासखंड के बुंदेली गौठान में गायत्री स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित कर आमदनी अर्जित कर रहीं हैं और अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहे हैं। इस गौठान में ग्राम के तीन स्व सहायता समूह के सदस्य जुड़कर गौठान में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद निर्माण, केंचुआ उत्पादन, सब्जी उत्पादन जैसी अन्य गतिविधियां संचालित कर स्वावलंबी बन रहीं हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर बुंदेली गौठान में नियमित गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण से जुड़ी गायत्री स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती उमा देवी ने बताया कि समूह के सभी





सदस्य प्रशिक्षण लेकर गौठान में वर्मी खाद बनाने का कार्य कर रहे हैं। गौठान में समूह की महिलाओं द्वारा अब तक 3 लाख 84 हजार 345.50 किलो गोबर की खरीदी की है। जिससे 1 लाख 22 हजार 738 किलो जैविक खाद का निर्माण हुआ है। अब तक 1 लाख 4 हजार 748 किलो वर्मी खाद का विक्रय किसानों को किया गया है। जिससे समूह की महिलाओं को 3 लाख 42 हजार 525 रूपए का लाभ हुआ है। गौठान में गायत्री स्व सहायता समूह के सदस्य आजीविका गतिविधि कार्य से बेहद खुश हैं और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं घरेलू कार्य के साथ-साथ आजीविका के लिए रोजी-मजदूरी का कार्य करतीं थीं। इस हेतु उन्हें नहीं चाहते हुए भी गांव से बाहर जाना पड़ता था। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत गांव में गौठान का निर्माण हो जाने से उन्हें गांव में ही आजीविका का स्रोत मिल गया है। महिलाएं अब गौठान में अपनी रूचि अनुसार कार्य करके आय अर्जित कर रहीं हैं। इसी प्रकार से बुंदेली गौठान में दुर्गा एवं जय अम्बे स्व सहायता समूह की महिलाएं भी आजीविका गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रहे हैं। यह समूह सब्जी उत्पादन का कार्य गौठान में कर रहे हैं। उनके द्वारा आलू, प्याज, लाल भाजी, टमाटर, अदरक, बरबट्टी, भिण्डी जैसे अन्य मौसमी सब्जियों का उत्पादन किया गया हैं। समूह द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन के अनुसार विभिन्न सब्जी उत्पादन कर 60 हजार से अधिक की आमदनी अर्जित की गई है।

## शाला, भवनों के मरम्मत के कार्य नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व पूर्ण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों तथा पेंशन प्रकरणों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अमामी निर्वाचन के मद्देनजर मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजनों के लिए रैम्प की व्यवस्था करना, पेयजल, फर्नीचर, विद्युत, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों हेतु नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची मे नाम जोड़ने, नाम काटने, सुधार करने एवं नाम स्थानांतरण करने हेतु दावा-आपत्ति प्राप्त करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ को जिले में जितने भी आवेदनों का सत्यापन हो चुका है उन्हें नियमानुसार जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करते हुए पात्रतानुसार निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने एवं युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की। आवासों के कार्यों की प्रगति, स्वीकृत आवास का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी तथा आधार सीडिंग की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री वन संपदा योजना के तहत जिले में वाणिज्यिक पौधरोपण के लिए भूमि चिन्हांकन और पंजीकरण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और लघु-मरम्मत कार्यों के तहत स्कूलों की छत, टाइल्स खिड़की दरवाजा, शौचालय आदि मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के स्कूलों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों को नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंर्तगत गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए विशेष कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के वजन पर ध्यान देते हुए कार्य करें तथा उनके स्वास्थ्य की मानिटरिंग करें। आवश्यक होने पर उन्हें पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तर पर भतियों की स्थिति, समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, सी-मार्ट, गर्मी को देखते हुए पेयजल के संकट व समाधान हेतु कार्य योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, कौशल विकास, जर्जर सड़कों की मरम्मत, धनवंतरी मेडिकल स्टोर की जानकारी, महतारी दुलार योजना, पेंशन, एरियर्स भुगतान, वन अधिकार पट्टा वितरण, समय सीमा के बाहर राजस्व प्रकरणों के निराकरण, अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, केसीसी स्वास्थ्य सुविधा, खाद, केवाईसी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य, मनरेगा, निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने की गोधन न्याय योजना की समीक्षा-कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजना के तहत जिले के गौठानों में आवश्यक चारा और पानी के साथ-साथ बिजली की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# रतबा ग्राम में 84 लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के छूटे लोगों को प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

कलेक्टर ने जिले में शत् प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में नगर पंचायत बगीचा के उप स्वास्थ्य केन्द्र गुरम्हाकोना अंतर्गत् रतबा ग्राम के कुल 84 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। साथ ही ईलाज के दौरान आयुष्मान कार्ड से लाभ लेने के लिए सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निरंतर शिविर, स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। ताकि लोगों को शासन की योजना का लाभ मिल सके।

# 31 मई, विश्व तंबाकू निषेध दिवस

## के अवसर पर आइए एक तंबाकू मुक्त भारत की परिकल्पना करें

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
ACCREDITED

# संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल






रोबोटिक कैंसर सर्जरी

छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, रेलवे, SAIL, BSP, ESIC, BSKY (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, ओडिशा), आयुष्मान भारत योजना, एवं सभी इंश्योरेन्स संस्थाओं से मान्यता प्राप्त।

## कैंसर के इलाज के लिए संजीवनी क्यों?

- रोबोटिक कैंसर सर्जरी, पेट स्कैन, रैपिड आर्क रेडियोथेरपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, आयोडिन थेरेपी, आदि एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने वाला राज्य का एकमात्र अस्पताल।
- 14 विशेषज्ञ, 40 डॉक्टरों की कुशल टीम, 17 वर्षों का गहन अनुभव।
- हॉस्पिटल में ही ब्लड बैंक की सुविधा।
- मरीजों की सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण देखभाल हेतु डॉक्टर्स, नर्स एवं अन्य स्टॉफ की राष्ट्रीय मानकों के अनुसार ट्रेनिंग, इस हेतु NABH द्वारा मान्यता प्राप्त।
- कैंसर की चिकित्सा में एलोपैथी के साथ योग, प्राणायाम, नेचुरोपैथी, एवं आयुर्वेद का समावेश, होलिस्टिक हेल्थकेयर क्लिनिक की सुविधा, विशेषज्ञ उपलब्ध।

तंबाकू छोड़ें अपने सेहत से रिश्ता जोड़ें



डॉ. यूसुफ़ मेमन
MBBS, MS, FSOG, FIAGES, FMAS
डायरेक्टर एवं सीनियर कैंसर सर्जन

डॉ. अर्पण चतुर्मोहता
MS, MCh, FIAGES
सीनियर कैंसर सर्जन

डॉ. विकास गोयल
MD, DM (HAEMATOLOGY)
रक्त रोग एवं बक्ड कैंसर विशेषज्ञ


डॉ. अनिकेत ठोके
MD, DNB, ESMO
कीमोथेरेपी विषेशज्ञ

डॉ. दिवाकर पांडे
MS, MCh, DNB, FACS
सीनियर कैंसर सर्जन

डॉ. राकेश मिश्रा
MBBS, MD, DM
मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट

डॉ. रमेश कोठारी
MBBS, MD, DMRT
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट

डॉ. सतीष देवांगन
MBBS, MD
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट



डॉ. हितेन मिस्त्री
MBBS, MD (ANAESTHESIA)
एनस्थेसियोलॉजिस्ट

डॉ. अभिराम जी ए
MBBS, MD (NUCLEAR MEDICINE)
कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन

डॉ. हिमांशु बंसल
MBBS, MD (NUCLEAR MEDICINE)
कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन

डॉ. राहुल गोयल
MBBS, MD(ANAESTHESIA) FNB
क्रिटिकल केयर स्पेशियलिस्ट (ICU)

डॉ. फिरोज मेमन
MD (MEDICINE)
डायबेटोलॉजिस्ट एवं नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट

डॉ. अनिल के. गुप्ता
MS, PhD, FFM
होलिस्टिक हेल्थकेयर कंसलटेंट (योगा, प्राणायाम, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी)

डॉ. नलनेश शर्मा
BPT, MS (CLINICAL REHABILITATION)
फिजियोथैरेपिस्ट

डॉ. तान्या चाबा
MBBS, MD (PATHOLOGY)
(टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई)

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) 0771-4081010, 4061010, 7389904010, 7389905010 www.scch.co.in

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403